


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-107

### आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने किया कांग्रेस की करतूतों का खुलासा

## आरबीआई को चीयर-लीडर बना कर रखना चाहती थी कांग्रेस

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने अपनी किताब जस्ट ए मर्सिनरी?: नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर में बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने अपनी पुस्तक के माध्यम से कहा है कि प्रणब मुखर्जी और पी चिदंबरम क्रमशः जब वित्त मंत्री रहे, उस समय वित्त मंत्रालय आरबीआई पर ब्याज दरें नरम करने और आर्थिक वृद्धि की खुशनुमा तस्वीर पेश करने के लिए दबाव डालता था।



**आर्थिक वृद्धि की झूठी तस्वीर दिखाने के लिए कांग्रेस के वित्त मंत्री देते थे दबाव**

उल्लेखनीय है कि सितंबर 2008 में लेहमैन ब्रदर्स संकट शुरू होने के पहले आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने से पहले सुब्बाराव वित्त सचिव थे। लेहमैन ब्रदर्स के दिवालिया हो जाने से दुनियाभर में गहरा वित्तीय संकट पैदा हो गया था। सुब्बाराव ने अपनी किताब के -सरकार का जय-जयकार करने वाला रिजर्व बैंक- शीर्षक वाले अध्याय में कहा है कि सरकार का दबाव नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के रुख तक ही सीमित नहीं था। उस समय सरकार ने आरबीआई पर वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन से इतर वृद्धि और मुद्रास्फीति के बारे में फर्जी बेहतर अनुमान पेश करने के लिए दबाव डाला था।

सुब्बाराव ने लिखा है, मुझे प्रणब मुखर्जी के वित्त मंत्री रहते समय का ऐसा वाकया याद है। वित्त सचिव अरविंद मायाराम और मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु ने हमारे अनुमानों को अपनी धारणाओं और अनुमानों से चुनौती दी थी। सुब्बाराव को यह बात नागवार गुजरी थी कि चर्चा वस्तुनिष्ठ तर्कों से हटकर व्यक्तिपरक धारण-ाओं की ओर बढ़ गई। इसके अलावा रिजर्व बैंक को सरकार के साथ जिम्मेदारी साझा करने के लिए उच्च वृद्धि दर और कम मुद्रास्फीति दर का झूठा अनुमान पेश करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने उस प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा, मायाराम ने एक बैठक में यहां तक कह दिया था कि जहां दुनिया में हर जगह केंद्रीय बैंक सरकारों का सहयोग कर रहे हैं, वहीं भारत में रिजर्व बैंक बहुत अड़ियल रुख अपना रहा है। ▶9 पर

**⇦ कांग्रेस की जघन्य करतूतें ⇨**

**शुभ-लाभ सरोकार**

### पालघर साधु हत्याकांड में कांग्रेस की संदिग्ध भूमिका उजागर

## राहुल गांधी ने हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं होने दी

महाराष्ट्र के पालघर में कुछ अर्सा पहले दो साधुओं और उनके ड्राइवर की बर्बर तरीके से पीट-पीट कर हत्या कर दिए जाने के मामले में कांग्रेस की संदिग्ध भूमिका का आधिकारिक खुलासा हुआ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई से जांच नहीं होने दी थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दबाव के आगे तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने घुटने टेक दिए और घटना की सीबीआई जांच का आदेश जारी नहीं किया। यह चौंकाने वाला खुलासा शिवसेना सचिव और प्रवक्ता किरण पावस्कर ने किया है। शिवसेना ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दबाव के आगे झुकने का आरोप



**पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को दबाव में लेकर राहुल ने जांच रुकवाई**

लगाया है, जिसके परिणामस्वरूप पालघर साधु लिंचिंग मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने में देरी हुई थी। शिवसेना सचिव और प्रवक्ता किरण पावस्कर ने कहा कि उद्धव ठाकरे द्वारा राहुल गांधी के निर्देश का अनुपालन करने से इस भयावह घटना की समय पर जांच नहीं हो सकी।पावस्कर ने साफ-साफ कहा, ऐसे ठोस सबूत मिले हैं जो बताते हैं कि राहुल गांधी के दबाव में उद्धव ठाकरे ने साधु हत्याकांड की जांच सीबीआई को स्थानांतरित नहीं की। पावस्कर ने हत्याकांड की घटना पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जब साधुओं की हत्या हुई तब ठाकरे सरकार की प्राथमिकताएं कुछ और हो गई थीं। उनके तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख धन इकट्ठा करने में व्यस्त थे। पावस्कर ने कहा कि सरकार की निष्क्रियता यह संदेह पुख्ता करती है कि साधुओं की हत्या में उद्धव सरकार की पार्टनर कांग्रेस की संलिप्तता थी। यह सरकार के उस निर्णय से जाहिर हुआ जब सीबीआई जांच की मांग के बावजूद कांग्रेस के दबाव में उद्धव ठाकरे ने मामले की जांच सीआईडी को स्थानांतरित कर दी थी। जिससे पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय मिलने में देरी हुई। ▶9 पर

### पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में हुई प्रधानमंत्री की विशाल रैली

# ममता ने घुसपैठियों और गुंडों को पूरा राज्य पट्टे पर दे दिया है



### मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधी टीएमसी को रामनवमी से भी एलर्जी

### बिहार के गया में भी पीएम ने विशाल जनसभा को संबोधित किया

**कोलकाता, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार की आलोचना की और कहा कि ममता सरकार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को सुरक्षा और संरक्षण देती है। पीएम मोदी ने कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को सुरक्षा देती है और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध करती है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध है। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को पूरा राज्य पट्टे पर दे दिया है। ▶9 पर

### हाईकोर्ट ने सरकार को फटकारा रामनवमी शोभायात्रा निकलेगी

**कोलकाता, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी है। सोमवार को जस्टिस जॉय सेनगुप्ता की बेंच में मामले की सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि राज्य पुलिस जुलूस को नियंत्रित नहीं कर सकती, यदि उनके पास पर्याप्त बल नहीं है, ▶9 पर

### जम्मू की जनसभा में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## अब अंतिम सांसें गिन रहा है आतंकवाद

**जम्मू, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब जम्मू कश्मीर में पथराव और गोलीबारी गुजरे समय की बात बन गए हैं। अब प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। अमित शाह ने कश्मीर के लोगों से अपील करते हुए कि वे इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), पीडीपी को वोट न दें। इनके बजाय किसी भी अन्य पार्टी को वोट दें। उन्होंने कहा कि इन्हीं तीन पार्टियों ने जम्मू कश्मीर का सर्वाधिक नुकसान किया। इन तीनों पार्टियों ने लंबे समय तक प्रदेश के लोगों का भरपूर शोषण किया। ▶9 पर



**कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने कश्मीर को बर्बाद किया**

### मीम और भीम के भाईचारे की असलियत!

## मस्जिद के सामने से नहीं निकलने दिया अंबेडकर का जुलूस



**धुले, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के धुले में बीते रविवार 14 अप्रैल को डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के मौके पर निकली गई यात्रा पर हुए पथराव ने एक बार फिर भीम मीम भाई-भाई के दावों और नारों की हवा निकाल दी। बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर निकाले गए जुलूस को मुस्लिम भीड़ द्वारा जानबूझकर उस समय निशाना बनाया गया जब वह स्थानीय जामा मस्जिद के पास से गुजर रहा था।

उपद्रवियों ने पहले तो जुलूस को मस्जिद के सामने से निकालने पर अपनी आपत्ति जताई और स्पष्ट मना कर कहा कि जुलूस मस्जिद के सामने से नहीं निकलेगा।

लेकिन जैसे ही जुलूस मस्जिद के सामने पहुंचा तो जुलूस में शामिल लोगों पर भारी मात्र में पथराव किया गया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। पथराव की सुचना पाकर एसपी श्रीकांत धीवरे भी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और बड़ी मशक्कतों के बाद स्थिति पर काबू पाया। ▶9 पर

## मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर, तीन जवान घायल

**जगदलपुर, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए और तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से चार एके-47 राइफल और अन्य हथियार जब्त किए हैं। दिन में हुई मुठभेड़ में पहले 18 नक्सलियों के मरने की खबर आई थी। बाद में यह संख्या बढ़कर 29 हो गयी। मृत नक्सलियों में एक कमांडर भी बताया गया है।



कांकेर जिला पुलिस के अनुसार जिले के छोटेबेटिया थाने से जिला पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के जवान गश्त पर निकले थे। थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर जंगल में बिनागुंडा और कोरोनार के पास गश्ती दल और नक्सलियों का आमना सामना हो गया इस दौरान हुई भीषण मुठभेड़ एक घंटे से अधिक समय तक चली और नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ। वहीं गश्ती दल में शामिल एक निरीक्षक और दो जवान घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए राज्य की राजधानी रायपुर भेजा गया है। ▶9 पर

## चुनाव आयोग ने बनाया काला धन जब्त करने का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** चुनावों के दौरान काले धन का इस्तेमाल बहुत अधिक बढ़ जाता है। चुनावों में कालेधन का इस्तेमाल रोकने पर केंद्र सरकार अडिग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि चुनावों में कालेधन का इस्तेमाल अत्यंत खतरनाक है, इससे मुक्ति मिलनी चाहिए। इसी प्राथमिकता पर चुनाव आयोग ने मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपए जब्त किए हैं।



### जब्त हुए 4,650 करोड़ में 2,069 करोड़ की ड्रग्स

### अकेले दिल्ली से जब्त किया गया 236.07 करोड़

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के अब तक 75 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा अवैध पैसे जब्त किए हैं। चुनाव आयोग ने 15 अप्रैल को कहा कि उसने पिछले 75 सालों में चुनाव के दौरान सबसे बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं और नकदी जब्त किए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही एजेंसी ने 4,650 करोड़ रुपए जब्त कर लिए हैं जो कि 2019 के चुनावों में बरामद की गई राशि से अधिक है। ▶9 पर

**सबसे अधिक जब्ती वाले राज्य**

| राज्य | जब्त (करोड़) |
|---|---|
| राजस्थान | 778.53 |
| गुजरात | 605.34 |
| तमिलनाडु | 460.85 |
| महाराष्ट्र | 431.35 |
| पंजाब | 311.84 |
| कर्नाटक | 281.43 |
| दिल्ली | 236.07 |
| पश्चिम बंगाल | 219.60 |
| बिहार | 155.77 |
| उत्तर प्रदेश | 145.77 |





# भारतीय छात्रों की मौत पर बोले शिक्षाविद, सतर्क रहने की जरूरत, अब तक नहीं मिला कोई पैटर्न

**वॉशिंगटन, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**

भारतीय मूल के छात्रों और भारत के लगभग 11 विद्यार्थियों की मौत की खबर के बाद उनके अभिभावक के माथे पर चिंता की रेखाएं खिंची हुई हैं। हाल ही में एक भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद् ने अभिभावकों की चिंता शांत करते हुए कहा कि अमेरिका भारत के विद्यार्थियों को अच्छा वातावरण दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक हुई घटनाएं चिंताजनक हैं लेकिन इन मौतों का कोई विशेष पैटर्न नहीं है।

वर्जीनिया में जार्ज मेसन यूनिविर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के डिवीजनल डीन गुरदीप सिंह ने इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद दुखद है कि इन घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। एक माता-पिता के तौर पर चिंतित होना वाजिब है। लेकिन इन घटनाओं का अब तक कोई भी एक साथ पैटर्न नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि चिंता की बात तब होती जब ये घटनाएं किसी विशेष विश्वविद्यालय में लगातार होती। वे बताते हैं कि भारतीय राजनयिक मिशनों ने सक्रिय होकर भारतीय विद्यार्थियों से मिलना शुरू कर दिया है। छात्र संघों से बातचीत शुरू भी कर दी है। हर किसी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**संवेदनशील इलाकों पर सतर्क रहना आवश्यक** - गुरदीप सिंह ने कहा कि उन इलाकों पर सतर्क रहने की आवश्यक है। हर शहर में कुछ ऐसे संवेदनशील इलाके होते हैं जहां अपराध दर अन्य इलाकों की तुलना में अधिक होते हैं। अमेरिका में अधिकांश परिसर विश्वविद्यालय है, जो कि सुरक्षित भी है।

**तीन गुना बढ़ी है अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या** - इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन की ओपन डोर्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या सत्र 2014-2015 में 1,32,888 थी। यह संख्या वर्ष 2024 में बढ़कर 3,53,803 हो गई है। जो कि लगभग तीन गुना बढ़ी है।

**11 मौत के कारणों की जांच की मांग** - गैर-लाभकारी संस्था हिंदूएक्शन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने इस साल 11 भारतीय छात्रों की मौत पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में, हमारे पास पहले ही 11 मामले आ चुके हैं। वे कहते हैं कि एफबीआई का ध्यान इस ओर जाना चाहिए। वे जांच करें कि क्या कारण है इन मौतों के बीच आपस में कोई संबंध तो नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एक समुदाय के रूप में हम वास्तव में चिंतित हैं। इन मौतों की अधिक विस्तृत जांच की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि अमेरिकी हिंदू होने के नाते हम उम्मीद करते हैं कि कोई पैटर्न सामने न आए।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका ने ड्रैगन पर लगाया बड़ा आरोप, कहा- छिपकर यूक्रेनी लोगों के खिलाफ रूस की मदद कर रहा चीन



**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस जंग के थमने का आसार दूर-दूर तक नहीं दिख रहा है। इस बीच अमेरिका ने चीन पर आरोप लगाया है कि वह अपने शब्दों के उलट जाकर रूस की मदद कर रहा है। चीन हमेशा ही दावा करता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध पर वह हमेशा निष्पक्ष रहा है। हालांकि, इन सबके बावजूद बीजिंग यूक्रेनी लोगों के खिलाफ मॉस्को की मदद कर रहा है। सबूतों के सामने चीन के दावे हास्यास्पद चीन जितनी तेजी से रूस की मदद कर रहा है, उतने ही तत्परता से बयानबाजी भी कर रहा। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले साल दावा किया था कि सेना से जुड़ी चीजों के निर्यात के लिए, चीन ने हमेशा एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाया है। हालांकि, इस तरह के बयान सबूतों के सामने हास्यास्पद हैं, जो कुछ और ही बयां करते हैं। मध्य पूर्व में संकट बढ़ता दिख रहा है। ईरान ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के संकेतों के बीच कुछ सलाह दे रहे हैं कि चीन को वहां भी मध्यस्थता करने में मदद करनी चाहिए। दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी वाशिंगटन डीसी स्थित इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट में काउंटरिंग फॉरेन ऑथोरिटेरियन इन्फ्लुएंस के वरिष्ठ सलाहकार जे माइकल कोल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से चीन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के साथ काम नहीं किया है। यहां तक कि उसने उत्तर कोरिया का साथ भी नहीं दिया। दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी कि बीजिंग शांति के लिए भागीदार होगा चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने खुफिया जानकारी का खुलासा करते हुए दावा किया कि चीन रूस की सेना को फिर से खड़े होने में मदद कर रहा है। व्लादिमीर पुतिन द्वारा कीव पर हमले किए जाने के बाद चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा है। यह रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के पुनर्निर्माण से कमियों को दूर करने में मदद कर रहा है। दरअसल, इस बात की चिंता है कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से रूस अब अपने सबसे बड़े सैन्य-औद्योगिक विस्तार को प्राप्त कर रहा है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल क्रिस कैवोली ने हाल ही में गवाही दी थी कि रूस अपनी सेना को आसानी से फिर खड़ा करने में काफी हद तक सफल रहा। वास्तव में इसकी क्षमता काफी हद तक वापस बढ़ी है। बाइडन ने की थी शी जिनपिंग से बात राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो अप्रैल को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बात की थी और इस मुद्दे को उठाया था। इस दौरान बाइडन ने रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के समर्थन पर चिंता जताई थी। रूस की ताकत बढ़ाने में चीन का हाथ अमेरिकी सरकार के अधिकारियों ने अब एक बार फिर आरोप लगाया है कि रूस के रक्षा उद्योग में बढ़ोत्तरी होने पर चीन काफी हद तक जिम्मेदार है। एक उदाहरण के रूप में, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप मिलकर कर सकते हैं, वो अब मॉस्को अकेला कर सकता है। रूस अब तीन गुना तोपखाने गोला-बारूद का उत्पादन करने में सक्षम है ड्रोन बनाने के लिए काम कर रहे पिछले हफ्ते, अमेरिकी अधिकारियों ने ऐसा ही कुछ खुलासा किया था जिससे साफ था कि चीन समर्थन दे रहा है। उदाहरण के लिए, चीनी और रूसी समूह रूस के अंदर संयुक्त रूप से ड्रोन बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

### ट्रंप के समर्थन में ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस, बोलीं ट्रंप ईरान और चीन के प्रति थे आक्रामक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति पर इन दिनों आपराधिक मुकदमा चल रहा है। ऐसे में ब्रिटेन की



पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जब डोनाल्ड ट्रंप थे, तब दुनिया ज्यादा सुरक्षित थी। डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में अब ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने बयान देते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में दुनिया अधिक सुरक्षित थी। उन्होंने कहा कि मैं ये नहीं कह रही कि उनकी हर बात से मैं सहमत हूं, लेकिन उनका रवैया चीन और ईरान के प्रति आक्रामक था। उनके समर्थन में देश और दुनिया ज्यादा सुरक्षित थी। ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप का चुनाव के लिए समर्थन किया। उन्होंने यूक्रेन के समर्थन करने के डोनाल्ड ट्रंप के फैसले की सराहना भी की। वे बोलीं कि ट्रंप को व्हाइट हाउस में होना चाहिए। आक्रामक शासन को रोकने के लिए ट्रंप जरूरी ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कहा कि आक्रामक शासन के विस्तार को रोकने में ट्रंप अधिक प्रभावी थे। मुझे लगता है कि अगर वह 2020 में दोबारा चुने जाते तो हम एक अलग स्थिति में होते। डोनाल्ड ट्रंप पर चार आपराधिक मुकदमें 77 वर्षीय डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं, जिन पर आपराधिक मुकदमा चलाया जा रहा है।


# ईरान के हमले के दौरान सऊदी-जॉर्डन ने की इजराइल की मदद, यूएस ने किया सबसे ज्यादा मिसाइलें को गिराने का दावा

**तेल अवीव, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**

ईरान ने पिछले हफ्ते इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। इजराइल इन मिसाइलों को रोकने में कामयाब रहा, लेकिन अब इसे लेकर एक बड़ा खुलासा किया गया है। दरअसल, 13 अप्रैल को ईरान की तरफ से पहली बार इजराइल पर मिसाइल हमला किया गया था, लेकिन बताया जा रहा कि ईरान के मिसाइलों को रोकने में पड़ोसी देश सऊदी अरब और जॉर्डन ने भी अहम भूमिका निभाई थी। पिछले साल से जारी इजराइल-हमास युद्ध को लेकर दोनों देशों ने इजराइल की आलोचना की थी। अरब देश ने इजराइल को इसके लिए गंभीर परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी थी, लेकिन ईरान के मिसाइल हमलों को रोकने के लिए सऊदी अरब और जॉर्डन सामने आए। सऊदी शाही परिवार ने बताया कि देश के पास ऐसी प्रणाली है जो संदिग्ध मिसाइलों को स्वचालित रूप से रोकती है। इजराइल ने दावा किया कि उसने 99 फीसदी मिसाइलों को मार गिराया था।

**सऊदी अरब और जॉर्डन ने की मदद** - ईरान से इजराइल की दूरी 1,000 किमी है और मिसाइल एवं ड्रोन को इजराइल पहुंचने के लिए सऊदी अरब और जॉर्डन से होकर जाना पड़ता है। जॉर्डन, जिसने गाजा में हमलों को लेकर लगातार इजराइल की आलोचना की, ने बताया कि इजराइल की तरफ ईरान ने जो मिसाइलें दागीं, उसे जॉर्डन ने मार गिराया था। जॉर्डन ने बताया कि उन्होंने इजराइल और अमेरिका के लड़ाकू विमानों के लिए अपने हवाईक्षेत्र खोल दिए थे। जॉर्डन के एक पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता देश और लोगों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, जॉर्डन ने जो किया वह केवल अपने हवाईक्षेत्र को बचाने के लिए किया था। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान ने कई अरब देशों को हमले की जानकारी दी थी। अधिकारी ने कहा, अरब देशों ने तेहरान के हमले की योजना के बारे में खुफिया जानकारी दी। उन्होंने अपने हवाई क्षेत्र खोल दिए और अपने सुरक्षा बलों को मदद के लिए भेजा।

**ज्यादातर मिसाइलों को अमेरिका ने मार गिराया: अमेरिकी सेना का दावा** - सऊदी अरब और जॉर्डन के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने भी ईरान के मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद की। अमेरिकी सेना ने दावा किया कि ईरान के ज्यादातर



मिसाइलों को उन्होंने मार गिराया। बता दें कि ईरान ने शुक्रवार को इजराइल पर करीबन 300 मिसाइलें दागीं। इसपर अमेरिकी सेना ने बताया कि उन्होंने 80 एकतरफा हमला रहित हवाई वाहनों के साथ छह बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया। इजराइली सुरक्षा बलों ने बताया कि उन्होंने 25 क्रूज मिसाइलों को इजराइल के बाहर ही रोक दिया था। बताया जा रहा है कि ईरान के अलावा यमन की तरफ से भी मिसाइल दागी गईं थी।

### ईरान-इजराइल संकट को देखते हुए फिलहाल भारत नहीं आएंगे अमेरिकी एनएसए सुलिवन, नई तारीखों का एलान जल्द करेंगे

**तेल अवीव।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले सप्ताह अब भारत नहीं आएंगे। उन्होंने ईरान-इजराइल संकट को देखते हुए अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध अमेरिका दूतावास के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एनएसए सुलिवन आईसीईटी वार्षिक समीक्षा जल्द से जल्द आयोजित करने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा, वह भारत के साथ गहरी परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं। भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करना रहेगा जारी प्रवक्ता ने आगे कहा कि इसी तरह राष्ट्रपति बाइडन भी क्वाड नेताओं की अगली बैठक का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करने के लिए भारत के साथ हमारे प्रयास जारी रहेंगे। साथ ही एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे। पहले भी स्थगित कर चुके हैं यात्रा इससे पहले बताया जा रहा था जैक सुलिवन 17 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगे और 18 अप्रैल को उनकी बैठक होगी। हालांकि अब उनकी यात्रा स्थगित कर दी गई है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है। सुलिवन पहले इस साल फरवरी में भारत आने वाले थे, लेकिन यक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में उभरे संकट की वजह से वह दौरा स्थगित हो गया था। मई 2022 में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच आईसीईटी समझौता हुआ था, जिसके तहत दोनों देश उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंध बनाने पर सबसे अधिक गर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से पूछा गया था कि अमेरिका पूर्वी एशिया में संधि सहयोगियों के साथ मजबूत होती सैन्य, रक्षा और सुरक्षा साझेदारी के संदर्भ में भारत के बारे में क्या सोच रहा है ।

# बेनजीर की बेटी ने ली नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर पर शपथ, पिता ने दी बधाई भाई ने बताया ऐतिहासिक पल



**इस्लामाबाद, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर पर शपथ ली। राजनीति के मैदान में नई पारी शुरू करने वाली आसिफा जरदारी को 29 मार्च को एनए 207 शहीद बेनजीराबाद से निर्विरोध चुना गया था। बता दें कि उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही यह सीट खाली थी। अपने भाई के साथ नेशनल असेंबली पहुंचीं आसिफा आसिफा अपने भाई और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो के साथ दिन में नेशनल असेंबली पहुंची। नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से जुड़े एमएनए वहां नारेबाजी कर रहे थे और बाद में ट्रेजरी सांसदों ने वॉकआउट कर लिया। पीटीआई का प्रदर्शन सकरंद पुलिस द्वारा उनके एनए 207 उम्मीदवार गुलाम मुस्तफा रिंड की गिरफ्तारी को लेकर था। पार्टी ने बताया कि रिंड उनके प्रतिनिधि थे, जो उपचुनाव में आसिफा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले थे। राष्ट्रपति जरदारी ने अपनी बेटी को दी बधाई राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए आसिफा को नई पारी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी आसिफा भुट्टो जरदारी को नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर शपथ लेने की बधाई देते हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने भी आसिफा अली जरदारी की शपथ ग्रहन की तस्वीरें शेयर की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, नेशनल असेंबली के नए सदस्य के तौर पर आसिफा भुट्टो जरदारी ने शपथ ली। स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने शपथ दिलाई। इस दौरान पीपीपी ने इसे ऐतिहासिक पल बताया। आसिफा की बहन बख्तावर जरदारी ने भी इस पल का जश्न मनाया। पीपीपी के केंद्रीय सूचना सचिव फैजल करीम कुंडी ने भी आसिफा की शपथ को पाकिस्तान के इतिहास का ऐतिहासिक दिन बताया। बता दें कि आसिफा भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने संघर, बेनजीराबाद और नौशहरो फिरोज जिलों में अपने भाई और पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के लिए चुनाव अभियान चलाया था।

# बाल्टीमोर ब्रिज हादसे मामले में चौथा शव बरामद, पिछले महीने मालवाहक जहाज ने मारी थी टक्कर, एफबीआई कर रही जांच

**मेरीलैंड, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**



अमेरिका में मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पिछले महीने डाली नाम का मालवाहक जहाज पुल से टकरा गया था। इस हादसे में पुल पूरी तरह से ढह गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुल ढहने से मारे गए चौथे व्यक्ति का शव उन्हें मिल गया है। ब्रिज रिस्पॉन्स यूनिफाइड कमांड ने खुलासा किया कि बचाव दलों ने रविवार को घटनास्थल से एक शव बरामद किया।

### बाल्टीमोर पुल हादसे में चौथा शव बरामद

परिवार के अनुरोध के बाद अधिकारियों ने मृतक के नाम का खुलासा नहीं किया। मेरीलैंड राज्य पुलिस विभाग के अधीक्षक, कर्नल रोलैंड एल. बटलर जूनियर ने कहा, हम मृतकों के लिए शोक जताते हैं। हम लोगों को ढूंढने का अभियान जारी रखेंगे, क्योंकि हम मानते हैं कि खोए हुए लोग किसी न किसी के परिवार होंगे।

एक बयान में बताया गया कि मेरीलैंड पुलिस, एफबीआई और मेरीलैंड परिवहन प्राधिकरण पुलिस ने वाहन के भीतर शव का पता लगाया। की ब्रिज रिस्पॉन्स यूनिफाइड कमांड के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया था। दो सप्ताह पहले दो अन्य मृतकों का शव ट्रक से बरामद किया गया था। बता दें कि पिछले महीने श्रीलंका की तरफ जा रहे मालवाहक जहाज पुल से टकरा गया था। इस हादसे में पुल पर गड्ढों की मरम्मत कर रहे आठ निर्माण श्रमिकों में से छह की नदीं में गिरने से मौत हो गई थी। उस समय मृतकों में से केवल तीन के ही शव मिले थे। तटरक्षक पीड़ितों का शव ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि एफबीआई ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। एफबीआई ने बताया कि सोमवार को कार्गो जहाज में एजेंट मौजूद थे।

# अमेरिका में हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारतवंशी सांसद ने जताई चिंता, समुदाय के खिलाफ बड़ी साजिश बताया

**न्यूयॉर्क, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**

अमेरिका में हिंदू धर्म और हिंदुओं के खिलाफ हमलों में वृद्धि देखने को मिली है। इसे देखते हुए भारतवंशी सांसद श्री थानेदार ने चिंता जताई है। उन्होंने इसे बड़ी साजिश करार दिया है। थानेदार के अलावा भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने भी हाल ही में न्याय विभाग को एक चिट्ठी लिखकर हिंदू मंदिर पर हुए हमले की जांच की मांग की थी और मामले में जल्द से जल्द न्याय की गुहार लगाई थी।

अमेरिकी सांसद थानेदार ने कहा कि आज मैं अमेरिका में हिंदू धर्म पर हमलों में वृद्धि देख रहा हूं। मैंने देखा कि कई सारी झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं। एक संस्था हिंदू एक्शन द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इन हमलों के आरोपियों के खिलाफ मामला तक दर्ज नहीं किया गया है। उनकी गिरफ्तारी तो दूर की बात है।

उन्होंने आगे कहा कि हमने हाल के कुछ महीनों में इस तरह के हमलों में काफी ज्यादा बढ़ोतरी देखी है। मुझे लगता है कि इस समुदाय के खिलाफ यह बहुत बड़ी साजिश है और इससे निपटने के लिए समुदाय के लोगों को एकजुट होना होगा। एक हिंदू घर में जन्म लेने की वजह से मुझे पता है कि हिंदू का अर्थ क्या होता है हिंदुओं पर हो रहे इन हमलों को देखते हुए मैंने अपने चार सहकर्मियों के साथ मिलकर न्याय विभाग को चिट्ठी लिखने का फैसला किया।

### स्थानीय कानून प्रवर्तनों के साथ समन्वय स्थापित करने की जरूरतः सांसद

भारतीय-अमेरिकी सांसद ने कहा कि कैलिफोर्निया में भी इस तरह के हमले देखे गए। न्यूयॉर्क में भी हमले हो रहे हैं। देखा जाए तो पूरे अमेरिका में



ही हिंदू धर्म और हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय कानून प्रवर्तनों ने इन हमलों पर जांच की, लेकिन आगे कुछ भी नहीं हुआ। थानेदार ने कहा कि स्थानीय कानून प्रवर्तनों के साथ समन्वय स्थापित करने की जरूरत है।

श्री थानेदार ने कहा कि इस समय समुदाय के लोगों को एक साथ खड़ा होना होगा और हमें बताना होगा कि हम देश में समानता की मांग कर रहे हैं। हम यहां न्याय की मांग कर रहे हैं और अब हम ऐसी नफरत बर्दाश्त नहीं करेंगे। न्याय विभाग को चिट्ठी लिखने के बाद हम प्रशासन पर दबाव डालेंगे कि हिंदू समुदाय को यहां शांति से रहने का अधिकार हो।

# रुश्दी ने खुद पर हुए जानलेवा हमले की घटना को लेकर किया खुलासा, कहा- एक दिन पहले देखा था सपना

**वॉशिंगटन, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**

ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी ने अपनी नई किताब नाइक में कई खुलासे किए हैं। यह किताब उनके जीवन पर आधारित है। इसमें उस खौफनाक दिन का भी जिक्र किया गया है, जब उनके छुरा घोंपा गया था। इस घटना में उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। वहीं इलाज के बारे में भी बताया गया है।

नई किताब नाइफ आज से स्टोर में उपलब्ध होगी। सलमान रुश्दी भारतीय मूल के अमेरिकी लेखक हैं, वह न्यूयॉर्क शहर में रहते हैं।

**अगस्त में हुआ हमला** - 75 वर्षीय सलमान रुश्दी पर न्यूयॉर्क में साल 2022 की अगस्त में तब हमला किया गया था, तब वो एक प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे थे। 24 साल के हादी मातर ने एक लाइव प्रोग्राम के दौरान रुश्दी के गले पर चाकू से कई बार हमला किया था। रुश्दी को एयर लिफ्ट करके एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मातर एक शिया कट्टरपंथी ग्रुप से ताल्लुक रखता था। रुश्दी की गर्दन और पेट पर कई घाव थे। इस घटना में रुश्दी ने अपनी दाहिनी आंख खो दी।

**कई देशों में बैन है द सैटेनिक वर्सेज** - आपको बता दें कि सलमान रुश्दी ने 1988 में द सैटेनिक वर्सेज नाम की एक किताब लिखी थी, जिसे मुस्लिम ईशनिंदा के रूप में देखते हैं। भारत सहित दुनिया के कई देशों में यह उपन्यास बैन है। इस किताब को लेकर ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी ने रुश्दी के खिलाफ एक फतवा जारी किया था। न सिर्फ सलमान रुश्दी बल्कि उनकी किताब 'द सैटेनिक वर्सेस के अनुवादकों पर भी हमले होते रहे हैं। द सैटेनिक वर्सेस उपन्यास जापानी ट्रांसलेटर हितोशी इगाराशी की हत्या कर दी गई। जबकि इटैलियन ट्रांसलेटर और नॉर्वे के पब्लिशर पर भी हमले हुए।

**मैं भागा क्यों नहीं** - रुश्दी ने अपनी किताब में घटना के बारे में कहा, आखिर मैंने लड़ाई क्यों नहीं की मैं भागा क्यों नहीं मैं बस पिनाटा की तरह वहां खड़ा रहा और उसे मुझे मारने दिया। यह बिल्कुल भी नाटकीय या डरावना नहीं लगा। सच्चाई यह है कि सिर्फ संभावित लगा।



**हत्यारे ने की थी दोषी नहीं होने की अपील** - तेहरान ने रुश्दी पर हमला करने वाले शख्स के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया था। उसका कहना था कि इस घटना के लिए सिर्फ रुश्दी दोषी हैं। उस समय 24 साल के संदिग्ध हमलावर ने हत्या की कोशिश के लिए खुद के दोषी नहीं होने की अपील की थी। कथित हमलावर, जिसके माता-पिता लेबनान से संयुक्त राज्य अमेरिका आए थे, ने कहा था कि उसने द सैटेनिक वर्सेज के सिर्फ दो पेज पढ़े हैं, लेकिन उसका मानना है कि रुश्दी ने इस्लाम पर हमला किया था।

**रुश्दी तक हत्यारा कैसे पहुंचा इसे जानने के लिए उत्सुक** - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करने वाले ग्रुप पेन अमेरिका की मुख्य कार्यकारी सुजैन नोसेल ने कहा कि उस भयानक दिन के बाद से... हम इस कहानी का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरकार सलमान रुश्दी तक हत्यारा कैसे पहुंचा। उन्होंने कहा कि रुश्दी ने अब तक इस कहानी को अपने तक रखा, जिससे हमें उनके साहस पर आश्चर्य होता है।

**चाकू मारे जाने का देखा था सपना** - किताब के बाजार में उपलब्ध होने से पहले रुश्दी ने बताया कि उन्होंने हमले से दो दिन पहले एक एम्फीथिएटर में चाकू मारे जाने का सपना देखा था और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के बारे में भी सोचा था। फिर उनको लगा पागलपन करने की जरूरत नहीं है, यह सिर्फ एक सपना है।

सलमान रुश्दी ने किताब में यह भी लिखा कि उन्हें इस कार्यक्रम के लिए अच्छे खासे रुपये मिलने वाले थे। इससे वह अपने घर की मरम्मत करवाना चाहते थे। इस कार्यक्रम में रुश्दी को उन लेखकों की सुरक्षा के बारे में बात करने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिनकी जान को खतरा था। उन्होंने कहा, यह जगह मेरे लिए सुरक्षित नहीं है। रुश्दी ने किताब में अपने बुरे सपने का भी जिक्र किया है।

**पांच बार हो चुकी है शादी** - रुश्दी का जन्म मुंबई में हुआ था। बहुत ही कम उम्र में वह इंग्लैंड चले गए थे। वह अपने दूसरे उपन्यास मिडनाइट्स चिल्ड्रन (1981) से सुर्खियों में आए। इतना ही नहीं उन्हें स्वतंत्रता के बाद के भारत के चित्रण के लिए ब्रिटेन का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार भी दिया गया था। लेकिन द सैटेनिक वर्सेज से उनको काफी प्रसिद्धी मिली। रुश्दी एक नास्तिक लेखक हैं। उनकी किताब का अनुवाद करने वाले और उसके प्रकाशकों की हत्या की कोशिश के बाद रुश्दी को ब्रिटेन पुलिस की तरफ से सुरक्षा भी दी गई थी।

# झेलम नदी में नाव पलटने से 6 मरे, 6 जख्मी, 10 लापता

**जम्मू, 16 अप्रैल (ब्यूरो)।** आंसुओं और सिसकियों के बीच, हजारों लोगों ने उन पांच लोगों के अंतिम संस्कार की प्रार्थना की, जिनकी मंगलवार को श्रीनगर के गंडाबल इलाके में नाव पलटने से मौत हो गई।

झेलम नदी में नाव पलट जाने से पांच नाबालिग छात्रों सहित 6 लोग डूब गए, 6 को बचा लिया गया, जबकि 10 अन्य लापता हैं।

एक महिला, उसके दो बेटों और दो अन्य स्थानीय लोगों सहित पांच मृतकों का संयुक्त रूप से अंतिम संस्कार किया गया। इलाके के एक मैदान में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सुन्न आंखों वाले हजारों लोगों ने भाग लिया। घटना के बाद पूरे बटवारा मोहल्ले में मातम छा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पुल नहीं होने के कारण यह घटना हुई। स्थानीय लोगों का कहना था कि हमें ऊंचा और ऊंचा करने का वादा किया गया था, लेकिन दुर्भाग्य से किसी ने भी इलाके में पुल सुनिश्चित करने की जहमत नहीं उठाई। आज की त्रासदी पुल की अनुपस्थिति के कारण है।







नाबालिग छात्रों को एक स्थानीय स्कूल ले जा रही नाव पलट गई, जिससे 5 नाबालिगों और नाविक की मौत हो गई, जबकि बचाव दल ने 6 छात्रों को बचा लिया। उन्होंने कहा कि खबर के तुरंत बाद स्थानीय लोगों के अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। तुरंत, 12 लोगों को ढूंढ लिया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, हालांकि उनमें से छह को वहां पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया, जबकि 6 अन्य को भर्ती कराया गया है।

इस बीच, नागरिक प्रशासन के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस के कई शीर्ष अधिकारियों ने स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया।

बचाव अभियान अभी भी जारी है क्योंकि कई लोगों के लापता होने की खबर है। अधिकारियों का कहना है कि 10 अन्य लापता छात्रों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी चल रही है। उन्होंने कहा कि संभागीय आयुक्त कश्मीर, आईजीपी, कश्मीर, उपायुक्त श्रीनगर और एसएसपी श्रीनगर गंदबल बटवाड़ा में हैं और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि श्रीनगर में एक नाव दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें इस अपार क्षति को सहने की शक्ति दे।

एसडीआरएफ की टीम , सेना और अन्य एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य कर रही हैं।

प्रशासन उन शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं उन्हें चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

मार्कोस टीमों को भी अलर्ट कर दिया गया है। मैं लगातार स्थिति पर नजर रख रहा हूं और जमीन पर टीम का मार्गदर्शन कर रहा हूं।

# आपा विधायक अमानतुल्लाह को ईडी के सामने पेश होना होगा

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत की मांग ठुकरा दी है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह को ईडी के सामने 18 अप्रैल को पेश होने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी के पास गिरफ्तारी के लायक साक्ष्य हैं तो अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर सकती है। अमानतुल्लाह खान ने दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 11 मार्च को अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी के मुताबिक यह मामला





13 करोड़ 40 लाख रुपए की जमीन बिक्री से जुड़ा है। ईडी के मुताबिक आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान की अज्ञात स्रोतों से अर्जित सम्पत्ति से जमीनें खरीदी और बेची गई। आरोपित कौसर इमाम सिद्दिकी की डायरी में 8 करोड़ रुपए की एंट्री की गई है। जावेद इमाम को ये सम्पत्ति सेल डीड के जरिए मिली। जावेद इमाम ने ये सम्पत्ति 13 करोड़ 40 लाख में बेची। जीशान हैदर ने इसके लिए जावेद को नकद राशि दी। इस मामले में सीबीआई ने 23 नवंबर, 2016 को आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त, 2022 को चार्जशीट दाखिल की। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गई।

सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपितों के साथ साजिश रची, जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान एवं महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

# डाकू वीरप्पन की बेटी पूरी ताकत से लड़ रही लोकसभा चुनाव

**कृष्णागिरि, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव शुरू होने में अब महज तीन दिन ही बचे हैं। चंदन तस्कर और डाकू वीरप्पन की बेटी विद्या रानी भी तमिलनाडु के कृष्णागिरि लोकसभा क्षेत्र से नाम तमिलर काची (एनटीके) के टिकट पर चुनाव लड़ रही है। पहले यह चर्चा थी कि वह भाजपा के टिकट से चुनावी मैदान में उतरेंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब वह एनटीके के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

इस सीट से विद्या रानी अपनी चुनावी राजनीति की शुरुआत कर रही हैं। हालांकि विद्या रानी काफी समय से सुर्खियों में हैं। उसकी एक वजह वीरप्पन का नाम भी है। विद्या रानी कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन की बेटी हैं। चंदन तस्कर और कुख्यात डाकू वीरप्पन 2004 में तमिलनाडु पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स के साथ मुठभेड़ के दौरान मारा गया था। विद्या रानी ने वीवी पुरम लॉ



कॉलेज से पढ़ाई की है। वह पेशे से वकील हैं और एक्टिविस्ट के तौर पर वह आदिवासियों और दलितों के लिए काम करती हैं और वह कृष्णागिरी इलाके में एक स्कूल चलाती हैं।

विद्या रानी ने साल 2020 में भारतीय जनता पार्टी के साथ सियासी सफर की शुरुआत की थी। कुछ ही समय बाद उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष और उसके बाद तमिलनाडु में भाजपा पिछड़ा मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया। हाल ही में वे भाजपा छोड़कर एनटीके में शामिल हुईं हैं और पार्टी ने उन्हें कृष्णागिरी से बतौर उम्मीदवार के रूप में उतारा है।

# पहले चरण के मतदान में मौसम बन सकता है खलनायक

**जम्मू, 16 अप्रैल (ब्यूरो)।** प्रदेश में संसदीय चुनावों के लिए पहले चरण के मतदान का दिन अब केवल तीन दिन दूर है, मौसम खराब होने की आशंका है क्योंकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मतदान के दिन बारिश की भविष्यवाणी की है। जम्मू कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर आमतौर पर बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की उम्मीद है। लेकिन 19 अप्रैल को उधमपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा डोडा और किश्तवाड़ के जुड़वां जिलों में रोशनी की उम्मीद है। आईएमडी श्रीनगर के निदेशक डा मुख्तार अहमद के अनुसार, आज रात तक बारिश की संभावना है और 18 अप्रैल तक अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना के साथ मौसम में बादल छाए रहेंगे।

डोडा और किश्तवाड़ जिले में 18 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा। कुछ इलाकों में बादल छाए रहेंगे। 19 अप्रैल को इन दोनों जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के मतदान के दौरान उधमपुर-डोडा संसदीय क्षेत्र में मतदान हो रहा है और यह क्षेत्रफल के हिसाब से देश के सबसे बड़े निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है और यहां 15 लाख से अधिक वोट हैं। इसमें कठुआ जिले के मैदानी इलाकों से लेकर डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिलों की पहाड़ियां शामिल हैं। जम्मू और कश्मीर के सबसे अविकसित क्षेत्रों में से एक, मारवाह और वारवान भी इस निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं, जो सड़कों के माध्यम से कटा हुआ रहता है क्योंकि यह क्षेत्र कश्मीर क्षेत्र के अनंतनाग जिले से एकमात्र संपर्क है।

किश्तवाड़ जिले में पड़ने वाले इन दोनों क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से सीधा सड़क संपर्क नहीं है। इन क्षेत्रों और सड़क संपर्क से वंचित अन्य पहाड़ी इलाकों में मतदान दलों और सुरक्षा बलों को ले जाने के लिए, भारत का चुनाव आयोग या तो उन्हें हेलिकाप्टरों से ले जाता है या अन्य साधनों का उपयोग करता है और यदि मौसम अनियमित रहता है, तो यह चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। खराब मौसम का असर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के प्रचार पर भी पड़ता है क्योंकि उन्हें या तो अपना दौरा पुनर्निर्धारित करना पड़ता है या रद्द करना पड़ता है। एक उम्मीदवार, जिसे आज हेलीकॉप्टर के माध्यम से मारवाह, वारवान, गुलाबगढ़, मचैल और कुछ अन्य क्षेत्रों का दौरा करना था, को इसे पुनर्निर्धारित करना पड़ा।

चूंकि 19 अप्रैल तक पूर्वानुमान इतना अच्छा नहीं है, इसलिए ये क्षेत्र राजनीतिक दलों के दायरे से बाहर रह सकते हैं। इससे पहले 1996 में खराब मौसम के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया था और पुनर्निर्धारित किया गया था। 1996 में जब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार 13 दिनों तक सत्ता में रहने के बाद गिर गई, तो उसके बाद उधमपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान हुआ।

# 25 दिन में पौने तीन लाख लोग ट्यूलिप गार्डन आए



**जम्मू, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** कश्मीर में एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने अब तक 2.76 लाख आगंतुकों का स्वागत किया है, हर गुजरते दिन बड़ी संख्या में पर्यटक बगीचे में आ रहे हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि उद्यान में रिकार्ड तोड़ संख्या में पर्यटक आएंगे।

ट्यूलिप गार्डन के प्रबंधन के अनुसार, ईद के बाद से, हर दिन 10,000 से अधिक लोग बगीचे में आ रहे हैं, और हर गुजरते दिन आगंतुकों की संख्या बढ़ रही है। बगीचे का प्रबंधन करने वाले खान मुदासिर के अनुसार, पिछले छह दिनों में लगभग 92,000 आगंतुक बगीचे में आए। इसमें बुधवार को 12,202, गुरुवार को 23,660, शुक्रवार को 17,580 और शनिवार को 21,121 शामिल हैं। पिछले दो दिनों में भारी बारिश के बावजूद, रविवार को 9,100 और सोमवार को 8,300 लोग बगीचे में आए। अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी के साथ पिछले साल के 366,000 आगंतुकों के रिकार्ड को पार कर लिया जाएगा। आगंतुकों ने बगीचे में सहज और सुखद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की है। इस वर्ष, फूलों की खेती विभाग ने बगीचे के आकर्षण को बढ़ाने के लिए पांच अतिरिक्त ट्यूलिप किस्में पेश की हैं। आगंतुक अपनी यात्राओं का पूरा आनंद ले रहे हैं, और हम लगन से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एक सहज अनुभव के लिए सब कुछ सही जगह पर है। 2007 में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन की स्थापना जम्मू और कश्मीर के पर्यटन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आज़ाद के नेतृत्व में, उद्यान की कल्पना पारंपरिक गर्मियों और सर्दियों के महीनों से परे पर्यटन सीजन को बढ़ाने के साधन के रूप में की गई थी। बगीचे की ओर जाने वाली सड़कों पर नियमित जाम लग रहा है क्योंकि सैकड़ों वाहन बगीचे की ओर दौड़ रहे हैं। कई बार ट्रैफिक पुलिसकर्मी यातायात को सुचारू करने के लिए संघर्ष करते नजर आते हैं। ट्यूलिप गार्डन स्कूली बच्चों को 20 प्रतिशत की छूट भी दे रहा है। प्रारंभ में, यह आफर 10 अप्रैल तक था; हालांकि, प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र को ट्यूलिप गार्डन का मनमोहक दृश्य देखने की अनुमति देने के लिए इसे 20 अप्रैल तक बढ़ा दिया है।

### भाजपा ने फिर जारी की 7 उम्मीदवारों की सूची

# अब यूपी की सिर्फ दो सीटों पर प्रत्याशी बाकी

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी है। सूची में सात उम्मीदव-ारों का ऐलान किया गया है। इसमें महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट के अलावा पंजाब की तीन, उत्तर प्रदेश की दो और पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उम्मीदवार उतारा है। बड़ी बात यह है कि यूपी की जिन दो सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है, उनमें देवरिया और फिरोजाबाद शामिल हैं। प्रदेश में बृजभूषण शरण सिंह की सीट कैसरगंज पर पार्टी ने अब तक कोई फैसला नहीं लिया है।

सूची के मुताबिक, महाराष्ट्र की सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब में खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना मियाविंड, होशियारपुर (अजा) से अनिता सोम प्रकाश और बठिंडा से परमपाल कौर सिद्ध (पूर्व आईएएस) को टिकट दिया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की देवरिया सीट से शशांक मणि त्रिपाठी और फिरोजाबाद सीट से ठाकुर विश्वदीप सिंह को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके साथ पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर लोकसभा सीट से भाजपा ने अभिजीत दास (बॉबी) को टिकट दिया है। यहां उनका मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और मौजूदा सांसद अभिषेक बनर्जी से होगा।

यूपी के जिन दो सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं, वहां पिछले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत हुई थी। देवरिया में पार्टी ने मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काट दिया है। उनकी जगह शशांक मणि त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। शशांक के पिता प्रकाश मणि त्रिपाठी सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा फिरोजाबाद लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद चंद्र सेन जादौन का टिकट भी काट दिया गया है। उनकी जगह पार्टी ने क्षत्रीय चेहरे ठाकुर विश्वदीप सिंह पर दांव लगाया है। यूपी की जिन 75 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है, उनमें से सिर्फ रायबरेली और कैसरगंज सीट पर प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। कहा जा रहा है कि रायबरेली में कांग्रेस उम्मीदवार के



ऐलान के बाद भाजपा अपने पत्ते खोलेगी। वहीं, कैसरगंज में मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को लेकर सस्पेंस अब भी बरकरार है। हालांकि, बृजभूषण चुनाव प्रचार शुरू कर चुके हैं।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिए हैं। इस बार डायमंड हार्बर लोकसभा सीट से भाजपा ने अभिजीत दास (बॉबी) को टिकट दिया है। यहां उनका मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और मौजूदा सांसद अभिषेक बनर्जी से होगा। पार्टी इससे पहले बाकी 41 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

सूची में पंजाब की तीन लोकसभा सीट के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया गया है। बठिंडा सीट से पार्टी ने पूर्व आईएएस परमाल कौर सिद्धू को अपना उम्मीदवार बनाया है। सिद्धू ने हाल ही में इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थामा था। उनके इस्तीफे को लेकर विवाद भी हुआ था, जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि अब तक उनका इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है। ऐसे में वह किसी पार्टी में शामिल नहीं हो सकते। परमाल कौर सिद्धू अकाली नेता सिकंदर सिंह मल्लुका की बहू हैं।

बठिंडा में उनका मुकाबला अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल से हो सकता है। 2019 में हरसिमरत यहां से जीतीं थीं। आम आदमी पार्टी ने बठिंडा सीट से गुरमीत सिंह खुड्डियां को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस की ओर से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू मैदान में हैं।

इसके साथ ही होशियारपुर सीट से पार्टी ने मौजूदा सांसद सोम प्रकाश का टिकट काटकर उनकी पत्नी अनीता सोम प्रकाश को उम्मीदवार बनाया है। सोम प्रकाश फिलहाल मोदी सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री हैं। इसी तरह खडूर साहिब सीट से पार्टी ने मंजीत सिंह मन्ना मियाविंड को उम्मीदवार बनाया है। मन्ना 2022 के विधानसभा चुनाव में अमृतसर जिले की बाबा बालक सुरक्षित सीट से लड़े थे। हालांकि, उन्हें कांग्रेस के दलबीर सिंह टोंग से हार का सामना करना पड़ा था। मन्ना पहले अकाली दल में भी रह चुके हैं।

पार्टी ने महाराष्ट्र की सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले पर दांव लगाया है। भोंसले शिवाजी के वंशज हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भोंसले सतारा सीट से एनसीपी के टिकट पर जीते थे। बाद में उन्होंने एन-सीपी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया था। उपचुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। तब उन्हें एनसीपी के श्रीनिवास पाटिल ने हरा दिया था। इस बार इस सीट से महायुति की ओर से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। शरद पवार ने यहां से शशिकांत शिंदे को चुनावी मैदान में उतारा है।

# योगी के सामने बोला सहारनपुर, अबकी बार 400 पार

**सहारनपुर, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में उत्साहित सहारनपुर ने उनके सामने बोला- अबकी बार 400 पार। 19 को मतदान केंद्र जाएंगे, इस बार भाजपा का कमल खिलाएंगे। रोड शो के पूरे रास्ते में जयश्री राम की गूंज रही। एक ही नारा- एक ही नाम, जय श्रीराम-जयश्रीराम के नारे सड़कों पर सुनाई देते मिले। जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे, यूपी में फिर से हम भगवा लहराएंगे गीत पर लोगों का उमंग देखते ही बन रहा था।

युवा, महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चों ने योगी आदित्यनाथ का जोरदार अभिवादन किया। वहीं सड़कों के दोनों




तरफ काफी भीड़ रही। भगत सिंह चौक से प्रारंभ हुए रोड शो में योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को पूरा सहारनपुर बेताब दिखा। हर तरफ सिर्फ कमल ही कमल का झंडा फहराता रहा। आम जनमानस ने मोदी-योगी का कटआउट लेकर जोरदार स्वागत भी किया। सड़कों के दोनों पर ओर खड़े लोगों ने योगी पर पुष्पवर्षा की तो कॉम्प्लेक्स की छतों पर खड़े लोगों ने सीएम योगी का अभिवादन भी किया। इस दौरान सहारनपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी आदि भी शामिल रहे।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अवांछित विचार दिमाग़ में छा सकते हैं। ख़ुद को शारीरिक व्यायाम का मज़ा लेने दें, क्योंकि खाली दिमाग़ शैतान का घर होता है। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे।
रात के समय आज आप घर के लोगों से दूर होकर अपने घर की छत या किसी पार्क में टहलना पसंद करेंगे। वक्त कैसे गुजर जाता है इस बात का अहसास आज आपको अपने किसी पुराने मित्र से मिलकर हो सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपनी शारीरिक चुस्ती–फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. शाम का ज़्यादातर समय मेहमानों के साथ गुज़रेगा। संभव है आज आप अपने प्रिय को टॉफ़ी वग़ैरह दें। सामाजिक और धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है। बाग़बानी करना आपके लिए सुकून भरा हो सकता है – इससे पर्यावरण को भी लाभ पहुँचेगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

अगर आपने किसी शख्स को पैसा उधार दिया था तो आज आपको वो पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। आपको परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। मौज–मस्ती के लिए घूमना संतोषजनक रहेगा। सुबह जीवनसाथी से आपको कुछ ऐसा मिल सकता है, जिससे आपका सारा दिन ख़ुशगवार गुज़रेगा। काम की अधिकता आज आपको मानसिक रुप से परेशान कर सकती है। हालांकि शाम के वक्त थोड़ी देर ध्यान करके आप अपनी ऊर्जा वापस पा सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। घर में कुछ बदलाव लाने के लिए पहले बाक़ी लोगों की राय भली–भांति जान लें। रोमांस को झटका लगेगा और आपके क़ीमती तोहफ़े भी आज जादू चलाने में विफल रहेंगे। अपनी ख़ासियत और भविष्य की योजनाओं पर फिर से सोचने का समय। जीवनसाथी द्वारा परिवार और मित्रों के बीच नकारात्मक तरीक़े से आपके वैवाहिक जीवन की निजी बातें उजागर हो सकती हैं। वक्त कैसे गुजर जाता है इस बात का अहसास आज आपको अपने किसी पुराने मित्र से मिलकर हो सकता है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

अपने ऊर्जा–स्तर को फिर से बढ़ाने के लिए पूरा आराम करें, क्योंकि थका हुआ शरीर दिमाग़ को भी थका देता है। आपको अपनी असली क्षमताओं को पहचानने की ज़रूरत है, क्योंकि आपमें क्षमता की नहीं बल्कि इच्छा–शक्ति की कमी है। आज आपके माता–पिता में से कोई आपको धन की बचत करने को लेकर लेक्चर दे सकता है, आपको उनकी बातों को बहुत गौर से सुनने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में परेशानी आपको ही उठानी पड़ेगी। अपने सामर्थ्य से ज्यादा काम करना आपके लिए नुकसानदायक साबित होगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

ज़िन्दगी की बेहतरीन चीज़ों को शिद्दत से महसूस करने के लिए अपने दिल–दिमाग़ के दरवाज़े खोलें। चिंता को छोड़ना इसकी ओर पहला क़दम है। ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्च करने और चालाकी–भरी आर्थिक योजनाओं से बचें। अपना अतिरिक्त समय निःस्वार्थ सेवा में लगाएँ। यह आपको और आपके परिवार को ख़ुशी और दिली सुकून देगा। अगर अपने लव पार्टनर को अपना जीवनसाथी बनाना चाहते हैं तो उनसे आज बात कर सकते हैं। हालांकि बात करने से पहले आपको उनके मनोभावों को जान लेना चाहिए। अगर आप किसी विवाद में उलझ जाएँ तो तल्ख़ टिप्पणी करने से बचिए।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज आपको बेवजह पैसा खर्च करने से खुद को रोकना चाहिए नहीं तो जरुरत के समय आपके पास पैसे की कमी हो सकती है। कोई पुराना दोस्त शाम के समय फ़ोन कर पुरानी यादें ताज़ा कर सकता है। आपकी मुलाक़ात एक ऐसे दोस्त से होगी, जिसे आपका ख़याल है और जो आपको समझता भी है। किसी पार्क में घूमते समय आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे शख्स से हो सकती है जिससे अतीत में आपके मतभेद थे। जीवन की उलझनों का हल आपको खुद ढूंढने की जरुरत है क्योंकि लोग आपको बस सलाह दे सकते हैं और कुछ नहीं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। परिवार के सदस्य कई चीज़ों की मांग कर सकते हैं। अपने प्रिय को आज निराश न करें– क्योंकि ऐसा करने की वजह से बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। आज ऐसी कई सारी चीज़ें होंगी – जिनकी तरफ़ तुरन्त ग़ौर करने की आवश्यकता है। अलग–अलग नज़रिए के चलते आपके और आपके जीवनसाथी के बीच वाद–विवाद हो सकता है। अपना पसंदीदा संगीत सुन सकते हैं

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को जिंदगी में जगह भी दे सकते हैं.आज आप ऐसे इंसान से मिल सकते हैं, जो आपको ख़ुद अपनी ज़िन्दगी से ज़्यादा चाहता होगा। आप खाली समय में अपने पसंदीदा काम करना पसंद करते हैं, आज भी आप ऐसा ही कुछ करने का सोचेंगे लेकिन किसी शख्स के घर में आने की वजह से आपका यह प्लान चौपट हो सकता है छात्र जिस विषय में कमजोर हैं उस विषय के बारे में आज अपने टीचर से बात कर सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

सेहत अच्छी रहेगी। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। बच्चे की पढ़ाई के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। आज के दिन आपके कुछ दोस्त आपके घर में आ सकते हैं और उनके साथ आप समय बिता सकते हैं ज़रूरत के वक़्त आपका जीवनसाथी आपके परिवार की अपेक्षा अपने परिवार को ज़्यादा तरजीह देता हुआ नज़र आ सकता है। आपकी बातें आज आपके करीबियों को समझ नहीं आएंगी जिसकी वजह से आप परेशानी महसूस करेंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज आपके पास ख़ुद के लिए पर्याप्त समय होगा, तो मौक़े का फ़ायदा उठाएँ और अच्छी सेहत के लिए पैदल सैर पर जाएँ। अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं तो ऐसे लोगों से दूर रहना सीखें जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं। घर के किसी सदस्य के व्यवहार की वजह से आप परेशान रह सकते हैं। आपको उनसे बात करने की जरुरत है। कई बार मोबाइल चलाते–चलाते आपको समय का पता ही नहीं चलता और फिर जब आप अपना समय बर्बाद कर चुके होते हैं तो आपको पछतावा होता है ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। परिवार के सदस्य कई चीज़ों की मांग कर सकते हैं। रोमांस के नज़रिए से आज ज़िन्दगी बहुत जटिल रहेगी। आज सोच–समझकर क़दम बढ़ाने की ज़रूरत है– जहाँ दिल की बजाय दिमाग़ का ज़्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। आपका जीवनसाथी आपकी ज़रूरतों को अनदेखा कर सकता है, जिसके चलते आप चिड़चिड़े हो सकते हैं। आपकी तंदरुस्ती आज आपके घर वालों को खुशी देगी।

### बुधवार का पंचांग

दिनांक : 17 अप्रैल 2024 , बुधवार
विक्रम संवत : 2081
मास : चैत्र , शुक्ल पक्ष
तिथि : नवमी सायं 03:16 तक
नक्षत्र : आश्लेषा अहोरात्र
योग : शूल रात्रि 11:50 तक
करण : कौलव सायं 03:16 तक
चन्द्रराशि : कर्क
सूर्योदय : 05:58, सूर्यास्त 06:32 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:05 , सूर्यास्त 06:32 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:58 , सूर्यास्त 06:26 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:50 , सूर्यास्त 06:23 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
लाभ : 06:00 से 07:30
अमृत : 07:30 से 09:00
शुभ : 10:30 से 12:00
चल : 03:00 से 04:30
लाभ : 04:30 से 06:00
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें दिन विशेष : श्रीराम नवमी, गण्डमूल चालू हैं , दुर्गा नवमी, नवरात्रि समाप्त

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *


पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# जल जीवन मिशन के लिए होगा तकनीक का उपयोग : वित्तमंत्री

## ईआरसीपी का 90 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार देगी

**जयपुर,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को जयपुर में आयोजित उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के चुनावी मुद्दों लेकर गहलोत सरकार पर भी निशाना साधा।

पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चुनावी चंदे का पहले कोई सिस्टम नहीं था। कितना ही पैसा दो, सोना दो या फ्लैट दो कोई हिसाब किताब नहीं था। अब डोनेट करने वाले बैंक अकाउंट के जरिए पैसा दिया जाता है। अब अकाउंट से अकाउंट मनी ट्रांसफर होता है। सब पार्टियों ने इसका फायदा उठाया पर दोषारोपण सिर्फ भाजपा पर किया जा रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे हटाने को कहा है। इसे घोटाला बताने वालों को सोचना चाहिए कि कांग्रेस ने राजस्थान के वोटर को गुमराह किया। भ्रष्टाचार के गहलोत राज में कीर्तिमान बनें। मोदी जी फिर आएंगे और सबके प्रयास से विकसित भारत बनाएंगे।




इस दौरान राजस्थान के खास मुद्देईआरसीपी को लेकर भी वित्तमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर बनाई जा रही है, जल्दी ही इसे लागू किया जाएगा। ईआरसीपी को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत राजी नहीं थे। अशोक गहलोत ने ईआरसीपी को लेकर रुकावट डालने का प्रयास कर रहे थे। परियोजना का 90 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार देगी।

उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत पिछले लगातार तीन वित्तीय वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रही है और ये वृद्धि आने वाले वर्षों में भी जारी रह सकती है। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं। वित्त वर्ष 2023–24 में भारत ने तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर देखी और चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि की उम्मीद है, उन्होंने कहा कि ये एक स्थाई वृद्धि रही है।

केंद्रीय वित्त वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की विश्वसनीयता के कारण विदेशी निवेशक भारत में निवेश करने के लिए आ रहे हैं। आर्थिक नीति, व्यापक व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर कराधान नीति, पारदर्शी निविदाओं और खरीद के कारण विदेशों में भारत की अर्थव्यवस्था की अपार विश्वसनीयता रही है। इसलिए, निवेशक यहां निवेश करने आ रहे हैं।

# जिला कारागृह में गुटखा और सिगरेट की सप्लाई

## कैदियों से पहले गार्ड के हाथ लगा पाउच, मामला दर्ज

**हनुमानगढ़,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
हनुमानगढ़ जिला कारागृह परिसर में दीवार के ऊपर से प्रतिबंधित सामग्री फेंकने का मामला सामने आया है। जो बंदियों से पहले रात्रि को गश्त कर रहे गार्ड के हाथ लग गई। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार जिला कारागृह प्रहरी साक्षी (26) पुत्री चिमनलाल निवासी डबलीकलां पीएस तलवाड़ा झील ने जिला कारागृह के अधीक्षक योगेश कुमार तेजी ने पत्र पेश करते हुए बताया कि शनिवार–रविवार की रात्रि करीब 2 बजे जेल में गार्ड की ओर से गश्त की जा रही थी। उसी दौरान जेल के वार्ड एक की बैरक नम्बर दो के पीछे गैलरी में काले रंग का एक पैकेट मिला। इस पैकेट के अंदर तंबाकू गणेश छाप जर्दा के 10 पाउच, तानसेन गुटखा के पन्द्रह पाउच व सिगरेट के चार पैकेट व एक लाइटर था।

ये निषिद्ध सामग्री अज्ञात व्यक्ति की ओर से बंदियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बाहरी रोड से कारागृह के अंदर फेंकी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 42 कारागार (राजस्थान संशोधन) अधिनियम 2015 के तहत मुकदमा दर्ज कर बुधवार को तफ्तीश एएसआई कृष्णलाल सउनि के सुपुर्द की है।

# सहायक नगर नियोजक प्रतियोगिता परीक्षा की विचारित सूची जारी

**जयपुर,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक नगर नियोजक (नगर नियोजन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा–2022 के तहत पात्रता जांच हेतु अभ्यर्थियों की अतिरिक्त विचारित सूची जारी की गई है। इसमें 24 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में शामिल किया गया है। आयोग ने इस परीक्षा का आयोजन 16 जून 2023 को किया था। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि उक्त परीक्षा के तहत पात्रता जांच हेतु 7 दिसंबर 2023 और 22 फरवरी 2024 को विचारित सूची जारी की गई थी। इनमें अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाए जाने के कारण 24 अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन या वरीयता सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है।




**24 अभ्यर्थी पात्रता जांच में शामिल**

अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी। पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से ही नियमानुसार मुख्य चयन सूची व आरक्षित सूची जारी की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन का कार्य काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। इसके विस्तृत कार्यक्रम के संबंध में आयोग की वेबसाइट एवं अन्य माध्यमों से यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

# पेट्रोल–डीजल के भंडारण को लेकर पंप संचालकों को निर्देश

**सिरोही,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
सिरोही जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी ने मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी आदेश तक जिला मुख्यालय पर 8 हजार लीटर डीजल, 15 सौ लीटर पेट्रोल और 100 लीटर ऑयल तथा अन्य स्थानों पर 4 हजार लीटर डीजल, 15 सौ लीटर पेट्रोल एवं 100 लीटर ऑयल रिजर्व रखने के आदेश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी के अनुसार जिला मुख्यालय के पेट्रोल पंपधारी को 8000 लीटर डीजल, 3000 लीटर पेट्रोल, 100 लीटर ऑयल तथा जिला मुख्यालय से अन्य स्थानों के पेट्रोल पंपधारी को 4000 लीटर डीजल, 1500 लीटर पेट्रोल और 100 लीटर ऑयल आरक्षित रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी पेट्रोल पंप मालिक अनुज्ञाधारकों को उक्त अनुसार आरक्षित पीओएल की मात्रा स्टॉक में रखने और कमी नहीं होने के आदेश दिए हैं। आरक्षित मात्रा में पीओएल का वितरण संबंधित उपखंड अधिकारी तथा तहसीलदार की पूर्व अनुमति प्राप्त कर किया जा सकेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## परिजनों ने सड़क पर जाम लगाया

**करौली,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
करौली–कैलादेवी मार्ग स्थित राजौर गांव के बाग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने करौली अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने करौली–कैलादेवी मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और आर्थिक सहायता का आश्वासन देकर जाम हटवाया और यातायात से सुचारू कराया। थाना अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि सोमवार रात राजौर गांव के निवासी बाइक सवार 22 वर्षीय मनीष पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल मीना की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर करौली–कैलादेवी मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे कैलादेवी डीएसपी सीताराम बैरवा और मामचारी थाना अधिकारी कमलेश मीणा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे तथा जाम हटाने के लिए ग्रामीणों से समझाइश की लेकिन ग्रामीण सपोटरा विधायक हंसराज मीणा को मौके पर बुलाने के लिए अड़े रहे।

# बहन को पिस्टल दिखा भाई ने किया भाई का अपहरण

**श्रीगंगानगर,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर इलाके के गांव तीन एफबी में भाई ने भाई का किडनैप कर लिया। आरोपी और पीड़ित दोनों सगे भाई हैं। दोनों की शादी भी एक ही परिवार में सगी बहनों से हुई थी। पीड़ित की पत्नी की मौत के बाद से दोनों भाइयों में विवाद है। सोमवार को आरोपी और उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर पीड़ित का किडनैप कर लिया। आरोपी बीकानेर का रहने वाला है। इस संबंध में पीड़ित की बहन ने अपने सगे भाई के खिलाफ भाई के किडनैप का मामला दर्ज करवाया है।

श्रीकरणपुर थाने में दर्ज मामले में सूरतगढ़ तहसील के लडाना की रहने वाली संतोष पत्नी चंद्रपाल ने बताया कि उसके भाई बीकानेर निवासी सतपाल पुत्र रामकुमार ने सोमवार को घर में घुसकर उसके दूसरे भाई विजयपाल का किडनैप कर लिया। घटना के समय संतोष गांव तीन एफबी स्थित विजयपाल के घर पर ही थी। आरोपी सतपाल ने उसे पिस्टल दिखाई और विजयपाल को जीप में डालकर ले गए। जांच अधिकारी एसआई बेगराज ने बताया कि सतपाल और विजयपाल का विवाह कुछ समय पहले एक ही परिवार में हुआ था।

कुछ समय पहले विजयपाल की पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद विजयपाल किसी अन्य महिला के साथ रहने लगा। इससे सतपाल और उसके ससुराल के लोग नाराज थे।

इसी नाराजगी के चलते सतपाल ने घर में घुसकर विजयपाल का अपहरण कर लिया। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी सतपाल की तलाश में कुछ जगह दबिश भी दी गई, लेकिन अब तक उसका पता नहीं लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

## झगड़ा होने के बाद साथी को बुलाकर की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
रेवाड़ी अपराध शाखा–2धारूहेड़ा व थाना कसौला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए संगवाड़ी के समीप एक अज्ञात युवक की हत्या करके शव को डालने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला बंदायू के गांव करलावाला निवासी नेकपाल और नन्ने खां के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को आगामी पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

पुलिस ने बताया कि गांव लाधुवास गुज्जर निवासी श्यामपत ने 9 अप्रैल को डायल–112 पर सूचना दी थी की जयपुर–दिल्ली राजमार्ग संख्या–48 के सर्विस रोड पर संगवाड़ी फ्लाईओवर के समीप एक युवक का शव पड़ा हुआ है जिसके हाथ–पैर बंधे हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन उस समय शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।



जो बाद में युवक की शिनाख्त उसके परिजनों द्वारा करवाई गई तो युवक की पहचान जम्मू–कश्मीर के जिला कठूआ के वार्ड नंबर–14 निवासी प्रदीप पुत्र संसारचंद्र के रूप में हुई। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद अपराध शाखा–2 धारूहेड़ा व थाना कसौला पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए सोमवार को मामले में दो आरोपी यूपी के जिला बंदायू के गांव करलावाला निवासी नेकपाल और नन्ने खां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी नेकपाल ने बताया की वह ड्राइवरी का काम करता है और उसे काम की जरूरत थी जिसके लिए उसने अपने ही गांव के निहाल से संपर्क किया था। निहाल भी ड्राइवरी का काम करता है और उसके साथ ही मृतक प्रदीप भी ड्राइवरी करता था। इसके बाद 4 अप्रैल को वह प्रदीप के पास पहुंच गया जिसके बाद प्रदीप ने उससे कहा कि वह उसे रास्ता दिखा देता है फिर उसको अपनी गाड़ी पर लगवा देगा।

इसके बाद वह प्रदीप के साथ महाराष्ट्र के बारामती से टैंपो भरकर गुड़गांव के लिए रवाना हुआ था। रात को ढाबा पर रूकने के बाद वह 6 अप्रैल को जयपुर के लिए चल पड़े और इसी दौरान प्रदीप उसके साथ झगड़ा करने लग गया। जो इस बारे उसने निहाल को बताया। निहाल ने उसने अपनी लोकेशन भेजने को कहा और वहीं आने को कहा। इसके बाद 7 अप्रैल की रात को वह नीमराणा में हीरो कम्पनी की ट्रक पार्किंग के पास पहुंच गए थे और इसी दौरान निहाल अपने गांव निवासी ड्राइवर नन्ने खां के साथ कार लेकर वहां पहुंच गए। वहां पर उन्होंने प्रदीप को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना जिसके बाद उन्होंने प्रदीप के गले में डले परने से उसका गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। 8 अप्रैल की रात को उन्होंने प्रदीप की डेड बॉडी को संगवाड़ी फ्लाईओवर के समीप सीमेंट के ब्लॉक के नीचे छिपा दिया और ट्रक को ढाबा पर खड़ा करके फरार हो गए। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी निहाल को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते सात गिरफ्तार

## सीआईए की टीम ने टीडीआई एस्पानिया में डाला छापा

**सोनीपत,16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
हरियाणा के सोनीपत में सीआईए की टीम ने कुमासपुर के पास स्थित टीडीआई एस्पानिया में छापा डालकर आईपीएल मैच पर सट्टा लगवा रहे सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हैदराबाद व बंगलूरू टीमों के मुकाबले पर सट्टा लगा रहे थे। सीआईए की टीम ने आरोपियों से 12 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एलईडी, 5500 रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ जुआ अधिनियम में केस दर्ज किया है।

सीआईए–1 के एएसआई सिकंदर ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह टीम में शामिल एएसआई अनिल कुमार, हवलदार अनिल, राजेश, विकास, उमेश व सुधीर के साथ कुमासपुर के पास मौजूद थे। तभी जानकारी मिली कि टीडीआई एस्पानिया के फ्लैट में राजन व प्रवेश उर्फ रॉकी नाम के दो युवक साथियों के साथ सट्टा लगवाते हैं। वह आईपीएल में हैदराबाद व बंगलूरू की टीम के बीच क्रिकेट मैच में सट्टा लगा रहे हैं। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची तो छठे फ्लोर के फ्लैट नंबर–6 में सट्टा लगाया जा रहा था। आरोपी कमरे के अंदर से सटोरियों से रेट फिक्स करने के लिए कॉल कर रहे थे। पुलिस ने फ्लैट में छापा डाला तो सात युवक मिले।

वह मोबाइल पर मैच के बारे में बात कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। उनकी पहचान गांव बारोटा निवासी राजन, न्यू ब्रह्म कॉलोनी निवासी प्रवेश कुमार उर्फ रॉकी, राजस्थान के श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ स्थित न्यू ओल्ड कॉलोनी निवासी विपिन अरोड़ा, श्रीगंगानगर के जवाहर नगर स्थित एसएसबी रोड निवासी विरेंद्र, मूलरूप से सूरतगढ़ की आदर्श कॉलोनी फिलहाल सुदामा नगर निवासी वरुण, आदर्श कॉलोनी निवासी लोकेश और पंजाब के जिला जालंधर के थाना नकोदर स्थित गांव शकर निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ गौरा के रूप में हुई।

# श्री रामनवमी आज



## रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाई जाएगी रामनवमी

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन 17 अप्रैल को रामनवमी मनाई जाएगी। भगवान श्रीराम का जन्म कर्क लग्न और अभिजीत मुहूर्त में मध्यान्ह 12 बजे हुआ था। अयोध्या में इस मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त रहेगा। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक त्रेतायुग में इसी समय श्रीराम का जन्म हुआ था। श्रीराम जन्म पर पूजा और व्रत करने की परंपरा है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि राम नवमी इस साल 17 अप्रैल 2024 को मनाई जाएगी। नवमी तिथि की शुरुआत 16 अप्रैल 2024 को दोपहर 01.23 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 17 अप्रैल 2024 को दोपहर 03.14 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू कैलेंडर के मुताबिक चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि 17 अप्रैल को रामनवमी मनाई जाएगी। इस दिन पूरे देश में धूमधाम से राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म राजा दशरथ के घर पर हुआ था। इस दिन प्रभु श्रीराम की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भगवान राम का जन्म मध्यान्ह में अभिजीत मुहूर्त में हुआ था। उस समय सूर्य, बुध, गुरु, शुक्र और शनि ग्रह का विशेष योग बना था। जबकि सूर्य, मंगल, गुरु, शुक्र और शनि अपनी-अपनी उच्च राशि में मौजूद थे। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस दिन रामनवमी के दिन 17 अप्रेल को शुभ योग बन रहा है जो इसे बहुत खास बना रहा है। इस वर्ष रामनवमी पर बहुत ही शुभ योग बन रहा है। इस बार राम नवमी के दिन आश्लेषा नक्षत्र, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। राम नवमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 05:16 मिनट से लेकर 06:08 मिनट तक रहेगा। वहीं पूरे दिन रवि योग का संयोग बनेगा। 17 अप्रेल को रवि योग लग रहा है जो पूरे दिन रहने वाला है। ज्योतिष शास्त्र में रवि योग को बहुत शुभ माना गया है। इस योग में सूर्य का प्रभाव होने से भक्तों को सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। इस योग में धार्मिक कार्य ओर हवन पूजन करने से जीवन में सफलता और मान-सम्मान की प्राप्ति होती है।

### सूर्य तिलक के समय बनेंगे 9 शुभ योग, तीन ग्रहों की स्थिति त्रेतायुग जैसी

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि दोपहर 12 बजे जब रामलला का सूर्य तिलक होगा, उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। इन 9 शुभ योग में रामलला का सूर्य तिलक होगा। वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि राम जन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस दिन गुरु व सूर्य के एक साथ मेष राशि में रहने पर गुरु आदित्य योग का शुभ संयोग बन रहा है। ऐसा योग 12 साल बाद बन रहा है। शास्त्रों के अनुसार सूर्य मेष राशि में उच्च का होता है और गुरु समकारक मित्र है। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। सितारों का ये संयोग देश के लिए शुभ संकेत है।

**क्या है सूर्य अभिषेक –** सूर्य की पहली किरण से मंदिर का अभिषेक होना बहुत शुभ माना जाता है । सनातन धर्म में सूर्य को ऊर्जा का स्रोत और ग्रहों का राजा माना जाता है । ऐसे में जब देवता अपनी पहली किरण से भगवान का अभिषेक करते हैं । तो उसे आराधना में और देवत्व का भाव जाग जाता है । इस परिकल्पना को सूर्य किरण अभिषेक कहा जाता है।

**सूर्य अभिषेक का महत्व–** श्री राम जन्म से सूर्यवंशी थे और उनके कुल देवता सूर्यदेव हैं। मान्यता है चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12:00 बजे श्रीराम का जन्म हुआ था। उस समय सूर्य अपने पूर्ण प्रभाव में थे। सनातन धर्म के अनुसार उगते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य देने, दर्शन व पूजा करने से बल, तेज व आरोग्य की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही कुंडली में सूर्य की स्थिति भी मजबूत होती है। विशेष दिनों में सूर्यदेव की पूजा दोपहर के समय में ही होती है क्योंकि तब सूर्यदेव अपने पूर्ण प्रभाव में होते हैं।

**रवि योग–**नवरात्र पर्व के दौरान रवि योग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रवि योग में सभी प्रकार के दोषों से मुक्ति मिलती है। रवि योग को शुभ योग माना जाता है, जिसमें सूर्य का प्रभाव होता है। इस दौरान की गई पूजा-पाठ मान-सम्मान और करियर में सफलता प्रदान करते हैं।

**कर्क लग्न–** इस बार राम नवमी पर चंद्रमा कर्क राशि में मौजूद रहेगा। आपको बता दें कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु राम का जन्म कर्क लग्न में ही हुआ था।

**राम नवमी मुहूर्त –** इस साल राम नवमी 17 अप्रैल 2024 को है। पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 16 अप्रैल 2024 को दोपहर 01.23 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 17 अप्रैल 2024 को दोपहर 03.14 मिनट पर समाप्त होगी।

**पूजा विधि –** इस पावन दिन शुभ जल्दी उठ कर स्नान करने के बाद स्वच्छ वस्त्र पहन लें। अपने घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। घर के मंदिर में देवी- देवताओं को स्नान कराने के बाद साफ स्वच्छ वस्त्र पहनाएं। भगवान राम की प्रतिमा या तस्वीर पर तुलसी का पत्ता और फूल अर्पित करें। भगवान को फल भी अर्पित करें। अगर आप व्रत कर सकते हैं, तो इस दिन व्रत भी रखें। भगवान को अपनी इच्छानुसार सात्विक चीजों का भोग लगाएं। इस पावन दिन भगवान राम की आरती भी अवश्य करें। आप रामचरितमानस, रामायण, श्री राम स्तुति और रामरक्षास्तोत्र का पाठ भी कर सकते हैं। भगवान के नाम का जप करने का बहुत अधिक महत्व होता है। आप श्री राम जय राम जय जय राम या सिया राम जय राम जय जय राम का जप भी कर सकते हैं। राम नाम के जप में कोई विशेष नियम नहीं होता है, आप कहीं भी कभी भी राम नाम का जप कर सकते हैं।

**हवन सामग्री–**आम की लकड़ी, आम के पत्ते, पीपल का तना, छाल, बेल, नीम, गूलर की छाल, चंदन की लकड़ी, अश्वगंधा, मुलैठी की जड़, कपूर, तिल, चावल, लौंग, गाय की घी, इलायची, शक्कर, नवग्रह की लकड़ी, पंचमेवा, जटाधारी नारियल, गोला और जौ आदि हवन में प्रयोग होने वाली सभी सामग्री जुटाएं।

**हवन विधि–**हवन पर बैठने वाले व्यक्ति को रामनवमी के दिन प्रातः जल्दी उठना चाहिए। शौच आदि से निवृत्त होकर स्नान करने के बाद स्वच्छ कपड़े धारण करने चाहिए। वैदिक शास्त्रों में ऐसा लिखा है कि यदि हवन पति-पत्नी साथ में करें तो उसका विशेष फल प्राप्त होता है। सबसे पहले किसी स्वच्छ स्थान पर हवन कुंड का निर्माण करें। हवन कुंड में आम लकड़ी और कपूर से अग्नि प्रज्जवलित करें। इसके बाद हवन कुंड में ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डयै विच्चै नमः का जाप करते हुए घी से माता के नाम की आहुति दें। इसी के साथ अन्य देवी-देवताओं के नाम की आहुति दें। इसके बाद संपूर्ण हवन सामग्री से 108 बार हवन सामग्री को आहुति दें।

### हवन के बाद करें यह कार्य

हवन के बाद माता जी की आरती करें। इसके बाद माता को खीर, हलवा, पूड़ी और चने का भोग लगाएं। कन्याओं को भी भोजन कराएं। प्रसाद बांटें। उन्हें दक्षिणा भी दें।

### राम नवमी का महत्व

कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि राम नवमी का दिन भक्तों के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विष्णु जी के अवतार प्रभु श्री राम की पूजा करने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। भक्तों के जीवन से सभी कष्ट कट जाते हैं। इसके अलावा इस दिन नवरात्रि का समापन भी होता है, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस दिन को महानवमी कहते हैं। इस दिन पूजा अर्चना करने से राम जी के साथ आदिशक्ति मां जगदम्बा की कृपा भी प्राप्त होती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार राम का नाम अमोघ है। इसमें ऐसी शक्ति है जो इस संसार के तो क्या,परलोकों के संकट काटने में भी सक्षम है। माना गया है कि अंतिम समय में राम का नाम लेने वाला व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त होता है।भगवान श्री रामचंद्र जी का नाम इस कलयुग में कल्पवृक्ष अर्थात मनचाहा फल प्रदान करने और कल्याण करने वाला है। अनादि काल से महादेव जिस नाम का स्मरण करते है और जिस नाम की महिमा का बखान भगवती पार्वती से किया हैं,जिनके सेवार्थ उन्होंने श्री हनुमत रूप में अवतार लिया ऐसे प्रभु श्री राम का नाम लिखना,बोलना भवसागर से पार तो लगाता है ही साथ ही मनुष्य को समस्त प्रकार के दैहिक,दैविक एवं भौतिक तापों से मुक्ति प्रदान करता है।

## रामनवमी इन 4 राशियों के लिए होगा बेहद शुभ, सालों बाद बना है महासंयोग

**ज्योतिष की मानें तो इस बार रामनवमी पर सालों बाद सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग बनने जा रहा है। ज्योतिष में इन दोनों ही योगों को बहुत शुभ माना गया है। ऐसे में इस दिन बनने जा रहे महासंयोग से इन 4 राशियों को जमकर लाभ मिलने वाला है। आइए जानते हैं इन राशियों के बारे में।**

**मेष राशि :–** रामनवमी मेष राशि वाले जातकों के लिए कई सौगात लोकर आ रहा है। इनकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। रुके हुए धन वापस मिलेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला राशि :–** तुला राशि वाले जातकों पर हनुमान जी और श्रीराम की कृपा बरसने वाली है। आय में वृद्धि होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन में सुख-शांति आएगी। परिवारवालों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशि :–** रामनवमी से सिंह राशि वाले जातकों को भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन लाभ होगा। नौकरी खोज रहे लोगों को नई नौकरी मिलेगी। पुराने कर्ज से छुटकारा मिलेगा। सेहत बेहतर रहेगा। बिजनेस में मुनाफा होगा।

**कुंभ राशि :–** कुंभ राशि वाले जातकों को लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा हैं तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। भगवान राम की कृपा से आपके सभी कार्य सफल होंगे। कमाई का नया जरिया मिलेगा। कोई खुशखबरी मिलेगी।



## राम नवमी पर श्रीराम को लगाएं इन 5 चीजों का भोग

**राम नवमी पर राम जी के बालक स्वरूप की पूजा होती है । रामलला को प्रसन्न करने के लिए इस दिन उनके प्रिय पकवानों का भोग लगाना चाहिए। आइए जानते हैं श्रीराम को कौन सा भोग प्रिय है।**

### राम नवमी के भोग

**पंजीरी –** राम लला का सबसे प्रिय भोग है पंजीरी। राम नवमी के दिन श्रीराम को धनिए, घी, चीनी से बनी पंजीरी का भोग लगाएं। इसमें तुलसी दल जरुर डालें। मान्यता है मर्यादा पुरुषोत्तम जल्द प्रसन्न होते हैं और दांपत्य जीवन में मिठास बढ़ती है।

**चावल की खीर –** भगवान राम को खीर बहुत पसंद है। चावल को देव अन्न कहा जाता है। राम नवमी पर खीर का भोग लगाने से देवी लक्ष्मी की कृपा बरसती है। संतान प्राप्ति की कामना पूरी होती है। पौराणिक कथा के अनुसार माता कौशल्या ने दिव्य प्रसाद के रूप में खीर खाई थी जिसके बाद राम जी का जन्म हुआ। ये भी मान्यता है कि जब राम जी का जन्म हुआ था तब खीर बनाई गई थी।

**पंचामृत –** शास्त्रों में विष्णु भगवान की पूजा में पंचामृत का अत्यंत विशेष महत्व माना गया है। इसके बिना श्री हरि और उनके अवतारों की पूजा अधूरी मानी जाती है।राम नवमी पर दूध, दही, घी, शक्कर का पंचामृत बनाकर भोग लगाएं।

**कंदमूल –** राम नवमी पर कंदमूल या मीठे बेर राम जी को भोग लगाएं। पौराणिक कथा के अनुसार वनवास के दौरान भगवान राम ने कंदमूल खाए थे। इसके अलावा बेर भी राम जी का पसंदीदा भोग है। मान्यता है इससे परिवरा में खुशहाली आती है। सुख-समृद्धि का वास होता है।

**केसर भात –** राम नवमी पर घर में केसर भात का भोग रामलला को लगाएं। मान्यता है राम जी को केसर भात का भोग लगाने दरिद्रता का नाश होता है।

# थलाइवर 171 के नए पोस्टर में जबरदस्त लुक में दिखे रजनीकांत



22 अप्रैल रिलीज होगा फिल्म का टाइटल

गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं। असफलता को पीछे छोड़ते हुए रजनीकांत ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज करने जा रहे हैं, जिनकी पिछली तीन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परचम लहराया था। उनकी पिछली प्रदर्शित फिल्म लियो थी, जिसने थलापति विजय नजर आए थे।रजनीकांत की जेलर ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। बहरहाल हम बात कर रहे हैं रजनीकांत की अगली फिल्म की। वे जल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है।लियोळ और विक्रमळ जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं।उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। पोस्टर के बैकग्राउंड मैकेनिकल है, जिसमें घड़ी की मैकेनिज्म देखने को मिलती है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है।

# इंडियन 2 का नया पोस्टर हुआ आउट, सेनापति के किरदार में नजर आए साउथ सुपरस्टार कमल हासन

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार कमल हासन बहुत जल्द अपनी नई फिल्म इंडियन 2 लेकर आ रहे हैं। इसे मशहूर फिल्ममेकर एस शंकर बन रहे हैं। अब मेकर्स ने 2 का धांसू पोस्टर जारी कर दिया, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि कमल हासन की इंडियन 2 इस साल किस महीने सिनेमाघरों मे दस्तक देगी।लायका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म इंडियन 2 के नए की झलक दिखाई है, जिनमें अलग-अलग भाषाओं में फिल्मों के टाइटल्स के भी जिक्र हैं। तमिल और दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं में कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 नाम से रिलीज होगी। वहीं, हिंदी और तेलुगु वर्जन में मूवी का नाम हिंदुस्तानी 2 और भारतीयुडु 2 होगा।पोस्टर में देखा जा है कि कमल हासन दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। एक लुक में उन्होंने व्हाइट सूट पहना है, तो दूसरे लुक में उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिंद फौज की यूनिफॉर्म में देखा सकता है। यह पोस्टर पुथंडु, तमिल के नए साल के मौके पर रिलीज हैं। यह मूवी इस साल जून में थिएटर्स में दस्तक देगी। इंडियन 2 में कमल हासन एक बार फिर सेनापति बनकर तहलका मचाते हुए नजर आएंगे।मालूम हो कि इंडियन 2 साल 1996 में रिलीज हुई कमल हासन की फिल्म इंडियन का सीक्वल है। इस मूवी को ऑडियंस ने खूब किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने के मामले में बड़ी सफल साबित थी। इंडियन कमल हासन की बेस्ट फिल्मों में से एक है।पिछली बार कमल हासन तमिल एक्शन थ्रिलर फिल्म विक्रम में नजर आए थे, जो साल 2022 में रिलीज हुई थी। इसमें विजय सेतुपति, फहाद और अन्य सितारों ने अहम भूमिका निभाई थी। विक्रम ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और दुनियाभर में लगभग 450 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था।




# मिस्टर इंडिया की ये क्यूट बच्ची थी लोगों की फेवरेट

## आज हैं मार्केटिंग फील्ड की धुरंधर 37 साल बाद दिखती है ऐसी





अनिल कपूर और श्रीदेवी स्टारर फिल्म 'मिस्टर इंडिया' सुपरहिट साबित हुई थी। इस फिल्म में कॉमेडी, एक्शन और रोमांस भरपूर देखने को मिला था। फिल्म में बच्चों की एक फौज भी दिखाई दी थी, जिन्होंने अपने अभिनय से लोगों को खासा इम्प्रेस किया था। लेकिन एक बच्ची, जिसने फिल्म में 'टीना' का किरदार निभाया था, उसकी मासूमियत पर लोग फिदा हो गए थे। जी हां, वही टीना जिसकी फिल्म में बम धमाके से मौत हो जाती है। फिल्म में टीना के किरदार को बखूबी निभाने वालीं एक्ट्रेस का नाम हुजान खोदाइजी है। हुजान खोदाइजी आज बड़ी, खूबसूरत और ग्लैमरस हो गई हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देखने के बाद फैन्स उन्हें पहचान ही नहीं पा रहे। बता दें, हुजान खोदाइजी इंस्टाग्राम पर तो मौजूद हैं, लेकिन उन्होंने अपनी प्रोफाइल को प्राइवेट रखा हुआ है। फिर भी फैन्स को उनकी तस्वीरें कहीं न कहीं से मिल ही जाती हैं। हुजान खोदैजी की जो नई फोटो इस समय वायरल हो रही है, उसमें उन्हें ब्लू कलर के ड्रेस में देखा जा सकता है। तस्वीर में हुजान बहुत ही प्यारी लग रही हैं। उनके गालों पर पड़ने वाले डिंपल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। लोग इस फोटो को देखने के बाद एक बार फिर उनकी क्यूटनेस पर फिदा हो गए हैं।

# साउथ सिनेमा के पॉपुलर एक्टर द्वारकीश का निधन



सीनियर कन्नड़ फिल्म एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर बंगल शमा राव द्वारकानाथ का निधन हो गया है। उन्हें द्वारकीश के नाम से जाना जाता था। बताया जा रहा है कि द्वारकीश का मंगलवार 16 अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी उम्र 81 साल बताई जा रही है। उन्होंने लगभग 100 फिल्मों में एक्टिंग की और करीब 50 फिल्में बनाईं और उन्हें डायरेक्ट किया। 19 अगस्त, 1942 को मैसूर जिले के हुनसूर में जन्मे द्वारकीश को उनकी कॉमिक रोल्स के लिए जाना जाता था जिसने उन्हें राज्य में घर घर का फेवरेट बना दिया। उन्हें पॉपुलर हिंदी प्लेबैक सिंगर किशोर कुमार को 'आदु आता आदु' गाने के साथ कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में पेश करने का क्रेडिट भी दिया जाता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा होल्डर द्वारकीश ने 1966 में थुंगा पिक्चर्स के बैनर तले ममथेया बंधन का को-प्रोड्यूस करके फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत की। द्वारकीश ने अपनी फिल्म मेयर मुथन्ना से एक प्रोड्यूसर के तौर पर बड़ी सफलता का स्वाद चखा।

# नो एंट्री 2 में हुई श्रद्धा, कृति और मानुषी की एंट्री, कॉमेडी का तड़का लगाएंगी अभिनेत्रियां



बोनी कपूर पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। जब से बोनी ने अपनी फिल्म नो एंट्री के सीक्वल का ऐलान किया है, उनका नाम मीडिया खबरों में बना हुआ है।फिल्म में नजर आने वाले अभिनेताओं के नाम पर निर्माता पहले ही मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, फिल्म की अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई थी।अब एक रिपोर्ट में इसमें नजर आने वाली अभिनेत्रियों के नाम का भी खुलासा हो गया है।बोनी ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि नो एंट्री 2 में मुख्य भूमिका में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे।रिपोर्ट के मुताबिक, नो एंट्री 2 में काम करने वाली अभिनेत्रियों का चयन भी हो गया है। कथित तौर पर फिल्म से मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सैनन के जुडऩे की खबर है।दावा किया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएंगी।सूत्रों ने बताया है कि मानुषी, कृति और श्रद्धा फिल्म में अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।बता दें, मानुषी ना केवल कृति और श्रद्धा के साथ पहली बार साथ काम करती दिखाई देंगी, बल्कि वह तीनों अभिनेताओं के साथ भी पहली बार स्कीन साझा करेंगी।यह भी बताया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी, जो कहानी को और ज्यादा मजेदार बनाने का काम करेगा।बोनी ने अर्जुन, वरुण और दिलजीत ने नाम पर मुहर लगाते हुए कहा था, जो भी नाम बताए गए हैं वे सही हैं। फिल्म में वही अभिनेता मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आइए आशा करते हैं कि चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी और यह नो एंट्री की तरह ही दिलचस्प और मजेदार बेनगी। इसकी स्क्रिप्ट बिल्कुल शानदार है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि यह स्क्रिप्ट पहली वाली की तुलना में और ज्यादा मजेदार है।नो एंट्री 2 साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है, जिसमें सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे।नो एंट्री को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म का निर्देशन अनीज बज्मी ने किया था और नो एंट्री 2 की कमान भी वही संभालेंगे।नो एंट्री 2 पर काम इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगा। अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# मैं भारत गोरी लड़की की भूमिकाएं करने नहीं रूढ़िवादिता तोडऩे आई हूं:नोरा फतेही

अभिनेत्री नोरा फतेही इन दिनों बड़े-बड़े खुलासे कर रही हैं। बीते दिनों उन्होंने पर जमकर निशाना साधा।हाल ही में उन्होंने कहा था कि बॉलीवुड की ज्यादातर जोडिय़ों ने प्यार के लिए नहीं, बल्कि पैसों के लिए शादी की है। उन्होंने बिना नाम लिए कई सितारों पर निशाना साधा था।नोरा इन दिनों फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अपनी पेशवर जिंगदगी पर खुलकर बात की।नोरा ने कहा, मुझे लगता है कि मैं एक्टिंग, गायन या डांस चाहे किसी भी क्षेत्र में क्यों न हूं, मेरा सम्मान किया जाए। चाहे फिर मैं कोई शो ही क्यों न जज करूं। मैं हमेशा चाहती थी कि मेरी सराहना की जाए।उन्होंने मडगांव एक्सप्रेस के बाद मेरे करियर में निश्चित रूप से बदलाव आया है। 3 शानदार अभिनेताओं के बीच समीक्षकों की तारीफ मिलना मेरे लिए किसी भी पुरस्कार से कहीं बढ़कर है।नोरा बोलीं, मैंने हिंदी सीखने में बड़ी मेहनत की है, इसलिए मैं विदेशी भूमिकाओं से दूर रही। मैं भारत लड़की की भूमिकाएं करने नहीं, बल्कि रूढ़िवादिता तोडऩे के लिए आई हूं।क्या इंडस्ट्री का उनके प्रति नजरिया बदला, इस पर नोरा ने कहा, यह इतनी जल्दी नहीं होगा। वे जानते हैं कि मैं एक बहुआयामी व्यक्ति हूं और अलग-अलग चीजें करती हूं। बातें चल रही हैं कि लोग अब और काम देने के बारे में सोच रहे हैं।नोरा कहती हैं, कनाडा से भारत आना मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। हिंदी तो भूल जाइए। मैं तब बॉलीवुड के बारे में कुछ भी नहीं जानती थी।वह बोली, मैं महज 20 साल की थी, जो मायानगरी मुंबई में अपनी जिंदगी जीने कोशिश कर रही थी। मेरा कोई बॉयफ्रेंड या इंडस्ट्री से कोई पहचान का नहीं था। मुझे बहुत समय लगा। कई बार मैं हैरान रह गई। मुझे उन एजेंसियों से निपटना पड़ा, जो विदेशियों का शोषण करती हैं।नोरा साउथ की फिल्मों में हमेशा मेहमान भूमिका में ही दिखी हैं। हालांकि, वह दक्षिण भारतीय सिनेमा में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।उन्हें साउथ के मशहूर अभिनेता वरुण तेज की तेलुगु फिल्म मटका में देखा जाएगा। इसमें भी उनकी भूमिका शानदार होगी। इसके जरिए नोरा ने तेलुगु सिनेमा में कदम रखा है। करुणा कुमार के निर्देशन में बन रही यह 1960 दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी।इसमें उनका एक डांस नंबर भी होगा।

# अदिति भगत ने उड़ारियां में सीखा ऑन-स्क्रीन रोमांस



शो उड़ारियां में आसमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अदिति भगत ने बताया कि इस शो ने उन्हें ऑन-स्क्रीन रोमांस करना सिखाया है।अदिति ने बताया कि वह शो में पहली बार रोमांटिक सीन कर रही हैं और वह स्वीकार करती हैं कि कभी-कभी उन्हें ऐसा करना मजेदार भी लगता है।उन्होंने कहा, उडारियां ने मुझे सिखाया कि ऑन-स्क्रीन रोमांस कैसे किया जाता है। मैं मजाक नहीं कर रही हूं, ऐसे सीन को शूट करना बहुत मुश्किल है क्योंकि कभी-कभी मुझे सीधा चेहरा बनाए रखना मुश्किल लगता है लेकिन एक कलाकार के रूप में आपको किसी भी दृश्य को करने के लिए तैयार रहना पड़ता है और मुझे लगता है कि मैं उसमें महारत हासिल कर रही हूं।उन्होंने आगे कहा, मुझे फाइट सीक्वेंस करने में भी मजा आ रहा है।

मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं टीवी पर एक्शन सीन करूंगी।एक्ट्रेस रोजाना सेट पर आने को आतुर रहती हैं। वह कहती हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें अपना काम इतना पसंद है कि अगर संभव हुआ तो वह सेट पर ही रहेंगी।अदिति ने कहा, मुझे अपने काम से प्यार है।

हर दिन जब मैं उठती हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता से भरा होता है, और इतने लोकप्रिय शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि मेरे काम के प्रति मेरे मन में जो प्यार है, वह मुझे हर दिन काम पर आने के लिए प्रेरित करता है।उन्होंने आगे कहा, मैं यहां चंडीगढ़ में शूटिंग के लिए अपने परिवार से दूर हूं और मेरा काम का शेड्यूल वास्तव में इतना व्यस्त है कि कभी-कभी मैं कई दिनों तक अपनी मां से बात भी नहीं करती हूं।उड़ारियां कलर्स पर प्रसारित होता है।

संपादकीय

# इजरायल-ईरान युद्ध

**कहावत** है कि पूरा विश्व ही एक कुटुम्ब जैसा है। यह दौर शांति, स्थिरता और सहयोग का है, लिहाजा युद्ध की गुंजाइश नगण्य है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने तमाम मान्यताओं को झुठला दिया है। बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला बोल सकता है। यह तनाव इतना बढ़ गया है कि एक ही दिन में अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को तुर्किये, चीन, सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों से बातचीत करनी पड़ी। यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, तो वह किसी के हित में नहीं होगा। अमरीका ने ईरान को सचेत किया है कि वह हमला न करे। ईरान के साथ अमरीका का तनाव काफी पुराना है, जाहिर है कि ईरान अमरीका के परामर्श को भाव न दे। दरअसल सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि इजरायल ने उन आरोपों को खारिज किया था। उस हमले में 'इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स' के वरिष्ठ सदस्य मारे गए थे, लिहाजा ईरान पर दबाव रहा है कि वह अपने जांबाजों की मौत का बदला ले। यदि ईरान बदला लेता है, तो अरब दुनिया में एक नया युद्ध छिड़ जाएगा। यदि युद्ध का विस्तार होता है, तो भारत के 1.1 लाख करोड़ रुपए के कारोबार पर संकट छा सकता है। ईरान के साथ भारत का 20,800 करोड़ रुपए का कारोबार है। भारत चाय, कॉफी और चीनी ईरान को निर्यात करता है। ईरान से हमने पेट्रोलियम कोक, नट्स और एसाइक्लिक एल्कोहल समेत अन्य चीजों का करीब 5500 करोड़ रुपए का आयात किया। ईरान की चाबहार बंदरगाह और उससे लगे चाबहार स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन में भी भारत साझेदार है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में इजरायल के साथ भारत ने करीब 89,000 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। इसमें से करीब 70,000 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल था। कारोबार के अलावा, इजरायली सरकार ने घोषणा की थी कि मजदूरों की कमी से निपटने और निर्माण उद्योग की सहायता के लिए 6000 से अधिक भारतीय श्रमिक अप्रैल-मई में इजरायल आएंगे। युद्ध के आसार बनने के कारण भारत सरकार को परामर्श जारी करना पड़ा है कि भारतीय ईरान और इजरायल की यात्रा न करें। ईरान में करीब 4000 भारतीय रहते हैं और इजरायल में 18,500 के करीब प्रवासी भारतीय बसे हुए हैं। असमंजस के इन हालात में भारत सरकार क्या करेगी? युद्ध की आशंका के कारण कच्चा तेल 85 डॉलर से महंगा होकर 90 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। नीदरलैंड ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ से लंदन जाने वाली उड़ानों का रूट बदल दिया है। भारत ने भी ईरान हवाई क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के रास्ते बदल दिए हैं। हालात युद्ध जैसे बन चुके हैं। हमास और हिजबुल्ला सरीखे निर्मम, खूंख्वार आतंकी संगठनों के पक्ष में ईरान की भूमिका को सराहा नहीं जा सकता। इजरायल और उसके पक्ष में अमरीका की जंगी तैयारियों की भी प्रशंसा नहीं की जा सकती। कारोबार और आपूर्तियां बाधित होंगी, तो यह नया युद्ध भी निंदनीय है।

बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है।

### भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है

# मानव विकास में बेहतरी जरूरी

डा. जयंती लाल भंडारी

नि:संदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। हाल ही में अमरीका के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रूकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता मिल गई है। तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है।

**यकीनन** पिछले कई दशकों से मानव विकास के विभिन्न आयामों, गरीबी, जीवन स्तर और शिक्षा जैसे मुद्दों की चुनौतियों का सामना कर रहा भारत अब धीरे-धीरे इन चुनौतियों से पार पाते हुए आगे बढ़ रहा है। लेकिन अभी बेहतरी के लिए मीलों चलना बाकी है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी नई मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय लोगों के मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त की सराहना की है। निःसंदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। हाल ही में अमरीका के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रूकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता मिल गई है। तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है। कहा गया है कि भारत में गरीबों की संख्या में जो गिरावट बीते 11 वर्षों में हुई है, इससे पहले वह गिरावट 30 वर्षों में हुई थी। इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली और भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएं रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में खासी मदद मिली है।



खास तौर से गरीबों के सशक्तिकरण में करीब 51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचे की असाधारण भूमिका रही है। इसी शक्ति के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इससे देश के करोड़ों गरीबों के मानव विकास सूचकांक में वृद्धि हुई है। इस समय चिंताजनक वैश्विक रोजगार परिदृश्य के बीच भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार-स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं, उससे भी मानव विकास सूचकांक के बेहतर होने में लाभ मिला है। भारत में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में वेतन वृद्धि और रोजगार मौके बढने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। खास तौर से डिजिटल इकोनॉमी के तहत ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, ट्रांजेक्शन, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, हॉस्पिटेलिटी, डेटा साइंस, कंटेंट क्रिएशन, ब्लॉकचेन मेटावर्स, नेटवर्किंग, रिलेशनशिप बिल्डिंग, डिजिटल लिटरेसी, इमोशनल इंटेलिजेंस ग्रोथ और क्रिटिकल थिंकिंग से जुड़े रोजगार अवसर भी तेजी से बढ़े हैं। नई स्टार्टअप्स से युवाओं के लिए लाखों रोजगार बन रहे हैं। देश की नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर देश स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामर्थ्यवान देश के रूप में उभर रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। 'इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं। सरकार की कवायदों से युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ सरकारी क्षेत्र में भी नए रोजगार अवसर बढ़े हैं। सरकार के द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं पीएम ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मनरेगा आदि के तहत करोड़ों युवाओं की मुट्ठियों में रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ योजनाएं स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आम आदमी बीमा योजना, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना महत्वपूर्ण हैं। आम आदमी के स्वास्थ में सुधार से भी देश के मानव विकास सूचंकाक में वृद्धि हुई है। लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहां अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है, वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार के द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश किया जाना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियां बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि 2017 में नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2025 तक स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत किया जाना निर्धारित किया गया था। फिर पंद्रहवें वित्त आयोग ने पहली बार स्वास्थ्य के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने भी स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में देश अभी भी पीछे है। अब देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में देश की नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक करियर के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी के द्वारा करियर में आगे बढने और रोजगार में आने के बाद भी काम करते हुए लगातार बदलती हुई रोजगार की दुनिया के अनुरूप नए स्किल्स सीखने होंगे। अर्थव्यवस्था को अधिक दक्ष व योग्य श्रम बल की जरूरत है जिसके लिए शिक्षा पर जीडीपी का करीब छह फीसदी हिस्सा खर्च किया जाना जरूरी है।

दृष्टि कोण

# अफस्पा हटाने से पहले अमन की शमां जले

**आतंकवाद** मानवता के खिलाफ सबसे गंभीर मसला बन चुका है। भारत का हमसाया मुल्क पाकिस्तान वजूद में आते ही आतंक का मरकज बन गया था। नतीजतन जन्नत कही जाने वाली 'कश्यप ऋषि' की तपोभूमि कश्मीर को पाक प्रशिक्षित आतंकियों ने जिहाद के नाम पर तीन दशक पूर्व जहन्नुम में तब्दील कर दिया था। जब किसी सूबे में तस्सद्दुद व अस्थिरता का तनाजुर पैदा हो जाए, दहशतगर्दी जैसे गंभीर मसले से निपटने में प्रशासन व राज्य पुलिस बल विफल हो जाए, तो ऐसे सूरतेहाल में अशांत क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए वहां सक्रिय सशस्त्र बलों को 'आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट' (अफस्पा) कानून विशेष शक्तियां प्रदान करता है। सन-1958 में वजूद में आया संसदीय अधिनियम अफस्पा सुरक्षा बलों को ऑपरेशन करने, तलाशी अभियान तथा किसी व्यक्ति को संदेह के आधार पर बिना वारंट के गिरफ्तार करने तथा कानून तोडने पर गोली चलाने का अधिकार देता है। हालांकि बर्तानिया बादशाही के दौर में अंग्रेज वायसराय 'लिनलिथगो' ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' को दबाने के लिए सैन्य बलों को 'सशस्त्र बल' अध्यादेश 1942 पारित करके शक्तियां प्रदान की थीं। उसी अध्यादेश की तर्ज पर 'अफस्पा अधिनियम 1958' अमल में लाया गया था। कुछ वर्षों से आतंक की जद में आ चुके जम्मू कश्मीर व पूर्वोत्तर तथा माओवाद व नक्सलवाद से जूझ रहे राज्यों में स्थानीय पुलिस बल आतंकियों से निपटने में असमर्थ रहे हैं। अतः देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने के लिए इन राज्यों में अफस्पा लागू करके सेना व अर्धसैन्य बलों की तैनाती करनी पड़ी है। पैंतीस वर्ष पूर्व पाक परस्त आंतकियों की कलाश्निकोव राइफलों की आवाज से समूचा कश्मीर थरथरा रहा था। कश्मीर में आतंकी एक विशेष समुदाय की हत्याएं कर रहे थे। आतंक के आगे बेबस कश्मीर के मूल निवासी अपनी पुश्तैनी जागीरें छोडक़र हिजरत को मजबूर हुए थे। जब घाटी में आतंक चरम पर था, उस वक्त जुलाई 1990 में जम्मू कश्मीर राज्य में अफस्पा कानून लागू हुआ था। हाल ही में देश के गृहमंत्री ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि चुनावों के बाद कश्मीर से अफस्पा हटाने पर विचार किया जाएगा, जबकि आतंकियों की हलाकत पर मातम मनाने वाली अलगाववादी ताकतें एक मुद्दत से अफस्पा हटाने का मुतालबा कर रही हैं। आजादी के बाद से ही जम्मू-कश्मीर राज्य पाक प्रायोजित छद्म




युद्ध का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के साथ चार बड़े युद्धों में अदावत का मरकज कश्मीर ही था। हिमाचल प्रदेश के 'परमवीर चक्र' विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा व कैप्टन विक्रम बत्रा ने जम्मू कश्मीर की सरजमीं को महफूज रखने के लिए शहादत को गले लगाया था। शांतिकाल के सर्वोच्च पदक 'अशोक चक्र' से सरफराज हिमाचल के शूरवीर कै. संदीप सांकला व मेजर सुधीर वालिया ने कश्मीर के महाज पर ही अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। सूबेदार प्रेमचंद व सूबेदार संजीव कुमार वीरभूमि के दोनों 'कीर्ति चक्र' विजेता कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ते हुए बलिदान हुए थे। भावार्थ यह है कि कश्मीर की सुरक्षा में देश के हजारों सैनिक फिदा-ए-वतन हो चुके हैं। यदि अफस्पा लागू होने से मानवाधिकारों का हनन होता है तो मादर-ए-वतन के लिए शहादत का जाम पीने वाले सैनिकों व उनके परिवारों के मौलिक अधिकारों का जिम्मेवार कौन है? देश में आतंकी हमले हों या प्राकृतिक आपदाएं, भारतीय सेना अपने नागरिकों की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है। अफस्पा के मुद्दे पर मुल्क की सियासी हरारत एक मुद्दत से बढ़ती रही है। सामरिक विषयों में अनुभवहीन लोग अफस्पा की मुखालफत में अक्सर आवाज बुलंद करते हैं। मणिपुर राज्य की मानवाधिकार कार्यकर्ता 'इरोम शर्मिला' ने अफस्पा के विरोध में अपना अनशन लगभग सोलह वर्ष बाद सन-2015 में तोड़ा था। सन-2012 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी अफस्पा का विरोध किया था। देश के कई पूर्व न्यायाधीश भी अफस्पा हटाने की वकालत करते आए हैं। लेकिन सन-1990 के दशक में आतंक के कारण घाटी से पलायन करने वाले पंडितों की सुरक्षा के लिए उस खौफनाक मंजर में कोई सियासी रहनुमां, स्थानीय पुलिस बल, अदालतें, कानून, मानवधिकार आयोग व संयुक्त राष्ट्र संघ तथा देश की अलगाववादी ताकतों से हमदर्दी का इजहार करने वाली संस्थाएं नजर नहीं आई थी।

कुछ अलग

# मकान खरीदना है तो करें इंतजार

**अगर** आप मकान खरीदने की सोच रहे हैं तो कुछ दिन और इंतजार कीजिए। सस्ते ब्याज पर कर्ज मिलने की उम्मीद है। जिस तरह की स्थितियां बन रही हैं, उसमें उम्मीद है कि आरबीआई जून या फिर अगस्त में दरों में जरूर कटौती करेगा। सस्ते कर्ज और ब्याज दरों का गणित बताती अजीत सिंह की रिपोर्ट- आरबीआई ने अप्रैल में द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में सातवीं बार रेपो दर को जस का तस रखा है। हालांकि, जून या अगस्त की बैठक में दरों में कटौती की उम्मीद है। कारण...मार्च में खुदरा महंगाई पांच फीसदी से नीचे आ गई। खुद आरबीआई गवर्नर मान रहे हैं कि महंगाई घट रही है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर भी केंद्रीय बैंक दरों में कटौती की योजना बना रहे हैं। 4 जून को चुनाव के नतीजे आएंगे और 5-7 जून तक आरबीआई की बैठक होनी है। ऐसे में सारे संकेत दरों को कटौती का इशारा कर रहे हैं।



कोरोना के बाद ब्याज दर में कटौती और फिर महंगाई को रोकने के लिए लगातार बढ़ोतरी ने रेपो दर को कई साल के ऊपरी स्तर 6.5 फीसदी पर ला दिया है। फिर भी होम लोन की ब्याज दरें दो अंकों से कम में ही हैं। आंकड़े बताते हैं कि 75 लाख के होम लोन पर एसबीआई इस समय 8.50 से 9.85 फीसदी ब्याज ले रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा 8.40 फीसदी से 10.65 फीसदी, यूनियन बैंक 8.35 से 10.90 फीसदी और पंजाब नेशनल बैंक 8.40 से 10.15 फीसदी पर कर्ज दे रहा है। बैंक ऑफ इंडिया की दर 8.40 से 10.85 फीसदी और कैनरा की 8.45 से 10.25 फीसदी है। पिछले दो वर्षों में मकानों के दाम तेजी से बढ़े हैं। खासकर देश के सात प्रमुख शहरों में कीमतें 30 फीसदी तक बढ़ गई हैं। इसके बावजूद बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, मकानों की तुलना में आप दुकान या ऑफिस जैसी वाणिज्यिक संपत्तियां खरीदकर उन्हें किराये पर दे सकते हैं। मकानों की तुलना में वाणिज्यिक संपत्तियां आपको ज्यादा रिटर्न दे सकती हैं। अगर आप 50 लाख रुपये से ज्यादा के मकान खरीद रहे हैं तो बेचने वाले का पैन कार्ड चेक करें। इस तरह की संपत्तियां खरीदने वाले को एक फीसदी टीडीएस काटना होता है। यह टीडीएस आयकर विभाग के पास जमा करना होता है। हालांकि, आपने बेचने वाले का पैन कार्ड नहीं लिया या उसका पैनकार्ड इनऑपरेटिव है तो फिर आपको 20 फीसदी टैक्स काटना होगा। टैक्स नहीं काटने पर यह रकम आपको भरनी होगी। इसलिए, कभी भी इस तरह की स्थितियों में बयाना रकम देने से पहले पैन जरूर चेक करें। आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों से अच्छी कमाई कर सकते हैं। बशर्ते निवेश की रकम छोटी हो और उचित स्थान पर निवेशित हो, ताकि आपात स्थिति में प्रॉपर्टी को बेचने में मुश्किल न हो।

देश दुनिया से

# कमाई से ज्यादा जरूरी है खर्च का हिसाब-किताब
# खत्म हो रही बजट बनाने की अवधारणा

हकीकत में यह ठीक उल्टा है। आप जितना कमाते हैं, उससे कम घर ले आते हैं। यह आपको तब पता चलेगा, जब आप अपने बैंक खाते, खर्च और अन्य का हिसाब-किताब करेंगे। कुछ हफ्ते पहले मुझे एक स्टार्टअप में 15 युवाओं से बातचीत का मौका मिला। 20 साल की उम्र में उनमें कुछ ऐसा आत्मविश्वास था, जो उनकी उम्र में मुझमें नहीं था। यह उनकी मानव संसाधन टीम की ओर से आयोजित एक सत्र था, जिसमें महसूस किया गया कि कर्मचारियों को बचत और निवेश के तरीकों के बारे में समझना चाहिए। लड़कियों में से एक ने खुलकर बात की और बताया कि महीने के अंत तक उसके पास निवेश के जितने पैसे नहीं बचेंगे। उसके माता-पिता उसे अक्सर याद दिलाते रहते थे कि उसने ठीक से बचत नहीं की है। वह प्रति माह लगभग एक लाख रुपये कमाती थी। बाकी लोगों का भी यही हाल था।

**आजकल** के युवा अक्सर सोचते हैं कि हम जितना वेतन घर ले जाते हैं, उससे कहीं अधिक कमाते हैं। हकीकत में यह ठीक उल्टा है। आप जितना कमाते हैं, उससे कम घर ले आते हैं। यह आपको तब पता चलेगा, जब आप अपने बैंक खाते, खर्च और अन्य का हिसाब-किताब करेंगे। कुछ हफ्ते पहले मुझे एक स्टार्टअप में 15 युवाओं से बातचीत का मौका मिला। 20 साल की उम्र में उनमें कुछ ऐसा आत्मविश्वास था, जो उनकी उम्र में मुझमें नहीं था। यह उनकी मानव संसाधन टीम की ओर से आयोजित एक सत्र था, जिसमें महसूस किया गया कि कर्मचारियों को बचत और निवेश के तरीकों के बारे में समझना चाहिए। लड़कियों में से एक ने खुलकर बात की और बताया कि महीने के अंत तक उसके पास निवेश के जितने पैसे नहीं बचेंगे। उसके माता-पिता उसे अक्सर याद दिलाते रहते थे कि उसने ठीक से बचत नहीं की है। वह प्रति माह लगभग एक लाख रुपये कमाती थी। बाकी लोगों का भी यही हाल था। जब उनके खर्चों के बारे में मैंने पता किया तो उन्होंने वास्तव में कभी अपने खर्चों पर नजर नहीं रखी है। मैंने उनसे पूछा कि क्या उनके फोन में उबर, स्विगी, अमेजन आदि जैसे एप हैं? उन सभी ने हां में सर हिलाया और फिर दर्जनों ऐप दिखाए जिनसे वे खाने, कपड़े, कैब और न जाने क्या-क्या ऑर्डर करते थे। फिर मैंने उस लड़की से पूछा कि क्या उसने कभी अपने बैंकिंग एप के माध्यम से अपना बैंक विवरण चेक किया है। उसका जवाब था...नहीं। एक समय था जब लोग मासिक खर्चों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करने के लिए बजट बनाते थे। अब यह अवधारणा खत्म हो रही है। ईंधन की कीमतें कुछ हफ्तों में बदल रही हैं। घर पर बिजली की खपत इस बात पर निर्भर कर रही है कि आपने कितने दिन घर पर बिताए या काम पर गए। अब बजट बनाकर वित्तीय जीवन जीना कठिन है। फिर भी बचत और खर्चों की जांच जरूरी है। यदि कोई मासिक सैलरी पाने वाला अपने माता-पिता के साथ रहता है तो उसे कुल आय का 25-35 फीसदी निवेश के लिए बचाना चाहिए। यदि वे अकेले रह रहे हैं तो लगभग 15-25% बचाएं। भोजन, किराया, किराने के सामान और ऐसी ही अन्य चीजों पर खर्च आपकी आय के 45-50 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। 20-25% की बचत करनी चाहिए। कमाई का 35-40 फीसदी हिस्सा कर देनदारी चुकाने और गैजेट जैसी वस्तुओं पर खर्च कर सकते हैं। वेतनभोगी अक्सर यही सोचते हैं कि वे बताई गई आय के जितना ही कमाते हैं। यह सच नहीं है, क्योंकि अगर कॉस्ट-टू-कंपनी (सीटीसी) 12 लाख रुपये सालाना यानी प्रति माह एक लाख रुपये है तो वास्तव में आपकी सैलरी मासिक 70,000 और 80,000 रुपये के बीच होती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कंपनी इसमें से टैक्स काटने के साथ पीएफ में निवेश करती है। अगर हम वेतन की गणना करें तो आपके अनुमानित वेतन का कुल ढाई से 3 महीने का वेतन आपके पास नहीं आता है। सैलरी पाने वाले लोग अमूमन सालाना सैलरी का 3 महीने की सैलरी टैक्स और दूसरे योगदान में देते हैं। इसके विपरीत, एक बिजनेसमैन खर्चों के बाद कुल आय पर टैक्स चुकाता है, जबकि एक वेतनभोगी को पहले ही टैक्स काट कर पैसा मिलता है। फिर वे हर चीज पर जीएसटी भी देते हैं। जब मैं उनको यह समझाने में कामयाब रहा कि उनके हाथ में जितनी वास्तविक सैलरी आ रही है, वे उससे कहीं ज्यादा खर्च कर रहे हैं तो उनमें से कुछ ने तो एचआर पर भड़ास निकालनी शुरू कर दी। हालांकि, ये सभी डिटेल्स उनकी सैलरी स्लिप में होती है। कई लोग जांच करने की जहमत नहीं उठाते हैं। कुछ लोगों ने अगर जांच भी की तो उन्होंने यह समझने का प्रयास नहीं किया कि उन्हें क्या मिला और बाकी कहां गया। करियर के कुछ शुरुआती साल वित्तीय स्वतंत्रता का अनुभव करने के लिए अच्छे हैं, लेकिन ये ऐसे वर्ष भी हैं जो बचत और निवेश की नींव बनाने में मदद करेंगे। जितनी जल्दी बचत और निवेश शुरू करेंगे, उतनी ही अच्छी संभावना है कि आसानी से वित्तीय जिम्मेदारियों का सामना करने में सक्षम हो सकेंगे।



आप का नजरिया

# हिमाचल के समीप केजरीवाल

**देश** की राजनीति में अपराजेय चेहरों के बीच द्वंद्व अब नए हालात पैदा कर रहा है। विचारधाराओं से ऊपर नेताओं की ब्रांडिंग का ही असर है कि क्षेत्रीय क्षत्रप भी दीवारों के पीछे अपने-अपने दुर्गों की रक्षा कर रहे हैं। जहां राष्ट्रीय राजनीति विपक्ष के सीमा क्षेत्र में क्षेत्रीय क्षत्रपों की भूमिका को इंगित कर रही है, वहीं पिछला एक दशक भाजपा से कहीं आगे मोदी मैजिक का कमाल दिखाता रहा है, लेकिन इसी बीच आम आदमी पार्टी का उदय और अरविंद केजरीवाल की प्रमाणिकता ने राजनीति के एक नई शैली विकसित कर दी है। जनता तक सीधे लाभ और समाज के निम्न वर्ग में सार्वजनिक संसाधनों का बंटवारा, उन्हें चुनाव का जादूगर बना देता है। विपक्ष में केजरीवाल सियासत का एक मापदंड है और इसलिए मोदी बनाम केजरीवाल मुकाबले का एक फलक है। दिल्ली के बाद पंजाब और गुजरात में केजरीवाल ने अपनी उपस्थिति का एक फैक्टर बनाया, तो यही मूल्यांकन अब क्षेत्रीय शक्तियों को मोदी के करिश्मे के सामने खड़ा कर सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में हिमाचल की बागडोर संभाले सुखविंदर सिंह सुक्खू का भी गाहे बगाहे दो तरह से मुकाबला हो रहा है। पहला यही है कि वह अपनी कार्य पद्धति में केजरीवाल के नजदीक खड़े हो रहे हैं, दूसरे यह कि लोकसभा तथा उपचुनावों में वह मोदी के सामने अपना फैक्टर कितना उबार पाते हैं। कहना न होगा कि सियासत की अपनी समझ व पकड़ में सुक्खू दिल्ली के मुख्यमंत्री की तरह प्रभुत्व में रहना जानते हैं। वह पार्टी की ओर से हिमाचल में राजनीतिक दौलत के रूप में स्वीकार्य हैं और इसीलिए राज्य में अपनी इच्छानुसार फैसले लेने के लिए स्वतंत्र दिखाई पड़ते हैं। बतौर मुख्यमंत्री सुक्खू का हस्तक्षेप पार्टी मामलों में भी निर्बाध और ताकतवर है, यह वर्तमान राजनीतिक संकट में भी साबित हो चुका है कि कांग्रेस के कर्णधार अब वह ही माने जा चुके हैं। कांग्रेस ने हिमाचल में सुक्खू को केवल मुख्यमंत्री नहीं बनाया, बल्कि वीरभद्र सिंह का युग पूरी तरह बदला है। सियासत के हर मोर्चे पर कांग्रेस आलाकमान ने हिमाचल के सारे मायने, पसंद और प्राथमिकताएं सुखविंदर सिंह सुक्खू से जोड़ी हैं और यह संगठन से सरकार के हर ओहदेदार को बाखूबी समझा दिया गया है। सुक्खू के उद्धव में केजरीवाल सरीखे संदर्भ और संघर्ष रहे हैं, जिनकी छवि के तहत इन दोनों नेताओं का साम्राज्य दिखाई दे रहा है, फिर भी हिमाचल के संदर्भ में मुख्यमंत्री के लिए लोकसभा व छह उपचुनाव टर्निंग प्वाइंट होंगे। अगर इस बाधा को सुक्खू पचास फीसदी भी पार कर लेते हैं, तो कांग्रेस में उनका कद केजरीवाल से तुलना करेगा। हालांकि कुछ हद तक वर्तमान मुख्यमंत्री ने अपनी शासन प्रणाली में ताजगी व अभिनव प्रयोग करते हुए ऐसे संकेत दिए हैं कि उन्हें मौका मिले तो हिमाचल के सियासी व आर्थिक आधार को बदलेंगे। व्यवस्था परिवर्तन के नारे पर उनकी कार्यप्रणाली का मूल्यांकन यह घोषित जरूर करता है कि इस बंदे में जिद्द तो है। यह दीगर है कि जिद्द का सत्ता में उपयोग दोधारी तलवार है। सरकार को चलाने में उन्होंने अपनी काबिलीयत को परिमार्जित किया है, लेकिन राजनीति को चमकाने में अभी परीक्षा बाकी है। सुखविंदर सुक्खू ने अब तक जो हासिल किया है, उसके बदौलत वह भी सीधे मोदी के चमत्कार से भिड़ते हुए नजर आ रहे हैं।





# रामदेव, बालकृष्ण एक हफ्ते के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों मौजूद थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी का संज्ञान लिया, लेकिन यह स्पष्ट किया कि इस स्तर पर हमने रियायत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से बातचीत करते हुए उनसे कहा, आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। पीठ से बातचीत करने वाले रामदेव ने भी कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने निर्दोष नहीं हैं कि उन्हें पता ही न हो कि शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। पतंजलि भ्रामक मामले में 23 अप्रैल को होगी सुनवाई पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में अब 23 अप्रैल को सुनवाई होगी। उस दिन अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। इससे पहले मंगलवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान मुकुल रोहतगी ने कोर्ट से कहा कि रामदेव सार्वजनिक रूप से मामले में माफी मांगना चाहते हैं। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि अदालत सुनना चाहती है कि रामदेव और बालकृष्ण क्या कहना चाहते हैं, उन्हें कहिए वे सामने आएं। ऑडियो में कुछ गड़बड़ी होने के कारण बेंच कुछ मिनटों के लिए उठ गई। बेंच ने चुटकी लेते हुए कहा, ऐसा मत सोचिए कि यह हमारी ओर से कोई सेंसरशिप है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पातंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में अब 23 अप्रैल की तारीख तय की। कोर्ट ने उस तारीख को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अदालत में मौजूद रहने के लिए कहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली हवाई अड्डा दुनिया के शीर्ष 10 सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डों में शामिल, एसीआई ने जारी की लिस्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे को दुनिया के सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डे की सूची में 2023 के लिए 10वें नंबर पर रखा गया है। हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस लिस्ट में टॉप पर है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा व्यस्त रहने के मामले में दसवें स्थान पर है जबकि दुबई और डलास हवाई अड्डे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची जारी करते हुए एसीआई ने यह भी कहा कि 2023 के लिए वैश्विक स्तर पर कुल हवाई यात्रियों का पूर्वानुमान 8.5 बिलियन (850 करोड़) के करीब है, जो पूर्व-महामारी के स्तर से 93.8 प्रतिशत अधिक जबकि 2022 की तुलना में 27.2 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से पांच अमेरिका में हैं। दसवें स्थान पर, दिल्ली हवाई अड्डा है जहां से 2023 में 7.22 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। 2022 में, हवाई अड्डा नौवें स्थान पर था। हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिस्ट में शीर्ष पर है और इसने पिछले साल 10.46 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवाएं प्रदान की। व्यस्तता के मामले में इसके बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जहां से होकर 8.69 करोड़ से अधिक हवाई यात्री गुजरे। डलास फोर्थ वर्थ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिस्ट में तीसरे स्थान पर जहां से होकर 2023 में 8.17 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। सूची में लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा चौथे स्थान पर, टोक्यो का हनेडा हवाई अड्डा पांचवें नंबर, डेनवर का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा छठे, इस्तांबुल हवाई अड्डा सातवें, लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आठवें और शिकागो का ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नौवें स्थान पर है। एसीआई दुनिया के हवाई अड्डों काएक व्यापार संघ है।

### क्या डेयरी ऋण योजना के तहत नाबार्ड सीधे लोन देता है अफवाहों पर बैंक ने बयान जारी कर साफ की स्थिति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में फैलाए जा रहे अफवाहों पर एक बयान जारी कर स्थिति साफ की है। नाबार्ड ने स्पष्ट रूप से उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि, वह डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ने कहा है कि वह एक शीर्ष विकास वित्त संस्थान के रुप में, ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। नाबार्ड ने अपने सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया है। नाबार्ड ने कहा है कि असत्यापित जानकारी से किसी को भी वित्तीय जोखिम और गलतफहमी हो सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं की सटीक जानकारी नाबार्ड की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि संधारणीय आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न पहलों और योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास और कृषि को बढ़ावा देने के प्रतिबद्ध है।

### 2028 तक सेवा क्षेत्र में होगा सबसे अधिक रोजगार का सृजन, ओआरएफ की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) ने रिपोर्ट इंडिया एम्प्लॉयमेंट आउटलुक 2030: नेविगेटिंग सेक्टोरल ट्रेंड्स एंड कॉम्पिटेंसी में वर्ष 2028 तक कुल रोजगार में 22 प्रतिशत की वृद्धि और बेरोजगारी में 97 आधार अंकों की गिरावट का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन में सबसे अधिक वृद्धि की उम्मीद है। सेवा उत्पादन में प्रत्येक इकाई वृद्धि के साथ रोजगार में 0.12 प्रतिशत की वृद्धि होती है। यह रिपोर्ट भारत भारतीय बाजार में नौकरियों के भविष्य पर प्रकाश डालती है और विशेष रूप से सेवा क्षेत्र की भूमिका पर जोर देती है जो रोजगार वृद्धि के मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। क्योंकि देश 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब है। रिपोर्ट में तेजी से विकास के लिए तैयार दस उच्च-अवसर वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। इनमें डिजिटल सेवाएं, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा, आतिथ्य, उपभोक्ता खुदरा, ई-कॉमर्स, नवीकरणीय ऊर्जा, वैश्विक क्षमता केंद्र और एमएसएमई और स्टार्टअप इकोसिस्टम शामिल हैं।

# ड्रोन डेस्टिनेशन ने की व्यापक विस्तार की घोषणा



**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
ड्रोन क्षेत्र की कंपनी ड्रोन डेस्टिनेशन ने मंगलवार को ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने की अपनी रणनीतिक पहल एवरीथिंग ड्रोन्स के तहत व्यापक पैमाने पर विस्तार की घोषणा की।

कंपनी के अध्यक्ष आलोक शर्मा ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि कंपनी की योजना भारत में फिक्स्ड और मोबाइल ड्रोन हब का सबसे बड़ा नेटवर्क स्थापित करने की है जो एवरीथिंग ड्रोन्स की पेशकश करेगा। अगले 3 महीनों में, कंपनी का लक्ष्य 250 ऐसे हब शुरू करने का है और अगले दो वर्षों में 1000 से अधिक ऐसे हब का नेटवर्क स्थापित करने का भी लक्ष्य है। यह नेटवर्क लागत प्रभावशीलता, दक्षता और टर्नअराउंड समय पर ध्यान केंद्रित करेगा।

उन्होंने कहा कि एवरीथिंग ड्रोन्स के तहत नई पहल शुरू की जा रही है जिसमें ड्रोन हब ऑन व्हील्स, ड्रोन शिक्षा, ड्रोन कौशल के साथ ही हबलफ्लाई बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में नई ड्रोन बैटरी आदि शामिल है1

उन्होंने कहा कि ड्रोन सॉकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से ड्रोन सॉकर का आयोजन किया जायेगा जो एक नया रोमांचक खेल है जिसे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक, फिट या विकलांग लोग खेल सकते हैं। ड्रोन सॉकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल ड्रोन सॉकर एसोसिएशन का संस्थापक सदस्य है। पहली ड्रोन सॉकर विश्व कप चैंपियनशिप 2025 में कोरिया में आयोजित होने वाली है और ड्रोन डेस्टिनेशन के सहयोग से डीएसएआई इसके लिए एक भारतीय प्रतिनिधि टीम भेजेगा।

श्री शर्मा ने कहा ड्रोन एक उभरता हुआ उद्योग है, इसमें कुछ महत्वपूर्ण कमियां हैं, जिन्हें हम, अग्रणी के रूप में, आज लॉन्च की जा रही पेशकशों के साथ दूर करना चाहते हैं। ड्रोन हब का अखिल भारतीय रोलआउट ऑन व्हील्स टर्नअराउंड टाइम पर ध्यान देने के साथ एवरीथिंगड्रोन की पेशकश करेगा। ड्रोन/ड्रोन सेवाओं से लेकर बिक्री के बाद और प्रशिक्षण तक, प्रत्येक पायलट को ड्रोन दोस्त जैसे कई कौशल पर प्रशिक्षित किया जाता है, जो कृषि -स्प्रे जैसी ड्रोन सेवाएं प्रदान करता है। निष्क्रिय ड्रोन को ठीक करने के लिए ड्रोन डॉक्टर और स्थानीय युवाओं को ड्रोन पर प्रशिक्षण देने के लिए ड्रोन गुरु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप, आज लॉन्च की गई पेशकश देश में ड्रोन उद्योग के लिए स्वदेशी समाधान प्रदान करेगी। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लिए तथा दुनिया में भारत के तकनीकी नेतृत्व को और बढ़ावा देगा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक चिराग शर्मा ने कहा, ड्रोन डेस्टिनेशन ने अपने सभी हितधारकों के प्रति विवेकशील रहकर और वित्तीय अनुशासन का पालन करके स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में एक उदाहरण स्थापित किया है। एवरीथिंग ड्रोन्स के साथ आगे बढ़ते हुए लाभप्रदता सुनिश्चित करते हुए, हम कंपनी के विकास को सुपरचार्ज करने और एक ऐसा प्रभाव पैदा करने के लिए आश्वस्त हैं जो कृषि, सर्वेक्षण और मानचित्रण, स्मार्ट शहरों, रेल, सड़क, बंदरगाह जैसे बुनियादी ढांचे से लेकर कई उद्योगों में दिखाई देगा। दूरसंचार, बिजली, उपयोगिताएँ, बीएफएसआई से लेकर लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी और भी बहुत कुछ, ड्रोन तकनीक के साथ एआई जैसी नई पीढ़ी की तकनीक को जोड़कर, हम खुद को व्यवसायों के लिए पर्याप्त ईएसजी परिणाम प्रदान करते हुए देखते हैं, जो उद्योग परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है और उत्कृष्टता और नवाचार के लिए नए मानक स्थापित किए।

# रियलमी पी सीरीज मिडरेंज स्मार्टफोन की धूम, खूबियों के कारण बने ग्राहकों की पहली पसंद



**नई दिल्ली, 16 अप्रैल।**
चाइनीज कंपनी रियलमी पी सीरीज मिडरेंज स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा रही है। रियलमी पी1 प्रो 5जी के केंद्र में एक शानदार 6.7-इंच एफएचडी प्लस ओएलईडी डिस्प्ले है। 120एचजेड तक की ताज़ा दर के साथ, यह उपयोगकर्ताओं को एक सहज और गहन सामग्री-देखने का अनुभव प्रदान करता है, जो वास्तव में इसे अपने प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है। देखने के अनुभव के साथ जीवंत डिस्प्ले को उच्च स्तर की चमक समायोजन और 200 हर्ट्ज तक की इंस्टेंट टच सैंपलिंग दर के साथ चमक द्वारा और भी बढ़ाया जाता है। इनोवेशन को एक कदम आगे ले जाते हुए, रियलमी पी1 प्रो 5जी ने अपने प्राइस रेंज में सबसे अच्छा कर्व्ड डिस्प्ले पेश किया है। इसे 20 हजार प्राइस रेंज के तहत सबसे अच्छे स्मार्टफोन के रूप में पेश किया गया है।

यह डिज़ाइन न केवल आकर्षक है, बल्कि पकड़ भी शानदार है। डिवाइस को पकड़ने और उपयोग करने में मजा आता है। यह रियलमी पी सीरीज़ को गेमिंग के शौकीनों और मल्टीमीडिया उपभोक्ताओं के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है, जो सहज और बेहतर दृश्य को महत्व देते हैं। आज के डिजिटल युग में आंखों के स्वास्थ्य के महत्व को स्वीकार करते हुए, रियलमी पी सीरीज उन सुविधाओं से लैस है, जो यूजर्स को अपनी आंखों पर दबाव डाले बिना या आंखों के स्वास्थ्य से समझौता किए बिना लंबे समय तक डिवाइस का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, रियलमी पी सीरीज़ बैकलाइट ब्राइटनेस एडजस्टमेंट में बेहतर परिशुद्धता प्रदान करके यूजर के आराम को प्राथमिकता देती है। यह सुविधा स्क्रीन पर एक सहज और लगातार भौतिक चमक आउटपुट सुनिश्चित करती है, जो विभिन्न प्रकाश स्थितियों में आरामदायक ढंग से देखने में सक्षम बनाता है। रियलमी पी1 5जी मीडियाटेक डाइमेंशन 7050 5जी चिपसेट से भी सुसज्जित है, जो ग्राफिकल प्रदर्शन और बढ़ी हुई प्रोसेसिंग पावर में पर्याप्त वृद्धि देने का वादा करता है।

# एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स, केबल ब्रॉडबैंड यूजर 20 फीसदी बढ़े, हर माह 24 जीबी डेटा की खपत

**नई दिल्ली/मुंबई, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) से अर्जित ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27 हजार करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले ब्याज के रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत




योजना से शेष शामिल हैं। केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी बढ़ी देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या फरवरी 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, यह संख्या 2018 में 39.2 करोड़ से बढ़कर फरवरी 2024 में 91.6 करोड़ हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, यह संख्या में 2021 में 16 प्रतिशत, 2022 में 19 प्रतिशत और 2023 में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्टफोन के प्रसार ने 95 फीसदी भारतीय आबादी को मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है।

# टेस्ला में जा सकती है 14,000 कर्मचारियों की नौकरी, कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का इस्तीफा

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल।**
एलन मस्क के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रही है। कंपनी भूमिकाओं के दोहराव का हवाला देते हुए अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत से अधिक की छंटनी करने की योजना पर काम कर रही है। अगर यह फैसला लागू किया जाता है तो इससे 14,000 लोगों की नौकरी जा सकती है।




एक आंतरिक ईमेल में, सीईओ मस्क ने कहा कि तेज विकास के कारण कंपनी में भूमिकाओं का दोहराव हुआ है और विकास के अगले चरण के लिए लागत में कमी जरूरी हो गई है। मस्क ने लिखा, जैसा कि हम कंपनी को विकास के अगले चरण के लिए तैयार करते हैं, ऐसे में लागत में कटौती समेत उत्पादकता बढ़ाने के लिए कंपनी के हर पहलू को देखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रयास के तहत हमने संगठन की गहन समीक्षा की है और वैश्विक स्तर पर अपने कर्मचारियों की संख्या को 10 प्रतिशत से अधिक घटाने का कठिन निर्णय लिया है। ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे मैं बहुत अधिक पसंद नहीं करता हूं, लेकिन यह किया जाना चाहिए।

टेस्ला की ओर से यह घोषणा ऑटो डिलीवरी में गिरावट की सूचना देने के कुछ दिनों बाद की गई है। कंपनी ने मांग को बढ़ाने के लिए अपने ईवी की कीमतों में कटौती का एलान किया है। टेस्ला के मुखिया एलन मस्क का इस महीने की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम है। उन्मीद है कि इस दौरान वे भारत में टेस्ला का नया प्लांट खोलने की घोषणा करें। उन्होंने अपने एक्स प्रोफाइल पर पोस्ट किया था, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं!।

**टेस्ला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ड्रू बग्लिनो ने दिया इस्तीफा**

टेस्ला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ड्रू बग्लिनो ने कार निर्माता की नौकरी में कटौती के सबसे बड़े दौर के बीच कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। इलेक्ट्रिक-वाहन की मांग में कमी के बीच कंपनी ने अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत से अधिक की कटौती का प्लान बताया है।

## सोना ऑलटाइम हाई, 10 ग्राम की कीमत 73,514

# ईरान-इजराइल टकराव से 16 दिन में दाम 4,550 बढ़े, इस साल अब तक 10,212 महंगा हुआ

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**
सोने ने नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, मंगलवार को 10 ग्राम सोना 701 रुपए महंगा होकर 73,514 रुपए का हो गया है। 1 अप्रैल को इजराइल-ईरान तनाव शुरू हुआ था तब से 16 दिन में सोने के दाम 4,550 रुपए बढ़ गए हैं।

चांदी में भी आज तेजी देखने को मिली है। एक किलो चांदी का भाव 180 रुपए बढ़कर 83,632 रुपए हो गया है। इससे पहले 12 अप्रैल को चांदी ने 83,819 रुपए का हाई बनाया था। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

**सिर्फ 15 दिन में ही सोना 4,550 रुपए महंगा हुआ** - इजराइल-ईरान तनाव 1 अप्रैल को शुरू हुआ था। तब सोने की कीमत 68,964 पर था। वहीं अब यानी 16 अप्रैल को ये 1 जनवरी को इसकी कीमत 73,514 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। यानी सिर्फ 15 दिनों में ही 4,550 रुपए महंगा हो चुका है। इजराइल-ईरान तनाव के चलते सोने में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है।

**बीते सालों में हुई जंग और मंदी में सोने-चांदी का क्या ट्रेंड रहा है** - जंग के दौरान सोने की कीमतों में हमेशा उछाल देखा गया है। 1990-91 के दौरान गल्फ वॉर के दौरान सोने की कीमतों में उछाल आया था, लेकिन यह शॉर्ट टर्म था। इसी तरह 2003 में इराक युद्ध के दौरान सोने की कीमतों में तेजी आई थी।

कोरोना महामारी के कारण भारत समेत अन्य देशों में मार्च 2020 में लॉकडाउन लगा था। तब 10 ग्राम सोने के दाम 41,000 रुपए के करीब थे। अगस्त तक दाम बढ़कर 55,000 के करीब तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट आई थी और दाम 50,000 से



नीचे आ गए थे। रूस-यूक्रेन जंग के समय भी सोने में तेजी आई। 24 फरवरी 2022 को रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था। 7 मार्च 2022 को सोने की कीमतों में लगभग 1000/10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई। 22 कैरेट सोने की कीमत 49,400/10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमत 53,890/10 ग्राम हो गई।

इजराइल-हमास जंग 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी। तब सोने की कीमत 57,000 के करीब थी। 1 नवंबर तक कीमत बढ़कर 61,000 के करीब पहुंच गई। वहीं 1 जनवरी को कीमत 63,000 और अब 10 ग्राम सोने की कीमत 73,500 के पार पहुंच गई है।

**सोना 75 हजार और चांदी 1 लाख तक पहुंच सकती है** - मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि अगले कुछ महीनों तक चांदी में तेजी देखने को मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम चांदी में निवेश करने की सलाह देते हैं और मीडियम से लंबी अवधि में 92,000 रुपए और उसके बाद 1 लाख रुपए पहुंच सकता है। फर्म ने 75,000 रुपए की तरफ होने वाली गिरावट पर और निवेश की सलाह दी है।

**साढ़े 3 महीने में 10,212 रुपए बढ़े सोने के दाम** - इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 10,212 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। ये 63,302 रुपए प्रति ग्राम से 73,514 रुपए पर पहुंच गया। वहीं चांदी भी 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से 83,632 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

**युद्ध या मंदी जैसी स्थिति में सोने-चांदी की कीमतें क्यों बढ़ जाती हैं** - कोई भी जंग जियोपॉलिटिकल इक्वेशन्स खराब कर सकती है। ग्लोबल सप्लाई चेन बाधित कर सकती है, महंगाई बढ़ा सकती है और फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट में लोगों के भरोसे को कम कर सकती है।



# ऑस्ट्रेलिया के नहीं खेलने से अफगान के लोग निराश : राशिद

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

**अभी भारत में आईपीएल खेल रहे अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अगर उनके साथ खेलने से मना करता है तो कुछ नहीं किया जा सकता। राशिद ने कहा कि सीए को ये भी देखना चाहिये कि क्रिकेट अफगान लोगों को खुशी के अवसर देता है।**

उन्होंने कहा कि सीए ने जिस पकार अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से मना किया है उससे देशवासियों को दुख हुआ है क्योंकि अब उन्हें खेल देखने का अवसर नहीं मिलेगा। । वहीं इससे पहले सीए ने तालिबान सरकार के महिलाओं के साथ भेदभाव के आरोप में साल 2023 में ही अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे सीरीज खेलने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उसने इस साल के अंत में यूएई में होने वाली टी20 सीरीज में खेलने से भी मना कर दिया हालांकि राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई घरेलू लीग में खेल रहे हैं। राशिद ने कहा, 'मैं और सभी खिलाड़ी क्रिकेट खेलना चाहते हैं क्योंकि अफगानिस्तान में लोगों के लिए खुशी का यही एक तरीका यही है और अगर आप इसे भी उन्हें नहीं दोगे तो लोग किसी भी चीज का जश्न नहीं मना सकेंगे। गौरतब है कि पिछले साल राशिद ने आस्ट्रेलिया के उनके साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद बिग बैश लीग से हटने की धमकी दी थी। इस 25 साल के गेंदबाज के कई आस्ट्रेलियाई मित्र हैं लेकिन उन्होंने उनसे इस मुद्दे पर बात नहीं की है। उन्होंने कहा, 'मैंने किसी के साथ इसके बारे में चर्चा नहीं की क्योंकि मुझे उनके साथ ये सारी चीजें चर्चा करने का मौका नहीं मिला क्योंकि ये आपके हाथ में नहीं है बल्कि इस पर आपका कोई नियंत्रण ही नहीं है। यह दो देशों की बात है और बतौर खिलाड़ी आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। बल्कि हम यही कर सकते हैं कि जब भी हमें क्रिकेट खेलने का मौका मिले, हम पूरे गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व करें।

## न्यूज ब्रीफ

### बीसीए ने महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए नई समिति का किया गठन

**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने राज्य में महिला क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देने के लिए महिला क्रिकेट विकास समिति की स्थापना की है। समिति का प्राथमिक उद्देश्य खेल में युवा महिला क्रिकेटरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और समर्थन करना है। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, राज्य में महिलाओं के बीच क्रिकेट के प्रचार और विकास पर बीसीसीआई द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, एक महिला क्रिकेट विकास समिति का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से युवा महिलाओं को क्रिकेट में शामिल करने के लिए काम कर रही है। बीसीए अध्यक्ष ने यह भी बताया कि क्रिकेट संचाल संस्था राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर बुनियादी ढांचा और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में भी काम कर रही है। राकेश तिवारी ने कहा, बीसीए बिहार में क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर बुनियादी ढांचे, रोजगार के अवसर, वेतन और कई अन्य दिशा में काम कर रहा है। इन प्रयासों के परिणाम बहुत जल्द दिखाई देंगे। इस बीच, बीसीए का रणदीर वर्मा अंडर-19 टूर्नामेंट 2023-24 अभी चल रहा है। बिहार में पुरुष सीनियर इंटर-डिस्ट्रिक्ट वन डे लीग 2023-24 भी खेली जा रही है। टूर्नामेंट का उद्देश्य राज्य में कच्ची प्रतिभा को निखारना है। बीसीए अध्यक्ष ने पिछले महीने कहा, हर साल, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन विभिन्न स्तरों और आयु समूहों के अपने युवा खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करता है।

# राजस्थान ने रोमांचक मुकाबले में कोलकाता को दो विकेट से हराया



**कोलकाता, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।**

कोलकाता 16 अप्रैल (वार्ता) जॉस बटलर की नाबाद 107 रनों शतकीय और रियान पराग के 34 रनों की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया है।

224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (19) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन (12) भी पवेलियन लौट गये। रियान पराग ने 14 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (34) रन बनाये। ध्रुव जुरेल (2), रवि अश्विन (8), शिमरॉन हेटमायर (शून्य) रोवमन पॉवेल (2) रन बनाकर आउट हुये। रोवमन पॉवेल ने 13 गेंदों में 26 रन बनाये। जॉस बटलर ने 60 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 107 रन की शतकीय पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 224 रन बनाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पर दो विकेट से जीत दर्ज की है। राजस्थान की यह सात मैचों में छठी जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

कोलकाता की ओर से हर्षित राणा, सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 224 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसल 13रन बनाकर आउट हुये। सुनील नारायण ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नारायण ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह नौ गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। रमनदीप सिंह भी एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान और कुलदीप सेन ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

# रायुडू ने दिनेश कार्तिक को टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने की वकालत की



**नई दिल्ली,16 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज द्वारा सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 35 गेंदों में 83 रन की विस्फोटक पारी के बाद 2024 टी20 विश्व कप टीम के लिए दिनेश कार्तिक को शामिल करने की वकालत की। 287 के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए, डु प्लेसिस (28 में 62) और विराट कोहली (20 में 42) ने आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा किया। इसके बाद दिनेश कार्तिक का शानदार प्रदर्शन आया, जिन्होंने अकेले दम पर 35 गेंदों में 83 रन बनाकर मेजबान टीम को मैच में बनाए रखा, क्योंकि आरसीबी की पारी 7 विकेट पर 262 रन बनाकर समाप्त हुई।

अब तक 7 मैचों में, अनुभवी कार्तिक ने 75.33 की औसत और 2 अर्धशतकों के साथ 205.45 की स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। रायडू ने खुलासा किया कि कार्तिक हमेशा एमएस धोनी की छाया में रहे हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके नहीं मिले। रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,मैंने बचपन से देखा है कि वह कितना प्रतिभाशाली है। वह हमेशा एमएस धोनी की छत्रछाया में रहे और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उनके पास आखिरी बार भारत के लिए मैच विजेता बनने और विश्व कप जीतकर अपने करियर का अंत करने का सुनहरा मौका है। इसलिए, मेरा मानना है कि कार्तिक को विश्व कप में ले जाया जाना चाहिए। हालांकि, दूसरी ओर इरफान पठान कार्तिक के चयन को लेकर अलग राय रखते थे और उन्होंने कहा कि आईसीसी इवेंट में गेंदबाज अलग स्तर के होंगे और कार्तिक के लिए उनके खिलाफ रन बनाना आसान नहीं होगा। इरफ़ान पठान ने कहा, वह पूरे प्रवाह में खेल रहे हैं; वह शानदार लय में दिख रहे हैं। लेकिन भारतीय क्रिकेट और विश्व कप एक अलग स्तर पर हैं। विश्व कप में, आप अनकैप्ड खिलाड़ियों को गेंदबाजी करते नहीं देखेंगे। कोई प्रभाव नियम भी नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### आरबीआई को चीयर...

सुब्बाराव ने कहा कि वह इस मांग से हमेशा असहज और नाखुश थे कि आरबीआई को सरकार के लिए चीयरलीडर बनना चाहिए। उन्होंने लिखा, मुझे इस बात से भी निराशा हुई कि वित्त मंत्रालय इन दोनों मांगों के बीच स्पष्ट असंगति पर ध्यान दिए बगैर ब्याज दर पर नरम रुख के लिए बहस करते हुए वृद्धि के लिए उच्च अनुमान की मांग करता था। सुब्बाराव के मुताबिक, उनकी स्पष्ट राय थी कि रिजर्व बैंक सिर्फ जनता की भावनाओं के लिए अपने सर्वोत्तम पेशेवर निर्णय से पीछे नहीं हट सकता। उन्होंने कहा, हमारे अनुमान हमारे नीतिगत रुख के अनुरूप होने चाहिए। वृद्धि एवं मुद्रास्फीति के अनुमानों के साथ छेड़छाड़ से रिजर्व बैंक की विश्वसनीयता कम हो जाएगी।सुब्बाराव के मुताबिक कांग्रेस सरकार के वित्त मंत्री रहे पी चिदंबरम आरबीआई पर अत्यधिक दबाव रखते थे। चिदंबरम ब्याज दर घटाने का दबाव देने के साथ ही अन्य कई जरूरी मसलों पर झूठी तस्वीर पेश करने के लिए दबाव बनाते थे। सुब्बाराव ने कहा कि सरकार और केंद्रीय बैंक के बीच ये तनाव केवल भारत या अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में ही नहीं बल्कि समृद्ध देशों में भी सामने आते हैं। सुब्बाराव ने आरबीआई के नीतिगत रुख को लेकर प्रणब मुखर्जी और पी चिदंबरम दोनों से अनबन होने की बात मानी है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने हमेशा नरम दरों के लिए आरबीआई पर दबाव डाला लेकिन उनकी शैली अलग थी। सुब्बाराव ने लिखा, चिदंबरम ने आमतौर पर वकील की तरह अपने मामले की पैरवी की जबकि मुखर्जी एक बेहतरीन राजनेता थे। मुखर्जी ने अपने विचार रखे और इसपर चर्चा का काम अपने अधिकारियों पर छोड़ दिया। इसका नतीजा असहज संबंध के रूप में निकला। सुब्बाराव ने उस समय का भी जिक्र किया जब मुखर्जी की जगह अक्टूबर 2012 में चिदंबरम दोबारा वित्त मंत्री बने थे।सुब्बाराव ने लिखा, चिदंबरम नरम मौद्रिक व्यवस्था चाहते थे और उन्होंने आरबीआई पर ब्याज दर कम करने के लिए भारी दबाव डाला। लेकिन मैं अपने वस्तुनिष्ठ विचारों के चलते उनकी बात नहीं रख पाया। इससे नाखुश चिदंबरम ने सार्वजनिक रूप से रिजर्व बैंक के रुख पर अपनी कड़ी असहमति जता दी थी। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने अपने इन संस्मरण के जरिए कांग्रेस सरकार के शीर्ष बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों पर अनुचित दबाव बनाए रखने के निरंकुश रवैये का पर्दाफाश कर दिया है।

### राहुल गांधी ने...

उल्लेखनीय है कि पालघर साधु लिंचिंग मामले ने देश को हिलाकर रख दिया था। 16 अप्रैल 2020 को जूना अखाड़े से जुड़े दो साधुओं 70 वर्षीय कल्पवृक्ष गिरि महाराज और 35 वर्षीय सुशील गिरि महाराज की उनके ड्राइवर नीलेश तेलगाडेरे के साथ हत्या कर दी गई। 100 से अधिक कट्टरपंथी जमात ने बेरहमी से पीट-पीटकर साधुओं की निर्मम हत्या कर दी था। भीड़ ने उन पर तब हमला किया जब वे एक अन्य साधु के अंतिम संस्कार के लिए मुंबई से गुजरात जा रहे थे।घटना के वीडियो में वीभत्स हत्या को कैद किया गया है जिसमें घटना के समय पुलिस की मौजूदगी भी नजर आई। घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी कथित तौर पर मूकदर्शक बने रहे। यहां तक कि पुलिस ने पीड़ितों को भीड़ के हवाले कर दिया। अखाड़ा नेताओं की मांग और सार्वजनिक आक्रोश के बावजूद, ठाकरे के प्रशासन ने मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का विरोध किया, जिसके बारे में पावस्कर ने दावा किया कि इससे समय पर जांच में बाधा उत्पन्न हुई। 30 जून 2022 को एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के बाद ही मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया था।

### ममता ने...

प्रधानमंत्री ने कहा, पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी को हिंदुओं के पर्व-त्यौहारों और रामनवमी से भी एलर्जी है। यह मुस्लिम तुष्टिकरण की इंतिहा है।रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2024 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। आज भाजपा आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है। भाजपा ने ही देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी। टीएमसी जैसी पार्टी दलित, आदिवासी महिलाओं को अपना बंधक बनाकर रखना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बालुरघाट में आज उमड़ा यह जनसैलाब को देखकर लगता है कि इस बार जीत विकास की होगी। आज पूरा राज्य कह रहा है 4 जून को 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि टीएमसी को लग रहा है कि पीएम मोदी ने योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। टीएमसी को लगता है कि अगर जनता को मोदी की गारंटी से लाभ मिला तो राज्य की जनता का विकास हो जाएगा। टीएमसी की दुकान बंद हो जाएगी इसलिए वे झूठी खबर फैला रहे हैं, लेकिन बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है।रामनवमी और रामलला का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि रामनवमी पर रामलला अयोध्या स्थित अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुझे पता है कि हर वर्ष की तरह इस साल भी ममता सरकार ने रामनवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने समारोह को रोकने के लिए कई साजिशें रची हैं। लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए अदालत ने रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति दे दी है। कल रामनवमी के अवसर पर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य जुलूस निकाला जाएगा। मैं बंगाल के अपने सभी भाइयों और बहनों को इस अवसर पर बधाई देता हूं।

#### एक बार फिर भारत और बिहार प्राचीन गौरव हासिल करेगा

गया (बिहार), 16 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के गया में महात्मा बुद्ध की धरती को नमन करते हुए संविधान, राम मंदिर और शक्ति की उपासना पर बात करते हुए विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने लालटेन युग की भी बात की और विकास की तस्वीरें भी दिखाईं। रैली में उत्साहित लोगों को उन्हें कई बार मोदी-मोदी का नारा लगाने से रोकना भी पड़ा। पीएम मोदी ने कई बार लोगों से अपने अंदाज में सवाल-जवाब भी किए।प्रधानमंत्री ने गया के सभा मंच पर पहुंचते ही मगही भाषा में कहा, विश्व विख्यात ज्ञान और मोक्ष की पवित्र नगरी गया जी के हम प्रणाम करहि। भगवान विष्णु की धरती, भगवान बुद्ध के तपस्थली के हम नमन करहि। पीएम मोदी ने कहा, यह वह धरती है, जिसने मगध का ऐश्वर्य देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है। उन्होंने नवरात्र के साथ सम्राट अशोक की भी चर्चा की और कहा, संयोग से आज जब मैं गयाजी आया हूं तो नवरात्रि भी है और आज ही सम्राट अशोक की जयंती भी है। सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव की वापसी के लिए आगे बढ़ रहा है। इसे चुनाव से जोड़ते हुए पीएम ने कहा, यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर उमड़ा यह जनसैलाब और आपका यह उत्साह साफ बता रहा है, फिर एक बार... इस पर भीड़ की तरफ से जवाब मिला मोदी सरकार। इसके बाद पीएम ने फिर पूछा, 4 जून? 4 जून? भीड़ से जवाब मिला 400 पार। गया में लोगों के उत्साह से प्रधानमंत्री अभिभूत नजर आए। उन्होंने कहा, मैं जब एयरपोर्ट से यहां आ रहा था तो लोग पैदल यहां पहुंचने के लिए चलते दिखे। हो सकता है कि मेरा भाषण पूरा होने तक वह सब शायद नहीं पहुंच सकें। यह प्यार और आशीर्वाद मैं कभी भूल नहीं सकता हूं। गया और औरंगाबाद ने आज घोषणा कर दी है, फिर एक बार, मोदी सरकार।पीएम मोदी ने संविधान बदलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि स्वयं बाबा साहब अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते तो भाजपा इसकी हिम्मत कैसे कर सकती है! इन्हें पता होना चाहिए कि यह जो संविधान सभा थी, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद उसका नेतृत्व करते थे। बाबा साहब का दिल, दिमाग और कलम इस संविधान को शब्दों में ढाल रहा था। देश के गणमान्य लोगों ने विचार-विमर्श करते हुए भावनाओं को समझते हुए इसका निर्माण किया। उन्होंने कहा कि संविधान की ताकत के कारण ही आज मोदी इस जगह पर है। यह संविधान नहीं होता तो कभी ऐसे पिछड़े परिवार में पैदा हुआ गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता था।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक गरीबों को रोटी-मकान के सपने दिखाए और चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए एनडीए सरकार ने। हमारे साथी जीतन राम मांझी साक्षी हैं कि कैसे दलितों, वंचितों और पिछड़ों के नाम पर कांग्रेस और राजद ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा है। दलितों-वंचितों-पिछड़ों को अधिकार और सम्मानपूर्ण जीवन एनडीए ने दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र के लिए विकास का रोड मैप बनाया गया है।

### हाईकोर्ट ने सरकार को ...

तो राज्य को केंद्रीय बल से मदद लेनी होगी। जज ने कहा, अगर पुलिस 200 लोगों के जुलूस को नहीं संभाल सकती तो कहने को कुछ नहीं बचा है। हावड़ा में विश्व हिंदू परिषद की रामनवमी शोभायात्रा पर राज्य की आपत्ति पर जस्टिस जय सेनगुप्ता ने कहा कि आश्चर्य है कि राज्य पुलिस इतना भी नहीं कर सकती। जज ने कहा कि अगर 200 लोग राज्य में कहीं भी मार्च करते हैं तो उसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरी हुआ तो राज्य केंद्र से जुलूस को नियंत्रित करने के लिए कह सकता है।

### अब अंतिम...

अमित शाह ने कहा, पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था। आज अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप आ गया है।अमित शाह ने कहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था, एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेगा। आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह यहां भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन छू रहा है। बहुत कठिन दौर से संघर्ष करके भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं। आज जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यह याद करके कि भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यहीं बलिदान दिया था।अमित शाह ने कहा, फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेंद्र मोदी 10 बार प्रधानमंत्री बन जाएं, लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया। अमित शाह ने महबूबा मुफ्ती को घेरते हुए कहा, महबूबा कहती थीं कि अगर 370 हटा तो तिरंगे को कोई कंधा देने वाला नहीं होगा। आप और मैं तो चले जाएंगे लेकिन तिरंगा तो अजर है, अमर है, हमेशा रहने वाला है। नेशनल कॉन्फ्रेंस औप पीडीपी वाले कहते थे कि गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण काट दिया जाएगा, लेकिन उनके आरक्षण में बदलाव किए बिना पहाड़ी समुदाय को आरक्षण दिया गया है।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कुछ लोग अफवाह फैलाते हैं कि भाजपा कश्मीर में लोगों की जमीनें छीनना चाहती है, जबकि तथ्य यह है कि भाजपा लोगों का दिल जीतने में विश्वास रखती है। घाटी में भाजपा को कोई जल्दी नहीं है। वह जानती है कि घाटी में कमल (पार्टी का चुनाव चिह्न) अपने आप खिलेगा। पीएम मोदी ने न केवल फर्जी मुठभेड़ों पर पूर्ण विराम लगाया है, बल्कि आतंकवाद के खात्मे पर भी मुहर लगाई है।शाह ने कहा कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की घाटी में फर्जी मुठभेड़ों और युवाओं पर गोलीबारी की घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद आतंकवाद, पथराव और पाकिस्तान प्रायोजित हमलों को खत्म करके शांति बहाल की और विकास सुनिश्चित किया। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, इन तीन दलों ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को विकसित नहीं होने दिया। सुरक्षा के बहाने कश्मीरी युवाओं का शोषण किया गया। मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी से पूछना चाहता हूं कि किसके शासन में सबसे ज्यादा फर्जी एनकाउंटर हुए? और कश्मीर के बच्चों पर गोलियां किसने चलाईं, उनके हाथों में बंदूकें किसने थमाईं?अमित शाह ने कहा, मोदीजी ने जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल की और क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। पिछले 70 वर्षों से आतंकवाद और आंदोलनों के कारण जम्मू-कश्मीर पिछड़ेपन में चला गया। मोदी ने आतंकवाद, पथराव और अलगाववाद को खत्म करने में मदद की और जम्मू-कश्मीर में विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

### चुनाव आयोग ने...

चुनाव शुरू होने से पहले ही आयोग द्वारा की गई यह जब्ती 2019 के मुकाबले 34 प्रतिशत अधिक है। 2019 के आम चुनावों के दौरान, चुनाव आयोग द्वारा 3,475 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे।आयोग ने बताया है कि जब्त किए गए 4,650 करोड़ रुपए में 2,069 करोड़ की ड्रग्स, 395 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी और 489 करोड़ रुपए से अधिक की शराब शामिल है। 1 मार्च से चुनाव आयोग हर दिन 100 करोड़ रुपए का सामान जब्त कर रहा था। इसमें से 44 प्रतिशत जब्ती ड्रग्स और नशीले पदार्थों की है, जिन पर आयोग का विशेष ध्यान है। ड्रग्स के अलावा सबसे ज्यादा बरामदगी मुफ्त की रेवड़ियों की रही, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक आइटम से लेकर घरेलू सामान शामिल हैं। इस साल 1143 करोड़ की फ्रीबीज जब्त की गईं जो साल 2019 में जब्त की गईं 60 करोड़ की रेवड़ियों के मुकाबले 1799 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि, जब्ती में कैश और कीमती धातुओं की बरामदगी कम हुई वहीं, शराब की जब्ती पिछले चुनाव के मुकाबले ज्यादा है। राज्यवार बात करें तो राजस्थान में सबसे ज्यादा 778.53 करोड़ की जब्ती की गई, दूसरे स्थान पर गुजरात रहा जहां 605.34 करोड़ की जब्ती की गई।देश की राजधानी दिल्ली से 236.07 करोड़ जब्त किए गए। देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश से चुनाव आयोग ने 145.77 करोड़ जब्ती किए। टॉप 10 राज्य जहां सबसे ज्यादा जब्ती-बरामदगी की गई उनमें 5 राज्य भाजपा शासित हैं। जब्ती वाले टॉप 10 राज्यों में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार हैं।2019 के लोकसभा चुनावों में की गई जब्ती की तुलना में इस बार सभी श्रेणियों में अधिक जब्ती हुई। पिछले चुनाव के मुकाबले कैश में 114 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि शराब और कीमती धातु की जब्ती में क्रमशः 61 प्रतिशत और 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मूल्य के हिसाब से सबसे अधिक वृद्धि नशीली दवाओं की जब्ती में हुई, जो इस बार 62 प्रतिशत अधिक हुई।चुनाव आयोग ने कहा कि काले धन का इस्तेमाल और पॉलिटिकल फंडिंग अधिक साधन सम्पन्न पार्टी या उम्मीदवार के पक्ष में लेवल प्लेइंग फील्ड को बिगाड़ सकता है। यह जब्ती लोकसभा चुनाव को प्रलोभन और कदाचार से मुक्त कराने और समान अवसर सुनिश्चित करने के उसके संकल्प का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। चुनाव आयोग के सूत्रों ने यह भी कहा कि हेलीकॉप्टरों की जांच या तलाशी जैसे कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी के मामले में, प्रलोभन-मुक्त चुनाव कराने के मानक निर्देशों का हिस्सा थी।आयोग ने इस बार की गई जब्ती में वृद्धि का श्रेय चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी और केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर कई प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग को दिया। आयोग ने अधिक सतर्कता के लिए 123 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया और इन निर्वाचन क्षेत्रों की निगरानी के लिए 781 व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि उसने 106 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जो आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करते हुए और चुनाव अभियान में नेताओं की सहायता करते पाए गए।जनवरी 2024 में, चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने चुनावों में काले धन से निपटारे पर जोर देने के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश का दौरा किया। इसके अलावा, जिलों की गहन समीक्षा की गई और चुनावों के दौरान वित्तीय संसाधनों के दुरुपयोग के खिलाफ सतर्कता के लिए मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ चर्चा की गई। परिणामस्वरूप, जनवरी और फरवरी में देश भर में नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुओं और मुफ्त उपहारों के रूप में कुल 7502 करोड़ रुपए की जब्ती की गई।

### मस्जिद के सामने से...

इस संबंध में गोविंदा गुलाब नागराले द्वारा मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जो सभी मुस्लिम हैं। इन लोगों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 143, 146, 147, 149, 295 और 296 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा, कई अन्य प्रासंगिक धाराएं भी लगाई गई हैं। पुलिस ने पापा शाह, सादिक शाह, वसीम पठान, सुल्तान बिल्डर, जुनैद शाह, तौफिक, शोएब के रूप में कुछ लोगों की पहचान भी की है, इनके नाम भी एफआईआर में शामिल हैं। इस मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ़्तारी हुई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में साहिल लाला बागवान, समीर लाला बागवान, इसाक मिस्त्री, कल्लू पठान, विहान बागवान, कौसर मुस्सा खटीक और अज्या खटीक है।

### मुठभेड़ में 29 ...

घटनास्थल से चार एके 47 राइफल, इंसास और अन्य राइफल तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली है। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया है, जिस पर 25 लाख रुपए का इनाम था। वहीं दो महिला नक्सली ललिता और मांडवी भी मारी गई हैं। ललिता और मांडवी पर भी 25-25 लाख का इनाम था। शंकर राव, ललिता और मांडवी डीवीसी रैंक के लीडर थे।

## मायावती ने सियासत की बिसात पर फेंका शानदार पासा

# धनंजय की पत्नी जौनपुर से बसपा प्रत्याशी

### ▪ भाजपा और सपा दोनों के लिए भारी पड़ेगा खेल

**जौनपुर, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोकसभा सीट पर चुनाव अब त्रिकोणीय हो गया है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पहले भाजपा ने कृपा शंकर सिंह को टिकट दिया। उसके बाद समाजवादी पार्टी ने बाबू सिंह कुशवाहा को चुनावी मैदान में उतारकर सियासी धड़कनों को तेज कर दिया था। इसके बाद अब बसपा ने सभी को चौंकाते हुए श्रीकला धनंजय सिंह को जौनपुर सीट से टिकट दिया है। श्रीकला सिंह को टिकट मिलने के बाद पूरा चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है।

पहले बाहुबली धनंजय सिंह के समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने की अफवाहों से सियासी गलियारों में सरगर्मी तेज हो गई थी। इसके बाद उन्हें सजा हो गई और उनका लोकसभा चुनाव लड़ना टल गया। बता दें कि बाहुबली नेता धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी केस में 7 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। उन पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भले ही सबसे ज्यादा हो पर इस सीट पर राजपूतों का ही दबदबा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने जौनपुर सीट को अपने खाते में लाने के लिए महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों की आवाज के रूप में पहचाने जाने वाले जौनपुर के रहने वाले और राजपूत बिरादरी के कृपाशंकर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। धनंजय ने कृपा शंकर की उम्मीदवारी घोषित होते ही अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया था। धनंजय को उस समय करारा झटका लगा जब जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपहरण के मामले में सात साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

धनंजय सिंह का जीवन भी काफी दिलचस्प रहा है। उन्होंने कुल तीन शादियां कीं। पहली पत्नी ने शादी के





करीब 9 महीने बाद ही सुसाइड कर लिया था। फिर धनंजय सिंह ने डॉक्टर जागृति सिंह से दूसरी शादी की। डॉक्टर जागृति अपनी नौकरानी की हत्या के आरोप में 2013 में जेल भी गईं। बाद में धनंजय और जागृति का तलाक हो गया और दोनों अलग हो गए। धनंजय सिंह ने साल 2017 श्रीकला रेड्डी से तीसरी शादी की। दोनों ने पेरिस में आलीशान तरीके से शादी रचाई थी।

श्रीकला मूल रूप से तेलंगाना की रहने वाली हैं। वह बड़े कारोबारी घराने से संबंध रखती हैं। उनके पिता जितेंद्र रेड्डी भी विधायक रह चुके हैं। वहीं, उनकी मां ललिता रेड्डी अपने गांव की सरपंच रह चुकी है। श्रीकला की राजनीतिक एंट्री साल 2021 में हुई थी। उन्हें जौनपुर की जिला पंचायत का अध्यक्ष चुना गया था। वह निर्दलीय ही चुनाव जीत गई थी। इस इलेक्शन में उन्हें 43 वोट हासिल हुए थे। इसके बाद धीरे-धीरे उनकी राजनीति में सक्रियता बढ़ती चली गई और वे पति धनंजय सिंह के साथ कई कार्यक्रम में भाग लेने लग गई थी।

जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण वोटर्स की संख्या भले ही सबसे ज्यादा है पर अब तक इस सीट पर राजपूतों की ही दबदबा रहा है। ब्राह्मणों की आबादी 15.72 फीसदी और दूसरे नंबर पर 13.30 फीसदी के साथ राजपूत हैं पर अब तक 17 चुनावों में 11 बार राजपूत उम्मीदवारों के जीतने का रिकॉर्ड है। चार बार यादव और दो बार ब्राह्मण प्रत्याशियों को भी जीत मिली है। वहीं, मुस्लिम और एससी कैटेगरी के वोटरों की संख्या भी काफी सही है।

जौनपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डालें तो विकास के नाम पर वोटर्स ने प्रमुख दलों को बारी-बारी से आजमाया है। इस सीट पर सबसे ज्यादा बार जीतने का रिकॉर्ड कांग्रेस पार्टी के नाम पर है। कांग्रेस के प्रत्याशी छह बार चुनाव जीते, लेकिन तीन दशक से ज्यादा समय से कांग्रेस का वनवास समाप्त ही नही हो सका है। इस बार इलेक्शन में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की वजह से यह सीट सपा के खाते में गई है। वहीं, जौनपुर के वोटर्स ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी को पांच बार प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है।

साल 1952 में पहला आम चुनाव हुआ था। उस समय जौनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के बीरबल सिंह को लोगों ने भारी मतों से विजयी बनाया था। वहीं, साल 1957 में कांग्रेस के गणपत राम को कामयाबी हासिल हुई थी। लेकिन आम चुनाव 1962 में जनसंघ के ब्रह्मजीत सिंह को सफलता मिली। इस सीट पर पहली बार कांग्रेस ने हार का मुंह देखा था। लेकिन एक साल के अंदर ही ब्रह्मजीत का निधन हो गया। इसके बाद साल 1963 में इस सीट पर उप-चुनाव हुए। इसमें जनसंघ के मुखिया पंडित दीनदयाल उपाध्याय चुनावी मैदान में उतरे। लेकिन उनको हार का मुंह देखना पड़ा। कांग्रेस के राजदेव सिंह ने जनसंघ के सबसे बड़े लीडर को हरा दिया था। इसके बाद इस सीट पर कांग्रेस पार्टी के राजदेव सिंह ही लगातार 1971 तक जीतते रहे।

इमरजेंसी के बाद कांग्रेस पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। साल 1977 में इलेक्शन हुए यहां पर जनता पार्टी के यादवेंद्र दत्त दुबे को जीत हासिल हुई। वहीं, साल 1980 में जनता दल के ही अजीजुल्लाह आजमी को सीट जीतने में कामयाबी मिली। लेकिन साल 1984 में कांग्रेस ने वापसी की और कमला प्रसाद सिंह ने जीत हासिल की। इसके बाद इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी का दबदबा रहा। साल 1989 में भाजपा के यादवेंद्र दुबे को जीत मिली।

लेकिन साल 1991 में जनता दल के अर्जुन सिंह यादव जीते। साल 1996 में एक बार फिर भाजपा को इस सीट पर जीत मिली। भाजपा के राज केसर सिंह को विजय मिली। साल 1998 के आम चुनाव में इस सीट पर पहली बार समाजवादी पार्टी का खाता खुला। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पारसनाथ यादव ने जीत हासिल की।

साल 1999 में भारतीय जनता पार्टी के स्वामी चिन्मयानंद, साल 2004 में समाजवादी पार्टी के पारसनाथ यादव और साल 2009 में बीएसपी के धनंजय सिंह ने जीत हासिल की। एक बार फिर इस सीट पर साल 2014 में भाजपा उम्मीदवार कृष्ण प्रताप सिंह को जीत मिली।

लेकिन साल 2019 के लोकसभा इलेक्शन में बीएसपी के श्याम सिंह यादव ने जीत हासिल की। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन के श्याम सिंह यादव ने दलित, मुस्लिम और यादव वोटर्स के समर्थन से जीत दर्ज की थी। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने कृष्ण प्रताप सिंह को मैदान में उतारा था। लेकिन इस सीट पर बीएसपी उम्मीदवार ने 80936 वोटों से जीत हासिल की।

# यूपीएससी में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव टॉप

### आईआईटी के बाद बने आईपीएस, अब आईएएस

**लखनऊ, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 1016 आवेदकों ने सफलता पाई है। इस साल यूप-ीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। दूसरे नंबर पर अनिमेष प्रधान रहे, जबकि तीसरा स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी ने पाया है। आईएएस 2023 की परीक्षा में टॉप करने वाले आदित्य श्रीवास्तव लखनऊ के रहने वाले हैं।






लखनऊ के रहने वाले और यूपीएससी टॉप करने वाले आदित्य श्रीवास्तव वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल में अंडर ट्रेनिंग आईपीएस के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता अजय श्रीवास्तव सेंट्रल ऑडिट डिपार्टमेंट में एएओ के पद पर कार्यरत हैं, जबकि एक छोटी बहन नई दिल्ली से सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही है। आदित्य की मां आभा श्रीवास्तव सामान्य घरेलू महिला हैं। आदित्य का बचपन लखनऊ के मवैया इलाके में बीता और शुरुआती पढ़ाई सिटी मोंटेसरी स्कूल (सीएमएस) अलीगंज में हुई। 12वीं पास करने के बाद आदित्य ने आईआईटी कानपुर से बीटेक किया और कुछ दिनों के लिए निजी कंपनियों में नौकरी करने के बाद आईपीएस और अब आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण की।

इनके अलावा झांसी के अनिकेत शांडिल्य ने यूपीएससी में 12वीं रैंक पाई है। अनिकेत के पिता आलोक शांडिल्य जीआईसी में शिक्षक हैं।

वहीं, सीतापुर में तैनात रहीं डिप्टी कलेक्टर फरहीन जाहिद ने यूपीएससी में सफलता पाई। उन्हें 241 रैंक मिली है। सीतापुर जनपद में बतौर डिप्टी कलेक्टर तैनात रहीं फरहीन जाहिद ने यूप-ीएससी परीक्षा में अपना परचम लहराया है।

फरहीन ज़ाहिद ने बताया कि वह मूल रूप से बांदा जनपद की निवासी हैं। बांदा शहर के मोहल्ला छावनी में रहती हैं। उनके पिता हाजी जाहिद रिटायर्ड एटीओ हैं। फरहीन ने यूपी पीसीएस में भी 14वां स्थान हासिल कर कामयाबी पाई थी। उन्हें डिप्टी कलेक्टर के पद पर सीतापुर में तैनाती मिली थी। वर्तमान में वह यूपीपीसीएस प्रबंधन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं।

यूपीएससी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक सार्वजनिक सूचना के माध्यम से परिणामों की घोषणा की। नोटिस में लिखा है, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सितंबर, 2023 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा, 2023 के लिखित भाग और जनवरी-अप्रैल 2024 में आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर, नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों की योग्यता सूची जारी की गई है।

## विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे चयनित अभ्यर्थी: योगी



**लखनऊ, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** यूप-ीएससी परीक्षा-2023 का मंगलवार को परिणाम जारी कर दिया गया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिविल सेवा परीक्षा-2023 में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा, संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा-2023 में चयनित सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई! मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी राष्ट्र-प्रथम के संकल्प और अटूट सेवा भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। आप सभी के स्वर्णिम भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं!

# पांच सौ साल बाद अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे रामलला: योगी

**बिजनौर, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के लिए जनसभा कर वोट देने की अपील की। सीएम ने बासंतिक नवरात्रि की अष्टमी तिथि के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी।

सीएम योगी ने कहा कि भारत





एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया।

इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था।

वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया। एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो पीएम मोदी ने 'भारत रत्न' देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया।

सीएम ने कहा कि संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा।

तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे।

एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है।

सीएम ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स, मिल रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं। वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं।

## महाकुंभ-2025 : महाकुंभ से पहले तीन बड़े शहरों के लिए एयर अकासा भरेगी उड़ान

**प्रयागराज, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** महाकुंभ से पहले कुंभनगरी को एयर कनेक्टिविटी को लेकर एक और सौगात मिलने जा रही है। 25 मई से प्रयागराज तीसरी विमान सेवा से भी जुड़ जाएगी। विमानन कंपनी एयर अकासा की तरफ यह प्रस्तावित सेवा शुरू हो रही है। प्रयागराज से मुंबई के लिए तीसरी विमान सेवा की शुरुआत का रास्ता खुल गया है। विमानन कंपनी एयर अकासा ने अपनी वेबसाइट में प्रयागराज को प्रणाम करते हुए कहा है कि प्रयागराज-मुंबई उड़ान 25 मई से शुरू हो जाएगी। अभी यह तय हुआ है कि इसका संचालन सप्ताह में रविवार को छोड़कर छह दिन होगा। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार बताते हैं कि नागर विमान निदेशालय (डीजीसीए) भी अकासा एयर को प्रयागराज से मुंबई, प्रयागराज से दिल्ली और प्रयागराज से बेंगलुरु विमान संचालन की अनुमति दे चुका है। अकासा ने अपनी वेबसाइट पर विमान शुरू होने की जानकारी दी है। उसकी वेबसाइट के होम पेज पर लिखा, प्रणाम प्रयागराज। होम पेज पर कुंभ मेले की अद्भुत छटा के संगम का दृश्य भी दिखाया गया है। अकासा एयर ने उड़ान की समय सारिणी भी जारी की है । प्रयागराज में 40 मिनट के अंतराल में दो विमान उपलब्ध रहेंगे। विमान प्रयागराज से मुंबई के लिए दोपहर 1:40 पर उड़ान भरेगा और शाम चार बजे मुंबई पहुंच जाएगा। मुंबई से अकासा एयर का विमान सुबह 10:35 बजे उड़ान भरेगा और इसका प्रयागराज पहुंचने का समय दिन में एक बजे रहेगा। प्रयागराज से विमानन कंपनी इंडिगो भी वर्तमान समय में प्रयागराज से मुंबई के लिए विमान संचालित कर रहा है। इसका संचालन प्रतिदिन हो रहा है।

### नगीना और कैराना की जनसभाओं में बोले योगी आदित्यनाथ

# माफियाओं का महिमा मंडन कर फातिहा पढ़ते हैं विपक्षी नेता: योगी

**बिजनौर/शामली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नगीना और कैराना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने नगीना से ओम कुमार और कैराना से प्रदीप चौधरी को चुनाव जिताकर दिल्ली भेजने का आह्वान किया। कड़ी धूप के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने-देखने बड़ी संख्या में आम जनमानस पहुंचा। सीएम योगी ने कहा कि कल मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। सीएम ने कांग्रेस-सपा व बसपा पर प्रहार भी किया। बोले कि यह माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन करते हैं और उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने नगीना से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के पक्ष में कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की



जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव हरवाया था तो 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। यह माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में कहा कि कैराना वासियों को जिन लोगों ने पलायन के लिए मजबूर किया था, हमने उनको धरती से पलायन करा दिया। अब यहां पर कोई पलायन नहीं करा सकता है। पहले शामली और कैराना में बेटियां अपने मां-बाप से दूर पढ़ाई के लिए जाने को मजबूर थी, लेकिन आज यहां की बेटियां उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में टॉप करती हैं। मैं उन्हें कई बार सम्मानित भी कर चुका हूं। पहले मेरठ से दिल्ली जाने में 4 से 5 घंटे लगते थे, आज मात्र 45 मिनट में दूरी तय की जा रही है। मेरठ में रैपिड रेल के ट्रैक का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां पर पहला खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। आज यहां की बेटियां ओलंपिक में पदक जीत रही हैं। सीएम ने कहा कि अब तक गन्ना किसानों को ढाई लाख करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। शामली की दो-तीन चीनी मिलों में समस्या है। उन्हें कहा गया है कि गन्ना किसानों की पाई पाई चुकता नहीं हुई तो चीनी मिल का मालिक किसानों को बना देंगे।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अभास तेलंगाना का नवरात्रि डांडिया उत्सव भव्यता से सम्पन्न



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (अभास) तेलंगाना के तत्वावधान में नवरात्रि डांडिया उत्सव विभिन्न रंगारंग नृत्यों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। शमशाबाद स्थित दि सूर्या एरेना में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उद्योगपति एवं समाजसेवी कमलकिशोर अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम में महाराजा श्री अग्रसेनजी की पूजा मां लक्ष्मी एवं माता अम्बे की आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, कमल किशोर अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शशिकांत अग्रवाल, राष्ट्रीय सह प्रवक्ता अशोक बंसल ने किया। अवसर पर सभी का स्वागत अभास तेलंगाना के अध्यक्ष योगेश जैन ने करते हुए कहा कि अभास तेलंगाना ने जितने भी कार्यक्रम किए हैं उनमें सभी का सहयोग प्राप्त हुआ है। अभास के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में अभास कई क्षेत्रों में प्रगति की ओर बढ रहा है। समाज के बंधु इससे जुड़े और अभास के सदस्य बनकर अग्रवंशी को जोड़ने का कार्य करें। सभी का कर्तव्य है कि अपना पूर्णरूप से सहयोग प्रदान कर एकजुटता बनाए रखें।

अवसर पर अभास तेलंगाना के मानद मंत्री विनय जैन ने अभास द्वारा आयोजित गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि गत दो वर्षों में अभास ने कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिनमें सभी का बराबर सहयोग रहा है।

अवसर पर अभास के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि अभास दक्षिण क्षेत्र में बहुत ही उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी कर्मभूमि के अतिरिक्त अपनी पितृभूमि यानि अग्रोहा धाम को भी सदैव याद रखें और अपना अपना योगदान दें। वहां पर विशाल अग्रोहा धाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है जो देश में सबसे अनोखा होगा। इसमें महाराजा अग्रसेनजी के सिद्धांत एक रुपया एक ईंट के तहत सभी का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। अग्रोहा धाम में 100 एसी कमरे होंगे और यह मंदिर देश के ज्ञान देने वाला होगा। मंदिर में साक्षात माता के दर्शन होंगे। यह 108 फुट लंबा और 108 फुट चौड़ा होगा जिसमें एक भी सरिया नहीं लगा होगा। इस धाम में अग्रबंधुओं का सहयोग मिल रहा है। कमरों के ट्रस्टी बनें। उन्होंने कहा कि राजनीति में अपनी पैठ बनाने के लिए सभी अग्रबंधुओं को एकजुट होना होगा। दक्षिण में 25 लाख से अधिक अग्रबंधु हैं। सभी एकजुट हो जाएं तो राजनीतिक पार्टी को झुकना ही होगा। अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने समाजसेवी व उद्योगपति कमल किशोर अग्रवाल का सम्मान किया।

अवसर पर नवरात्रि डांडिया कार्यक्रम में हिन्दी एवं गुजराती फिल्मों एवं डांडिया के गीतों पर सभी ने पारंपरिक वेशभूषा में डांडिया खेला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डीजे, रंगीन लाइट एलईडी स्क्रीन रहा। कार्यक्रम में लाइव बैंड राजा बिट्स के भाविन राजा एवं टीम ने दिया। अवसर पर अग्रबंधुओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें श्रेष्ठ गरबा ग्रुप का पुरस्कार (32 इंच एलईडी टीवी) अग्रवाल चैम्पियन्स को, श्रेष्ठ डांडिया ग्रुप पुरस्कार (32 इंच एलईडी टीवी) डांडिया पेरिस को, श्रेष्ठ गरबा महिला का पुरस्कार ( माइक्रोवेव) रश्मि अग्रवाल को, श्रेष्ठ डांडिया महिला का पुरस्कार ( माइक्रोवेव) सुनीता अग्रवाल को, श्रेष्ठ डांडिया पुरुष का पुरस्कार (7 लीटर वाशिंग मशीन ) प्रणव अग्रवाल को, श्रेष्ठ गरबा पुरुष का पुरस्कार (7 लीटर वाशिंग मशीन ) विष्णु अग्रवाल को, श्रेष्ठ डांडिया जोड़ी का पुरस्कार (165 लीटर रेफ्रिजिरेटर) कनक एवं देवेन्द्र को, श्रेष्ठ गरबा जोडी का पुरस्कार ( 165 लीटर रेफ्रिजिरेटर) मोहित एवं शिखा को, श्रेष्ठ पारंपरिक वेशभूषा महिला का पुरस्कार ( वाटर डिस्पेंसर) ज्योति अग्रवाल को, श्रेष्ठ पारंपरिक वेशभूषा पुरुष का पुरस्कार (वाटर डिस्पेंसर) नितिन अग्रवाल को, श्रेष्ठ पारंपरिक किड लडकी का पुरस्कार (टावर फैन) कशवी अग्रवाल को, श्रेष्ठ पारंपरिक वेशभूषा किड्स लडके का पुरस्कार ( टावर फैन) शोभित अग्रवाल को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार प्रवेश टिकट पर लक्की ड्रॉ का पुरस्कार (55 एलईडी टीवी) भरत गर्ग को एवं शुभ्रा गुप्ता (1.5 टन एसी) को प्राप्त हुआ। विदित तुलस्यान को चांदी का सिक्का प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय संगठन मंत्री शशिकांत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का आभार मानद मंत्री विनय जैन ने व्यक्त किया।




# भाजपा ने डॉ. टी एन वामशा को सिकंदराबाद छावनी उपचुनाव में उतारा



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा ने सिकंदराबाद छावनी विधानसभा उपचुनाव के लिए डॉ. टी एन वामशा तिलक को अपना उम्मीदवार बनाया है।

बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति ने मंगलवार को तिलक के नाम की घो–षणा की। कांग्रेस ने श्रीगणेश नारायणन को टिकट दिया है, जो हाल ही में बीजेपी से कांग्रेस में शामिल हुए हैं और बीआरएस ने नंदिता की बहन जी निवेदिता को टिकट दिया है।

23 फरवरी को एक सड़क दुर्घटना में बीआरएस की मौजूदा विधायक जी लस्या नंदिता के निधन के कारण कैंटोनमेंट के लिए उपचुनाव आवश्यक हो गया था।




भगवान महावीर जन्म जयंती के उपलक्ष्य में बीते रविवार को शासन संध्या का प्रोग्राम जीतो द्वारा इम्पीरियल गार्डन सिकंदराबाद में संपन्न हुआ। जिसमें पुरसगारी का लाभ डाइनैमिक महिला ग्रुप एवं संगम फाउंडेशन को दिया गया। उस के लिये जीतो की पूरी टीम को धन्यवाद दिया गया। प्रोग्राम में उपस्थित सदस्य डायनैमिक महिला ग्रुप की अध्यक्ष सविता राय सोनी, संगम फ़ाउंडेशन की अध्यक्ष नीरज सुराणा, डॉक्टर रोशनी, मिनाक्षी , रोमा, प्रभा, रानू, शालू, रिंकी, संतोष, आरती, सरोज, लाडकंवर, सौभाग्य, चंदना, कनक श्री, हेमा, अलका, पिंकी, संतोष सिंघवी, शैली, मंज़ू रेखा,चंद्रलेखा, पुष्पा, नितू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सैंडस्टोन इंफ्रा के निदेशक धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद सेंट्रल क्राइम स्टेशन के अधिकारियों ने मंगलवार को धोखाधड़ी के एक मामले में कथित तौर पर शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों एम. चंद्रशेखर रेड्डी (51), निदेशक, सैंडस्टोन इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उनकी पत्नी येरुवा श्रीलक्ष्मी (44) ने अन्य लोगों के साथ मिलकर अमीनपुर में स्प्रिंग सिटी चरण प्रथम और द्वितीय परियोजनाओं के बहाने जनता से भारी रकम एकत्र की और उन्हें धोखा दिया। डीसीपी सीसीएस डिटेक्टिव डिपार्टमेंट, एन श्वेता ने कहा दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

# आर्य कन्या विद्यालय में अंजली आर्य ने किया नए कम्प्यूटरों का लोकार्पण



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आर्य कन्या विद्यालय हाईस्कूल देवीदीन बाग कंदास्वामी लेन, सुलतान बाजार में मंगलवार को कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु नवीन कंप्यूटर्स एवं प्रिंटर्स का लोकर्पण देव ऋषि गुरुकुल मेरठ गंगनहर की अध्यक्ष और आर्य जगत की प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कथाकार महोउपदेशिका एवं क्रान्तिकारी वक्ता विदुषी अंजली आर्य के द्वारा किया गया।

इन पांच नवीन कंप्यूटर्स एवं प्रिंटर्स को गिरीश मनीष डांगरा परिवार बरकतपुरा की ओर से प्रदीप जाजू द्वारा प्राप्त हुआ है। विद्यालय प्रबंधन समिति और सभी सहयोगियों ने दान देने के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। विदुषी अंजली आर्य ने आर्य कन्या विद्यालय में उपस्थिति होकर गर्व महसूस करते हुए कहा है कि इसे विकसित कर विद्यालय को अपने पुराने जमाने का वैभव प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए इस क्रान्तिकारी भूमि पर आमंत्रित किए जाने पर संचालकों और विद्यालय को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में आर्य कन्या विद्यालय संचालन समिति के मंत्री सोमनाथ, कोषाध्यक्ष प्रदीप जाजू, सदस्य डॉ प्रताप रुद्र, भक्त राम तथा अतिथियों में डॉ प्रेमलता श्रीवास्तव, शोभा देशपांडे, विद्यालय की मुख्य अध्यापिका उमा तिवारी, सुधा रानी, धनलक्ष्मी, वाई.पद्मा, चित्रा, मालिनी, मालिनी मोदिया एवं अन्य उपस्थित रहे।

# तेरापंथ महिला मंडल की कैंसर जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान अपनी जीत की कहानी व पौध को सींचे सेमिनार का आयोजन शासन श्री साध्वी श्री शिवमाला जी आदि ठाणा–4 के सान्निध्य में हुआ। साध्वी श्री के मंत्रोच्चार द्वारा कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। मंगला चरण के रूप में प्रेक्षाध्यान गीत का संधान साध्वि–वओं द्वारा किया गया। अध्यक्ष कविता आच्छा के स्वागत भाषण के पश्चात् साध्वी श्री अर्हमप्रभा ने अपने वक्तव्य में प्रेक्षाध्यान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्मरणशक्ति विकास, आत्मविश्वास जागरण, सकारात्मक सोच, खानपान में शुद्धि व विषय को दोहराने का अभ्यास करते रहने की सलाह दी। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स से दूर रखा जाए और समय पर सोना, समय पर उठना तथा नौ–नौ बार ॐ या अर्हम् ध्वनि दोनों समय करें तो उनकी स्मृति का विकास तेजी से होता है। साध्वी अमितरेखा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें भोगों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि हम जो भोग भोगते हैं, उनसे भी कर्मों का बंधन होता है। अतः हमें अपना ध्यान जप–तप आदि में लगाना चाहिए। सेमिनार के दूसरे चरण में कैंसर जागरूकता अभियान अपनी जीत की कहानी, अपनी जुबानी–मुश्किल है पर नामुमकिन नहीं इसी लक्ष्य को आधार बनाकर जिन बहनों ने अपने मनोबल, शक्तिबल और निरामय आधार से उपचार पाया, कार्यक्रम में वही बहने प्रेरणा स्रोत बनीं। इस अवसर पर अंजू बैद, मुक्ता चिंडालिया व संतोष डागा ने आप बीती अपनी –अपनी जीत की कहानी हमें सुनाई। पीड़ित बहनों के अनुभव, उनके परिवार के सहयोग आदि संस्मरणों ने अन्य सभी बहिनों को संवेदनशील व भावुक बना दिया। तीनों ही वक्ताओं ने अन्य बहिनों से अनुरोध किया कि हमें कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से डरना नहीं है, लड़ना है। पचरंगी पट्टों के साथ तीनों बहनों का सम्मान किया गया। मंत्री सुशीला मोदी ने साध्वी श्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कि व पधारी हुई सभी बहनों का आभार ज्ञापन किया। प्रोग्राम की संयोजिका प्रेम संचेती व अंजू बैंगानी थी। सेमिनार में विशेष उपस्थिति सुशीला संचेती, चंद्राजी सुराणा, संपत सिंधी, सुमन दुगड, प्रेम पारख,अनीता गिरिया, प्रभा दुगड, नमिता सिंधी, सरला भूतोंड़िया, अंजू चोरडिया, अल्पना दुगड, शीतल सांखला, अंजू गोलछा, हेमा सुतलिया, नीरा कोठारी, शिल्पा सुराणा, संतोष गुजरानी, राजश्री कोठारी आदि की रही। कार्यक्रम विमलचंद गौतम, सुमन दुगड के निवास स्थान पर हुआ। सेमिनार में लगभग 70 बहिनों की उपस्थिति थी। सभी बहने गणवेश में उपस्थित हुई। लगभग 120 सामायिक हुई।

# महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर 21 को वरघोड़ा का आयोजन



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जैन यूथ क्लब डायमंड पॉइंट सिकंदराबाद के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक 2623 महोत्सव का भव्य वरघोड़ा का आयोजन 21 अप्रैल रविवार को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने के लिए यूथ क्लब की साधारण सभा आयोजित की गई। अरिहंत बोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा में वरघोड़ा भव्य रूप से निकलने और कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

क्लब के सदस्य ने सभा में अपने अपने सुजाव रखे। वरघोड़े के लिए राजस्थान में बनायी गयी भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति के साथ वरघोड़ा डायमंड पॉइंट कार्तिक एन्क्लेव से शुरू होकर एलआईसी कॉलोनी होते हुए ताड़बंड और पॉट मार्केट सिकंदराबाद से नुमाईश मैदान ग्राउंड पहुंचेगी।

क्लब द्वारा सवेरे नाश्ते की व्यवस्था रखी गई है। वरघोड़ा सुबह 7:30 बजे शुरू होगा। प्रभात फेरी में पुरुषो के लिए सफेद कुर्ता पायजामा और महिलाओं के लिए लाल चुनरी की साड़ी और बालिकाओ के लिए लाल चूड़ीदार ड्रेस कोड रखा गया है। क्लब ने वरघोड़े में सभी को अपने परिवार और मित्र के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारने का अनुरोध किया है। सभा में क्लब के आदर्श कटारिया, अरिहंत नाबरिया, प्रतीक बम्बोली, अरिहंत बोहरा, अभिषेक अलिजर, प्रतीक लोढ़ा, लोकेश लुणावत, संकेत समदारिया, रौनक दफ्तरी, लोकेश लुणावत, आकाश ख़िवासरा, जीवेश जैन आदि उपस्थित थे।



**अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन तेलंगाना के राजेश अग्रवाल द्वारा 11 लाख का योगदान गोपाल शरण गर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष को अग्रोहा में नवनिर्माणाधीन कुलदेवी अध महालक्ष्मी जी के मंदिर के निर्माण में देकर संरक्षक ट्रस्टी पद ग्रहण किया। अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री शशिकान्त अग्रवाल, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष योगेश जैन, चेयरमैन महावीरप्रसाद अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल आदि उप–स्थित रहे।**

# श्री सीताराम कल्याण महोत्सव आज

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री सीताराम कल्याण महोत्सव का आयोजन नाचारम स्थित श्री पाताश्लेश्वर हनुमान मंदिर में आज बुधवार को किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन सुबह 10 बजे से आरम्भ होगा। दोपहर 12.30 बजे से अन्न प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम 6 बजे से पालकी सेवा (शोभायात्रा) निकाली जाएगी। संयोजक राजेश सिंह वर्मा की देखरेख में कार्यक्रम होगा। सभी भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य–लाभ कमाने का आग्रह किया गया है।

# एहतियाती उपायों का कड़ाई से पालन करते हुए अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें : आर. धनंजयुलु



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आर. धनंजयुलु, अपर महाप्रबंधक दक्षिण मध्य रेलवे ने मंगलवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में ट्रेन संचालन की सुरक्षा और गर्मी के मौसम के मद्देनजर उठाए जाने वाले उपायों पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की। प्रमुख विभागाध्यक्ष, सभी छह मंडलों अर्थात विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़ मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) ने वेब कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। आर. धनंजयुलु ने अधिकारियों को गर्मी के मौसम के दौरान रेलवे परिसरों और ट्रेनों में आग की घटनाओं से बचने के लिए सभी एहतियाती उपायों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। उन्होंने अधिकारियों को मुख्य रूप से ट्रेनों, स्टेशनों, कार्यशालाओं और कार्यालय भवनों पर नियमित अग्नि सुरक्षा ऑडिट करने के लिए सूचित किया। अतिरिक्त महाप्रबंधक ने अधिकारियों को सभी रेलवे प्रतिष्ठानों में स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म सिस्टम जैसे अग्नि सुरक्षा उपकरणों के रखरखाव की समीक्षा के लिए लगातार जांच करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी परिसरों में जल हाइड्रेंट और अन्य अग्निशामक उपकरण उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

दक्षिण मध्य रेलवे ने गर्मी के मौसम के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। इस संबंध में स्टेशनों और ट्रेनों में वाटर कूलर और पेयजल सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त महाप्रबंधक ने अधिकारियों को इसी तरह के प्रयास जारी रखने और दैनिक आधार पर वाटर कूलर और वाटर वेंडिंग मशीनों की निगरानी करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पानी की मशीनों में पाई जाने वाली किसी भी खराबी को बिना किसी देरी के तुरंत ठीक किया जाना चाहिए। आर. धनंजयुलु ने जोन में ट्रेन परिचालन की सुरक्षा पर भी विस्तृत समीक्षा की। महाप्रबंधक ने दो-हराया कि लोको स्टाफ की नियमित काउंसलिंग जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को अप्रिय घटनाओं या असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए ऑन-फील्ड कर्मचारियों को शिक्षित करने के लिए सुरक्षा अभियान चलाने की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी दिशानिर्देशों का पालन करने और सभी सुरक्षा उपायों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी।



शमसाबाद स्थित फार्म हाउस में जागरण एवं माता की चौकी का आयोजन हुआ। भजन सम्राट अनुरुद्ध शर्मा ने इस दौरान अपने भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के आयोजक जितेन्द्र कुमार, श्रवण कुमार, मलापली रहे। पधारे मेहमानों में पूर्व डीजीप गोपीनाथ रेड्डी, तेलंगाना जाट समाज एकता मंच के धर्माराम ढाका, दिल्ली से चरत शर्मा, हेमला शर्मा, दायमा समाज के पूर्व अध्यक्ष श्रवण चिपडा, ताराचंद जांगीड़, चुन्नीलाल ग्वाला, मोवनलाल ओमप्रकाश, बाबुलाल इटोदिया, महिला मंडल मलापली अन्य उपस्थित रहे।



श्री उमिया माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सहयोगी शंकरभाई, रमेशभाई, प्रविणभाई भावाणी परिवार (शिव-शक्ति टिम्बर इन्डस्ट्री), कलकत्ता केटरर्स अनिलभाई तथा विभिन्न दाताओं का अभिनंदन करते हुए समाज अध्यक्ष कांतीलाल गोराणी, हंसराज पटेल एवं अन्य।

# आन्ध्र प्रदेशः सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**नेल्लोर, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** आन्ध्र प्रदेश में मंगलवार को चेन्नई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर कवाली मंडल के गौरवरम गांव में एक कार और लॉरी की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना आज उस वक्त हुयी, जब कार सवार यात्री एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे। उसी दौरान, उनकी कार एक खड़ी लॉरी से टकरा गई। इस हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गंता रामनम्मा, दावुलुरी श्रीनिवासुलु, दावुलुरी वरलक्ष्मी, गंता नीलिमा और गंता नंदू के रूप में हुई है। डीएसपी वेंकटरमना ने घटनास्थल का दौरा किया। मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों का पोस्टमार्टम के लिये कवाली में स्थित अस्पताल ले जाया गया।




# स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच दमरे के 1,465 रूट किमी पर की गई तैनात

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय रेलवे की अत्याधुनिक स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली अर्थात कवच को दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्र में 1,465 रूट किमी (आरकेएमएस) की कुल दूरी के लिए तैनात किया गया है। कवच को भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित किया गया है। दक्षिण मध्य रेलवे विकास चरण के बाद से इसके कार्यान्वयन के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है और भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन में सुरक्षा के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए परी-क्षणों की सुविधा प्रदान कर रहा है। कवच का उद्देश्य ट्रेनों को खतरे में पड़ने वाले सिग्नल (एसपीएडी) (यानी, रेड-स्टॉप सिग्नल) से गुजरने से रोकना और टकराव से बचाना है। यदि ड्राइवर गति प्रतिबंधों के अनुसार ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहता है तो यह ट्रेन ब्रेकिंग सिस्टम को स्वचालित रूप से सक्रिय कर देता है। इसके अलावा, यह कार्यात्मक कवच प्रणाली से सुसज्जित दो ट्रेनों/लोकोमोटिव के बीच टकराव को रोकता है।दक्षिण मध्य रेलवे पहले से ही 1,465 मार्ग किलोमीटर पर कवच को चालू करके अपने रेल नेटवर्क पर इसकी तैनाती में अग्रणी रहा है। जिन खंडों पर इसे तैनात किया गया है उनमें नागरसोल-नांदेड़-धर्माबाद-निज़ामाबाद-सिकंदराबाद-कुरनूल शहर-धोने-गुंतकल खंड के साथ 960 मार्ग किमी, परभणी-परली वैजनाथ-लातूर रोड-बीदर-विकाराबाद खंड के साथ 331 किमी और वाडी-विकाराबाद-सनतनगर खंड के साथ 174 किमी (68 किमी स्वचालित सिग्नलिंग सहित) जिसमें 133 स्टेशन, 29 एलसी गेट और 74 लोकोमोटिव शामिल हैं।

# आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी ने लोकतंत्र को कुचल दिया है

## चुनाव आयोग से मिले एनडीए के नेता, लगाए गंभीर आरोप

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश में एनडीए गठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। इस मुलाकात में एनडीए नेताओं ने आंध्र प्रदेश की जगन मोहन सरकार के खिलाफ आयोग में शिकायत की। चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद और पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश में उनके गठबंधन के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है और उन पर दबाव बनाया जा रहा है।



अरुण सिंह ने बताया कि हमने चुनाव आयोग को बताया है कि आंध्र प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव की कोई उम्मीद नहीं है। हमने मांग की है कि अधिकारी राजनीतिक दबाव से मुक्त होने चाहिए। फर्जी नामों की वोटर लिस्ट बनाई गई हैं। हमने मांग की है कि पुलिस थानों की वीडियोग्राफी कराई जाए। पुलिस और केंद्रीय बलों की तैनाती हो। आंध्र प्रदेश में हालात अच्छे नहीं हैं। हेलीकॉप्टर्स को लैंड होने से रोका जा रहा है, लेकिन राज्य के लोग एनडीए के साथ हैं।गठबंधन की सहयोगी पार्टी तेदेपा के नेता के रविंद्र कुमार ने बताया कि राज्य में सभी अधिकारी वाईएसआरसीपी की सरकार के तहत काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार काम करना चाहिए, लेकिन चुनाव के एलान के बावजूद अधिकारी सीएम के निर्देशों के आधार पर काम कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। हमने इसकी जानकारी चुनाव आयोग को दी है और चुनाव आयोग को भी कई शिकायतें मिली हैं। इससे राज्य की खराब स्थिति का पता चलता है। जन-सेना पार्टी के नेता एन मनोहर कुमार ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा रहना चाहिए। हम इस चुनाव में वाईएसआरसीपी के खिलाफ लड़ रहे हैं। हमारे नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे यात्रा के दौरान उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों की वीडियोग्राफी होनी चाहिए। वाईएसआरसीपी लोकतंत्र को कुचल रही है।

# एसीबी ने टीएसआरटीसी प्रबंधक को रिश्वत लेते दबोचा




**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) हुजूराबाद डिपो के प्रबंधक समला श्रीकांत को करीब 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

सूत्रों ने बताया कि एसीबी अधिकारियों ने सोमवार को आरोपी श्रीकांत को हनमाकोंडा जिले के एल्कातुर्थी गांव के मनविथा होटल में रिश्वत लेते रंगे हाथ तब पकड़ा, जब वह टीएसआरटीसी हुजूराबाद डिपो के चालक, शिकायतकर्ता थातीकोंडा रविंदर से करीब 20 हजार रुपये ले रहा था।

इससे पहले, 10 अप्रैल को आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत का प्रारंभिक भुगतान लिया।

एसीबी ने बताया कि आरोपी अधिकारी ने ड्यूटी के दौरान अपना कर्तव्य अनुचित और बेईमानी से निभाया।

आरोपी के पास से रिश्वत की करीब 20 हजार रुपये बरामद किये। आरोपी प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया और आज वारंगल में एसपीई एसीबी मामलों के तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

# अमेरिका में मृत पाए गए हैदराबाद के छात्र का शव घर लाया गया



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीते 7 मार्च से लापता होने के बाद पिछले सप्ताह अमेरिका के क्लीवलैंड में एक झील में मृत पाए गए 25 वर्षीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव सोमवार देर रात नाचराम स्थित उनके आवास पर लाया गया है। अब्दुल अरफात जो ओहियो के क्लीवलैंड विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे थे, 7 मार्च से परिवार के संपर्क में नहीं थे और उनके परिवार को फिरौती के लिए फोन आया था।न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने 9 अप्रैल को घोषणा की थी कि छात्र ओहियो के क्लीवलैंड में मृत पाया गया है। एआईएमआईएम एमएलसी मिर्जा रहमत बेग ने कागजी कार्रवाई पूरी की और हवाई अड्डे पर शव प्राप्त किया। बाद में शव को हैदराबाद के पास मेडचल मल्काजगिरी जिले में अरफात के आवास पर स्थानांतरित कर दिया गया। अरफात मई 2023 में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स करने के लिए अमेरिका गया था। उसके परिवार का दावा है कि उन्होंने 7 मार्च के बाद से उससे बात नहीं की है। अरफात के पिता मोहम्मद सलीम को 17 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था, जिसने दावा किया था कि अरफात का कथित तौर पर ड्रग्स बेचने वाले एक गिरोह ने अपहरण कर लिया है और उसे रिहा करने के लिए 1,200 अमेरिकी डॉलर की मांग की थी। फोन करने वाले ने फिरौती न देने पर अरफात की किडनी बेचने की धमकी दी थी। सलीम ने अमेरिका में अपने रिश्तेदारों को सूचित किया था, जिन्होंने क्लीवलैंड पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने निगरानी का आदेश जारी किया था। परिवार ने अरफात का पता लगाने में मदद के लिए 18 मार्च को शिकागो में भारतीय वाणिज्य दूतावास को लिखा था। कथित तौर पर अरफ़ात 5 मार्च को रिज़र्व स्कायर स्थित अपने घर से निकला था और वापस नहीं लौटा।

# निर्मल में बीटेक के छात्र ने की आत्महत्या



**निर्मल, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले में स्थित राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉलेज टेक्नोलॉजीज (आरजीयूकेटी) बसारा आईआईआईटी के एक छात्र ने मंगलवार सुबह कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मूल रूप से सिद्दीपेट जिले के बंदरपल्ले निवासी छात्र बीटेक के दूसरे वर्ष में था। वह कुछ दिन पहले अपने घर गया था। बाद में 12 अप्रैल को परीक्षा में शामिल होने के लिये कॉलेज वापस लौटा लेकिन परीक्षा में देरी से पहुंचने के कारण उसे परीक्षा देने से रोक दिया गया था। जिसके बाद वह अपने छात्रावास में वापस आया और छत से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। कॉलेज अधिकारियों ने उसके माता-पिता को स्थिति के बारे में सूचित किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए निर्मल अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# बाघ की चहलकदमी से लोग दहशत में

**आसिफाबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद जिला में बाघ की चहल कदमी से जिले में दहशत का माहौल है। अधिकारियों को कागजनगर वन क्षेत्र में बाघ के पदचिन्ह मिले हैं।

बाघ के प्रवास को देखते हुए सोमवार शाम 6 बजे से अंकुशापुर, वांकिडी की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिकारियों ने यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही में कोई बाधा न आए। अंकुशापुर, वांकिडी रोड की ओर जंगली जानवरों की आवाजाही के इरादे से अधिकारियों को पहले से ही सतर्क कर दिया गया था। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को सचेत किया है कि गर्मियों के दौरान बाघ या अन्य वन जानवरों के सड़क किनारे आने की संभावना अधिक होती है। इसलिए अपनी जान को जोखिम में न डालें, देखकर गांव के बाहर निकलें।

# सीताराम कल्याणम के लाइव प्रसारण की दी जाए अनुमति : कांग्रेस

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति के उपाध्यक्ष जी निरंजन ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार से भद्राचलम में सीताराम कल्याणम के सीधे प्रसारण की अनुमति देने का आग्रह किया है। श्री निरंजन ने सीईसी को लिखे एक पत्र में भद्राचलम में श्री सीता रामचंद्र स्वामी तीर्थ के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने चुनाव आयोग से कार्यक्रम की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए कुछ प्रतिबंधों का सुझाव देते हुए सीधे प्रसारण की अनुमति देने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से प्रस्ताव दिया है कि जनता, राजनेताओं और वीआईपी को शामिल करने से बचते हुए लाइव टेलीकास्ट केवल कल्याण मंडपम और कल्याणम अनुष्ठानों पर केंद्रित होगा। उन्होंने लाइव टेलीकास्ट व्यवस्थाओं की सावधानीपूर्वक निगरानी करने के लिए जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



श्री निरंजन ने उन लाखों भक्तों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया, जो इस पवित्र कार्यक्रम को देखने का अवसर प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि सीधे प्रसारण की अनुमति न देने से श्रद्धालु महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव से वंचित महसूस करेंगे। गौरतलब है कि भक्त रामदास द्वारा 17 वीं शताब्दी में इस मंदिर को बनवाया गया था। हर साल यहां श्रीरामनवमी पर सीताराम कल्याणम मनाया जाता है, जिसमें हजारों भक्त शामिल होते हैं। यह सदियों पुरानी परंपरा अत्यधिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखती है, जो दुनिया के सभी कोनों से भक्तों को आकर्षित करती है और लोग इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

बिहार सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा

# लालू के अत्याचारों से राजनीति में आया

**पटना, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की गिनती राज्य में भाजपा के कद्दावर ओबीसी नेताओं में होती है। वह लगातार राजद पर हमले बोल रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव के अत्याचारों से ऊब कर वे राजनीति में आए। लालू यादव ने उनका घर ध्वस्त करा दिया और परिवार के 22 लोगों को जेल में डाल दिया था।

सम्राट चौधरी ने कहा, 1995 में जब मैं राजनीति में आया तो इसकी वजह लालू प्रसाद जी का अत्याचार था। मेरे घर गिरा दिए गए और मेरे परिवार के 22 लोगों को जेल भेज दिया गया। मैं 88 दिनों तक जेल में था। मुझे लालू प्रसाद जी के सरकारी गुंडों से हजारों लाठियां खानी पड़ीं। मैंने पटना के मिलर स्कूल मैदान में लालू प्रसाद से माफी भी मंगवाई।

चौधरी ने कहा, बिहार के लोग ऐसा जानते हैं कि लालू प्रसाद चारा खाते हैं। वो सावन के महीने में मटन खा रहे थे और राहुल गांधी को भी खिला रहे थे।

यह उन लोगों के लिए अस्मिता का सवाल है, जो सनातन धर्म में विश्वास रखते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा



कि आज जो खाना चाहते हो इसकी आपको आजादी है लेकिन इस तरह सार्वजनिक रूप से सावन में, राम नवमी में या नवरात्र पर मछली खाना, क्या ऐसा करना चाहिए? लालू जी का परिवार लोकतंत्र का मजाक बना रहा है। वो घोटालों से जुड़े रहे हैं और उनका पूरा परिवार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है।

चौधरी ने कहा, मोदी जी दस साल से प्रधानमंत्री हैं। देश के अल्पसंख्यकों ने उनका काम देखा है। ऐसा नहीं है कि किसी को देश छोड़ने के लिए कहा गया है। हम उन लोगों को बसाने की कोशिश कर रहे हैं जो विभाजन के बाद पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक बन गए क्योंकि वो हमारे लोग हैं। ठीक इसी समय में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद और अखिलेश यादव जैसे लोग तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। लोग इसी से नाराज हैं। डिप्टी सीएम ने कहा, भाजपा का आधिकारिक स्टैंड है कि हम कास्ट सेंसस के खिलाफ नहीं हैं। हम इसे सपोर्ट करते हैं। यह कैसे किया जाएगा, यह समय आने पर पता चलेगा लेकिन बिहार में हमने यह किया है। नीतीश कुमार कैबिनेट में 29-30 मिनिस्टर्स में से 16 भाजपा के थे। हमने मैंडेट दिया। नीतीश जी के निवेदन पर हमने इसे पास किया। इसमें तेजस्वी या लालू यादव कहां से आ गए। वो कहीं भी नहीं थे।

पंजाब की आपा सरकार की 'बेहतरीन' स्वास्थ्य सेवा


# एक ही बेड पर लेटते हैं मरीज और शव!

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार विश्वस्तर की स्वास्थ्य सेवाएं देने का दावा करती है परन्तु धरातल पर आने के बाद सब दावे हवा-हवाई हो जाते हैं। लुधियाना में स्वास्थ्य विभाग का कारनामा सामने आया है। अस्पताल ने मरीज और शव को पूरी रात एक ही बेड पर रखा।एक बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया गया। उन्हें जिस बेड पर शिफ्ट किया गया, उस पर पहले से ही सुनील दाखिल था। सिविल अस्पताल में दाखिल होने के करीब 3 से 4 घंटे के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। इसके बाद




बुजुर्ग का शव रातभर उसी बेड पर मरीज सुनील के साथ पड़ा रहा। अस्पताल के स्टाफ ने शव को तुरंत मोर्चरी में शिफ्ट नहीं किया। यहां तक कि मृतक के शरीर पर पूरी रात चीटल मीटर भी लगा रहा, लेकिन किसी ने उसे चेक करना भी जरूरी नहीं समझा।बुजुर्ग को मृत देख मरीजों के परिजनों ने अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों को सूचित किया, जिसके बाद स्टाफ ने आकर बुजुर्ग को मृत करार दिया।

अकाली दल बादल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने अपने एक्स हैंडल पर इस घटना को साझा किया और सरकार से जवाब मांगा।




## शेयर मार्केट



बीएसई : 72,943.68
-456.10 -0.62% ↓
एनएसई :22,147.90
-124.60 (-0.56%) ↓

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)
सोना : 75,580/-
(प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 86,040/-
(प्रति किलोग्राम)

# गारंटी लागू नहीं करने पर कांग्रेस को सबक सिखाएगी तेलंगाना की जनता : लक्ष्मण

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा सांसद के.लक्ष्मण ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के बहाने गारंटी के कार्यान्वयन से बचने की कोशिश करने के लिए तेलंगाना के लोग सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाएंगे। उन्होंने दावा किया कि लोग कांग्रेस सरकार से नाराज हैं और अगले महीने होने वाले लोकसभा चुनाव में वे अपना गुस्सा दिखाएंगे।

नवंबर 2023 के विधानसभा चुनावों में दी गई गारंटी के कार्यान्वयन में देरी के लिए राज्यसभा सदस्य ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान संकट के कारण आत्महत्या कर रहे हैं और कांग्रेस सरकार ने अपने वादे के मुताबिक 100 दिनों में गारंटी लागू नहीं करके उन्हें धोखा दिया है। रायथू स्वराज्य वेदिका और कांग्रेस किसान सेल ने कहा है कि 60 किसानों ने आत्महत्या की है लेकिन सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी इससे इनकार कर रहे हैं। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से जवाब देने को कहा कि किसानों को कांग्रेस को



वोट क्यों देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार की तरह कांग्रेस सरकार भी देरी की रणनीति अपना रही है। सांसद ने टिप्पणी की कि कांग्रेस झूठ, विश्वासघात और साजिशों के लिए जानी जाती है। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना के लोग दोबारा धोखा खाने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने किसानों के लिए हर साल प्रति एकड़ 15,000 रुपये की निवेश सहायता, प्रति क्विंटल धान पर 500 रुपये का बोनस, प्रत्येक खेतिहर मजदूर के लिए 12,000 रुपये की वित्तीय सहायता और 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण की माफी जैसी गारंटी लागू नहीं करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

लक्ष्मण ने प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता के वादे को लागू करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार की भी खिंचाई की। उन्होंने पिछली बीआरएस सरकार के भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए कांग्रेस पर भी हमला बोला। वह जानना चाहते थे कि कांग्रेस कालेश्वरम, मेदिगड्डा, धरणी जैसे घोटालों, ड्रग्स माफिया, बिजली खरीद में अनियमितताओं और फोन टैपिंग में दोषियों को दंडित करने में क्यों विफल रही है। उन्होंने याद दिलाया कि विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान रेवंत रेड्डी ने बीआरएस नेताओं को भ्रष्ट कहा था और सवाल किया कि वह अब उन्हें कांग्रेस पार्टी में क्यों ले रहे हैं।

# तेलंगाना में आज और कल लू चलने के आसार

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले दो दिनों तक लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने मंगलवार को बताया कि राज्य के पेड्डापल्ली, मुलुगु, खम्माम, नलगोंडा, वारंगल, नागरकुरनूल, सूर्यापेट, महबूबाबाद सहित अन्य जिलों के अलग-अलग स्थानों पर बुधवार और गुरुवार को लू चलने का अनुमान है। इसके अलावा, राज्य के कई जिलों के विभिन्न स्थानों पर 19-22 अप्रैल को हल्की से मध्यम बारिश होने या बौछार पड़ने के आसार हैं। तेलंगाना में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान दो-तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में यहां के एक या दो स्थानों पर बारिश हुई। भद्राचलम में सोमवार को सबसे अधिक तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 39°
न्यूनतम : 28°

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I,Derangula Punneswari spouse of Army No.15442691Y Nk Thammisetty Thirumala Prasad, R/o.Vill:Thathireddypalli, Post and Mandal:Komarole, Prakasam District, Andhra Pradesh have changed my name from **DERANGULA PUNNESWARI** to **THAMMISETTY PUNNESWARI** vide affidavit dt:16-4-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No.15427155Y L/Nk/DVR Palle Dastagiri, R/o.Vill:Billalapuram, Po and Mandal:Nandyal, Dist:Kurnool, Andhra Pradesh that my father name and DOB is to be changed from **PALLE CHINNAIAH**, DOB:**24-11-1950** to **PALLE CHINNA CHINNAIAH**, DOB: **01-01-1961** vide affidavit dt:16-4-2024.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No.15427155Y L/Nk/DVR Palle Dastagiri, R/o.Vill:Billalapuram, Po & Mandal:Nandyal, Dist:Kurnool, Andhra Pradesh that my mother name and DOB is to be changed from **PALLE VENKATA LAKSHMI**, DOB:**24-11-1968** to **PALLE VENKATA LAXMAMMA**, DOB: **01-01-1966** vide affidavit dt:16-4-2024.

**CHANGE OF NAME**
I, UMA SRINIVAS/BODICHERLA UMA/PEDDADA UMA Spouse of Army No.IC48921X LT COL B J SRINIVAS MURTHY, R/o.Flat No.43, Sector A, AWHO Colony, Sikh Village Road, Secunderabad have changed my name from **UMA SRINIVAS/BODICHERLA UMA/PEDDADA UMA** to **BODICHERLA UMA SRINIVAS** vide affidavit dt:16-4-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

# क्रिकेट सट्टेबाजी में शामिल पांच गिरोहों का भंडाफोड़, 2.41 करोड़ रुपए जब्त

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साइबराबाद पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी में शामिल पांच गिरोहों का भंडाफोड़ किया है और 2.41 करोड़ रुपए से अधिक जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान दल (एसओटी) और पुलिस ने पांच अलग-अलग मामलों में 15 आयोजकों और सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, एसओटी शमशाबाद ने पांच वेबसाइटों के माध्यम से चल रहे आईपीएल-2024 मैचों पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का आयोजन करने के आरोप में 42 वर्षीय पोंगुरी सुरेश को कुकटपल्ली से गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि उसकी सूचना पर उन्होंने एक और आरोपी मोथकुपल्ली राम कृष्ण रेड्डी (30) को पकड़ लिया। सुरेश ने यह भी खुलासा किया कि आंध्र प्रदेश के नरसरावपेट के मूल निवासी रामंजनेयुलु मुख्य आयोजक हैं। वह फरार है। इस मामले में, पुलिस ने 30.07 लाख रुपये नकद जब्त किए और दो बैंक खातों में 49.92 लाख रुपये फ्रीज कर दिए।

दूसरे मामले में, एसओटी शमशाबाद ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का आयोजन करने के लिए डंडीगल से लचुपथुला चित्रा बाबू, चेन्नमसेट्टी करीमुल्ला सेखट्टी, पनामाती वेंकटेश और डोंडा रमेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 2,400 रुपये नकद जब्त किए और सात बैंक खातों में 1.19 लाख रुपये फ्रीज कर दिए। पुलिस ने स्मार्टफोन और लैपटॉप समेत 4.84 लाख रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। एसओटी माधापुर टीम ने मियापुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत चार सट्टेबाजों को पकड़ा।

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC-774584X Rank-Sub, Name-K Udai Kumar presentlyg residing at EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad (TS), PIN-500015 have changed my daughter name from U. ASHRITHA to U. AASHRITHA add in my service documents Before Notary Mohd Hameed Khan Secunderabad dated 16/04/2024.In future, I will be known by U.AASHRITHA







# 15 अगस्त तक माफ कर दिए जाएंगे कृषि ऋण : सीएम रेवंत

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विधानसभा चुनाव से पहले की गई गारंटी को लागू नहीं करने को लेकर विपक्षी दलों के बढ़ते हमलों के बीच राज्य के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि 15 अगस्त तक 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ कर दिए जाएंगे। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के अभियान के हिस्से के रूप में सोमवार शाम नारायणपेट में कांग्रेस जनजातरा सभा को संबोधित करते हुए, रेवंत रेड्डी ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनका ऋण एक बार में माफ कर दिया जाएगा।

उन्होंने दावा करते हुए कि कहा कि कांग्रेस सरकार किसानों का कर्ज माफ करने के अपने वादे से पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कारण अब तक कर्ज माफ नहीं किया जा सका है। रेवंत रेड्डी ने किसानों को यह भी आश्वासन दिया कि सरकार उन्हें अगले फसल सीजन से प्रति क्विंटल धान पर 500 रुपये का बोनस देगी। तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख ने यह भी घोषणा की कि लोकसभा चुनाव पूरा होने के दो महीने के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव होंगे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकारी योजनाओं को इंदिरम्मा समितियों के माध्यम से लागू किया जाएगा, जिन्हें योजनाओं के लिए लाभार्थियों का चयन करने की शक्ति दी जाएगी।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने राज्य की 17 लोकसभा सीटों में से पांच पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ एक गुप्त समझौता किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि बीआरएस अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव ने अपनी बेटी (के.कविता) को जमानत दिलाने के लिए अपनी पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास गिरवी रख दिया है, जो वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में उत्पाद शुल्क नीति मामले में जेल में है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर कांग्रेस राज्य में 15 लोकसभा सीटें जीतती है, तो मुदिराज समुदाय को राज्य मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।







# बीआरएस को झटका: पूर्व केंद्रीय मंत्री वेणुगोपालाचारी कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एस वेणुगोपालाचारी मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि वेणुगोपालाचारी मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए। रेड्डी तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। वेणुगोपालाचारी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में विधायक और मंत्री के रूप में कार्य किया। वह अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में तेलुगू देशम पार्टी के कोटे से केंद्रीय मंत्री भी रहे। सूत्रों ने बताया कि पूर्व एमएलसी और बीआरएस नेता राजेश्वर राव भी कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के करीबी वेणुगोपालाचारी को मंगलवार दोपहर को मुख्य मंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया। तेलुगु देशम सरकार में मंत्री के रुप में अहम भूमिका निभाने वाले चारी ने आदिलाबाद जिले में कार्यक्रतओं के मध्य अपनी अलग पहचान बनाई है। वेणुगोपालाचारी ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए लगभग दो महीने तक कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेताओं के साथ गुप्त बातचीत की और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा कांग्रेस का दुपट्टा पहनकर अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। हाल के दिनों में बीआरएस के कई नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस या भाजपा में शामिल हुए हैं। जहां विधायक दानम नागेंद्र और कादियाम श्रीहरि तथा हैदराबाद की मेयर विजया लक्ष्मी आर गडवाल कांग्रेस में शामिल हो गए, वहीं बीआरएस सांसद बीबी पाटिल और पी रामुलु भाजपा में शामिल हुए।



डॉ. के. लक्ष्मण, सांसद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य मंगलवार को हैदराबाद में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए।



अखिल भारतीय अग्रवाल महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के हैदराबाद नगर आगमन पर उनका स्वागत सम्मान करते नारनौल अग्रवाल समिति हैदराबाद सिकंदराबाद के अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल। साथ में उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल श्र अवसर पर समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों तथा अग्रोहा धाम पर विस्तार से चर्चा की गई।

# हैदराबाद में बेशकीमती लेंबोर्गिनी स्पोर्ट्स कार फूंक डाली



**हैदराबाद, 16 अप्रैल (एजेंसियां)।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 13 अप्रैल को एक करोड़ रुपए की लग्जरी स्पोर्ट्स कार लेंबोर्गिनी जलकर राख हो गई। जलती हुई लैंबोर्गिनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिससे पुलिस को हरकत में आने के लिए मजबूर होना पड़ा। महंगी कार को आग लगाने के कारण की जांच के बाद, पुलिस ने कहा कि मालिक और एक डीलर के बीच भुगतान विवाद के कारण यह घटना हुई। जली हुई लैंबोर्गिनी कार एक गैलार्डो 2009 मॉडल है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है।पुलिस के मुताबिक, पुरानी और महंगी कारों की बिक्री और खरीद का काम करने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अन्य लोगों की मदद से जानबूझकर लेंबोर्गिनी गैलार्डो स्पाइडर को आग लगा दी। वीडियो में हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक सड़क पर पीले रंग की लेंबोर्गिनी का मॉडल आग की लपटों में घिरी हुई नजर आ रही है। दमकल कर्मियों के कुछ भी करने में मदद करने से पहले ही कार जलकर राख हो गई।पुलिस ने बताया कि लेंबोर्गिनी गैलार्डो स्पाइडर का मालिक कार को डीलर को बेचना चाहता था। उसने डीलर को संभावित खरीदारों की तलाश करने के लिए कहा था। फिर डीलर ने कार मालिक के एक दोस्त को फोन किया और उसे 13 अप्रैल को कार को मामिडिपल्ली रोड पर लाने के लिए कहा। जब कार पहुंची, तो डीलर और उसके कुछ साथियों ने लेम्बोर्गिनी कार पर पेट्रोल डाला और उसे आग लगा दी। डीलर के अनुसार, लेंबोर्गिनी के मालिक पर उसका पैसा बकाया था। पुलिस ने डीलर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 435 के तहत आग या विस्फोटक पदार्थ से नुकसान पहुंचाने के इरादे से उपद्रव करने के लिए आरोपित किया गया है। गैलार्डो उन सुपरकारों में से एक है जिनका निर्माण लैंबोर्गिनी ने लगभग 10 साल पहले बंद कर दिया था। इसे सुपरकार निर्माता की हुराकैन लाइनअप के पहले के मॉडल के रूप में जाना जाता है। हुराकैन इस समय दुनिया भर में बेची जाती है।















## मोरक्को के ड्रग तस्कर को निर्वासित किया

**हैदराबाद, 16 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद नारकोटिक्स एन्फोर्समेंट विंग ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के अधिकारियों के साथ मिलकर मोरक्को के एक नागरिक को कथित तौर पर देश में अधिक समय तक रहने और नशीली दवाओं की तस्करी में लिप्त होने के आरोप में निर्वासित कर दिया। मोरक्को का नागरिक अचिबिली अमीन (27) छात्र वीजा पर भारत आया था, जो 2018 में समाप्त हो गया था, जबकि मोरक्को साम्राज्य द्वारा जारी किया गया पासपोर्ट 2021 तक वैध था। भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद अमीन यहीं रुका रहा और मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी। डीसीपी टास्क फोर्स, एस रश्मी पेरुमल ने कहा, उसे नारकोटिक्स एन्फोर्समेंट विंग टीम ने पकड़ लिया और एक अन्य ड्रग तस्कर, सईद अली मोहम्मद अल काफरी के साथ एक मामले में रिमांड पर लिया।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.